सुप्रभात

रांची, सोमवार

07.08.2023

नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net श्रावण (मलमास), कृष्ण पक्ष, सप्तमी, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 28

12 मां बनीं इलियाना डिक्रूज, बेटे की शेयर की तस्वीर

SURJABASHA

न्यूज डायरी

गिरिडीह हादसा: एक और की मौत, जांच के आदेश

रांची। शनिवार को रांची से गिरिडीह जा रही यात्री बस के बराकर नदी में गिरने से हुए हादसे में घायल एक और यात्री की रविवार को मौत हो गयी। शनिवार रात को हादसे में चार लोगों की मौत हो गयी थी। डीसी ने रविवार को पांच लोगों के मरने की पुष्टि करते हुए जांच के आदेश दिए हैं। एसडीएम और डीएसपी जांच रिपोर्ट 15 दिनों में सौपेंगे। मृतकों के परिजनों को मुावजा राशि सौंपी गयी।

चंद्रपुरा में आज योजनाओं का सीएम करेंगे शिलान्यास

रांची । सीएम हेमंत सोरेन सोमवार को चंद्रपुरा के तारानारी शनिचर बाजार स्थित मैदान में एक कार्यक्रम में भाग लेंगे। चंद्रपुरा प्रखंड में विभिन्न विभागों के योजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और परिसंपत्ति वितरण समारोह में भाग लेंगे। सीएम के साथ मंत्री मंत्री बेबी देवी भी रहेंगी। सीएम के आगमन को लेकर सभी तैयारी पूरी कर ली गयी है।

ज्ञानवापी सर्वे : मंदिर शैली के कई प्रतीक भी मिले

वाराणसी। ज्ञानवापी परिसर में रविवार को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआइ) का चौथे दिन का सर्वे पूरा हो गया। वहां सर्वे टीम को मंदिर शैली के कई चिह्न मिले। दोनों पक्षों को बुला कर व्यास तहखाने का ताला खुलवाया।

दिनदहाड़े जेवर दुकान से 70 लाख की लूट

सरायकेला। सरायकेला-खरसावां जिले के आदित्यपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गम्हरिया के लाल बिल्डिंग चौक के समीप स्थित ईश्वर लाल ज्वेलरी दुकान में तीन नकाबपोश हथियारबंद अपराधियों ने रविवार पूर्वाह्न करीब 11 बजे 70 लाख के आभूषण लूट लिये। बताया जा रहा है कि शादी के गहने खरीदने के नाम पर अपराधी दुकान में घुसे थे।

डोभा में डूबने से सगे भाई-बहन की मौत

देवघर। मोहनपुर प्रखंड के रिखिया थाना क्षेत्र के जियापानी गांव में रविवार को एक ही परिवार के दो बच्चों की डोभा में डूबने से मौत हो गयी। उनकी पहचान राजेंद्र यादव की पुत्री प्रियंका कुमारी (9) और पुत्र प्रिंस कुमार (6) के रूप में हुई। राजेंद्र यादव के घर से महज 400 मीटर की दूरी पर डोभा है, जहां पर गांव के सभी बच्चे खेलने जाते थे। दोनों भाई-बहन खेलने गये थे, इसी दौरान हादसा हो गया।

ऑस्कर में पहुंची शार्ट फिल्मा चंपारण मटन

पटना। शॉर्ट फिल्म चंपारण मटन इन दिनों सुर्खियों में है। फिल्म ऑस्कर के स्टूडेंट एकेडमी कैटेगरी में सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है और इस वजह से हर किसी की नजर इस मूवी पर है।

गहना आभूषण

सोना (बिक्री) : 56,400 रु./10 ग्राम

चांदी : 75,000 रु./प्रति किलो

मोदी ने रखी 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला, कहा

विपक्ष कर रहा नकारात्मक राजनीति

एजेंसी

नयी दिल्ली। पीएम मोदी ने रविवार को कहा कि विपक्ष सिर्फ नकारात्मक राजनीति कर रहा है। ये खुद न काम करते हैं और न दूसरे को करने देते हैं। विपक्ष ने नयी संसद भवन बनाने का विरोध किया। नेशनल वार मेमोरियल की आलोचना करते हुए इन्हें शर्म नहीं आयी। रविवार को देशभर के 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्निमाण की आधारशिला रखते हुए पीएम मोदी ने विपक्ष की नकारात्मक राजनीति पर जमकर हमला बोला। पीएम ने रेलवे के क्षेत्र में 9 साल में अपनी सरकार द्वारा किये गये काम गिनाये। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकसित किये जाने वाले ये स्टेशन 27 राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों में फैले हैं। अमृत भारत स्टेशन भारतीय रेल के कायाकल्प की दिशा में किये जा रहे प्रयासों को नयी ऊंचायी प्रदान करेंगे।

नरेंद्र मोदी ने कहा, हमारे देश में विपक्ष का एक धड़ा आज भी पुराने धड़े पर चल रहा है। वे खुद तो कुछ करेंगे नहीं और किसी को कुछ करने भी नहीं देंगे। न काम करेंगे न करने देंगे। इस रवैया पर अड़े हुए हैं। देश ने आज की और भविष्य की चिंता करते हुए संसद की आधुनिक इमारत बनवायी। संसद देश के लोकतंत्र की प्रतीक होती है। उसमें सत्ता पक्ष और विपक्ष सबका प्रतिनिधित्व होता है, लेकिन विपक्ष के इस धड़े ने संसद की नयी इमारत का भी विरोध किया है।

देश हर बुराई के खिलाफ क्विट इंडिया के पक्ष में

मोदी ने विपक्ष पर 'नकारात्मक राजनीति' करने का आरोप लगाते हुए कहा कि 'क्विट इंडिया मूवमेंट से प्रेरित होकर पूरा देश आज 'भ्रष्टाचार, वंशवाद और तुष्टिकरण-' क्विट इंडिया का समर्थन कर रहा है। विपक्षी दलों के गठबंधन आइएनडीआइए पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा, अगस्त का महीना क्रांति का महीना है। 9 अगस्त को ऐतिहासिक क्विट इंडिया मूवमेंट की शुरूआत हुई थी। उस आंदोलन ने स्वतंत्रता की तरफ भारत के कदमों में नयी ऊर्जा पैदा कर दी थी। इसी से प्रेरित होकर आज पूरा देश हर बुराई के लिए कह रहा है क्विट इंडिया।

विपक्ष को शर्म तक नहीं आयी : पीएम ने कहा, हमने कर्तव्य पथ का विकास किया तो उसका भी विरोध किया गया। इन लोगों ने 70 साल तक देश के वीर सैनिकों के लिए युद्ध स्मारक तक नहीं बनवाया। जब हमने नेशनल वार मेरोरियल बनवाया तो इसकी भी सरेआम आलोचना करते हुए शर्म नहीं आयी। उन्होंने कहा, सरदार पटेल का स्टैच्यू ऑफ यूनिटी आज दुनिया की सबसे बड़ी मूर्ति है। हर हिन्दुस्तानी को इसपर गर्व होता है।

(शेष पेज 11 पर)

विश्वस्तरीय बनेंगे झारखंड के 20 स्टेशन

रांची। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पीएम मोदी ने झारखंड के 20 स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखी। इस योजना के तहत झारखंड के ये 20 स्टेशन विश्वस्तरीय बनेंगे। इस दौरान सभी 20 स्टेशनों पर कार्यक्रम आयोजित किये गये। हटिया स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ,सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, पूर्व सांसद कड़िया मुंडा, राज्य सरकार के मंत्री चंपई सोरेन सहित कई लोग मौजूद रहे। इस योजना स्टेशनों पर सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। स्टेशन भवनों का डिजाइन स्थानीय संस्कृति, विरासत और वास्तुकला से प्रेरित होगा। शहर के दोनों किनारों को समुचित रूप से जोड़ते हुए स्टेशनों को 'सिटी सेंटर' के रूप में विकसित किये जायेंगे। यह आसपास के क्षेत्र पर केंद्रित शहर के समग्र शहरी विकास के विजन से प्रेरित है। पीएम ने इन स्टेशनों के जीर्णोद्धार का ऑनलाइन शिलान्यास किया।

इन स्टेशनों का होगा जीर्णोद्धार

रांची के अलावा झारखंड के बरकाकाना, डाल्टनगंज, बोकारो स्टील, गोमो, चंद्रपुरा, गढ़वा, घाटशिला,कोडरमा, कतरासगढ़, कुमारधुबी, लातेहार, मनोहरपुर, गढ़वारोड़ जं, हजारीबाग रोड, नगर उंटारी, पारसनाथ, राजखरसावां और साहिबगंज उन 20 स्टेशनों में शामिल है, जिसके जीर्णोद्धार का पीएम मोदी ने आनलाइन शिलान्यास किया। इन सभी स्टेशनों पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

रेलवे के नये अध्याय की शुरुआत

इससे पहले पीएम मोदी ने कहा कि विकसित होने के लक्ष्य की तरफ कदम बढ़ा रहा भारत अपने अमृतकाल के प्रारंभ में है। इसी आलोक में आज भारतीय रेल के इतिहास में भी एक नये अध्याय की शुरुआत हो रही है। आज 508 अमृत भारत स्टेशनों के पुनर्निर्माण का काम शुरू हो रहा है, जिसपर करीब 25 हजार करोड़ रुपए खर्च किये जायेंगे। सरकार का प्रयास अब ट्रेन से लेकर स्टेशन तक एक बेहतर अनुभव देने का है। इन स्टेशनों को विस्वस्तीय बनाने की योजना है। आज देश के हजारों स्टेशनों पर मुफ्त वाइफाई की सुविधा है। इस मुफ्त इंटरनेट का देश के युवा लाभ उठाया है। पढ़ाई करके वो अब अपने जीवन में सिद्धियां प्राप्त कर चुके हैं। देश का लक्ष्य हर व्यक्ति और नागरिक के लिए रेल यात्रा को आरामदायक और संतोषजनक बनाना है। समय के साथ अब रेलवे स्टेशन हर्ट ऑफ द सिटी बन गये हैं। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकसित किये जाने वाले ये स्टेशन 27 राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों में फैले हैं। अमृत भारत स्टेशन भारतीय रेल के कायाकल्प की दिशा में किये जा रहे प्रयासों को नयी ऊंचायी प्रदान करेंगे। शहर के दोनों किनारों को समुचित रूप से जोड़ते हुए स्टेशनों को 'सिटी सेंटर' के रूप में विकसित किये जायेंगे। यह एकीकृत दृष्टिकोण रेलवे स्टेशन के आसपास के क्षेत्र पर केंद्रित शहर के समग्र शहरी विकास के विजन से प्रेरित है।

मुख्यमंत्री ने दी एसइ पर मामला दर्ज करने की मंजूरी

भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस पर सीएम अडिग

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस पॉलिसी पर अडिग है। इस पर अमल करते हुए भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर लगातार एक्शन में है। इसी सिलसिले में उन्होंने पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल हजारीबाग के अधीक्षण अभियंता(एसइ) अनिल कुमार सिंह के विरुद्ध मामला दर्ज करने की सीएम ने अनुमति दे दी। आयकर विभाग ने आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने से संबंधित जांच प्रतिवेदन के आधार पर पीई दर्ज करने के की स्वीकृति मांगी थी। पिछले दिनों तलाशी अभियान में आयकर विभाग ने उनके यहां 406.28 लाख रुपये की चल-अचल संपत्ति मिली थी।

(शेष पेज 11 पर)

चालक चिल्लाता रहा लोग टमाटर लूट ले गये

हजारीबाग। जिले के चरही घाटी में रविवार की सुबह करीब पांच बजे टमाटर लदा एक पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गया। महंगे भाव होने के कारण वहां टमाटर लूटने के लिए भीड़ लग गयी। चालक और खलासी मदद की गुहार लगाते रहे, पर लोग टमाटर लूटने में लगे रहे। टमाटार नहीं लूटने के आग्रह का लोगों पर कोई असर नहीं पड़ा।

माही रेस्टोरेंट के मालिक की हत्या

ग्राहक बन आये अपराधियों ने रोशन साव को मारी तीन गोली

खबर मन्त्र संवाददाता

भुरकुंडा (रामगढ़)। बासल थाना क्षेत्र के गेगदा में रविवार की देर शाम तीन अपराधियों ने माही रेस्टोरेंट के मालिक रोशन साव की गोली मारकर हत्या कर दी। उन्हें अपराधियों ने तीन गोली मारी। गंभीर रूप से घायल रोशन साव को आनन फानन में अस्पताल भेजा गया। अस्पताल पहुंचने के दौरान में ही उनकी मौत हो गयी। मामले के छानबीन में बासल और पतरातु पुलिस गयी है। बताया जाता है कि शाम सात बजे के बाद एक ही बाईक पर तीन अपराधी होटल आये। अपराधियों ने रोशन कुमार पर दनादन फायरिंग शुरू कर दी। खुद को बचाने के लिए वह करीब सौ मीटर तक भागे, पर वहां झाड़ियों में गिर पड़े। अपराधियों ने उसके सीने और माथे में गोली मर दी। उनकी मौत से क्षेत्र के दहशत है। पुलिस प्रशासन पर भी लोगों का गुस्सा नजर आ रहा है। इधर मामले में पतरातू एसडीपीओ डॉ वीरेंद्र कुमार चौधरी ने कहा कि तीन अपराधियों ने माही होटल में घुस कर मालिक को गोली मार दी। उन्हें गंभीर अवस्था में रामगढ़ सदर अस्पताल लाया गया, पर चिकित्सकों ने मृत बताया। मौके पर भुरकुंडा ओपी प्रभारी अमित कुमार, भदानीनगर ओपी प्रभारी राजदीप कुमार दल बल के साथ पहुंच गये हैं। पुलिस इसे गंभीरत से ले कर छानबीन में जुट गयी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर अपराधियों की जानकारी जुटाने में लगी है। हत्या किन वजहों से की गयी, इसका पता नहीं चल पाया है।

दो दिनी आदिवासी महोत्सव में दिखेगी झारखंड की सतरंगी छटा

रांची। भगवान बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान में 9 एवं 10 को होनेवाले आदिवासी महोत्सव की तैयारी रिमझिम बारिश के बीच जोरों पर है। कला, संस्कृति के अनुपम संगम स्थल पर आदिवासी आन-बान और शान का गौरवशाली इतिहास और भव्यता को प्रदर्शित करता स्मृति उद्यान स्थल पल -पल प्रतिपल आकार ले रहा है। आदिवासी महोत्सव में झारखंडी खान पान, परिधान फैशन शो, आदिवासी व्यंजन के स्टॉल एवं विविध जनजातीय सांस्कृतिक संध्या आदि कार्यक्रमों की बानगी छटा बिखेरती नजर आयेगी। सावन मास के रिमझिम फुहारों के बीच इस कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए दिन- रात काम चल रहा है। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर झारखंड आदिवासी महोत्सव 2023 में भगवान बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान सह स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय इतिहास रचने जा रहा है। समारोह में 30 सामाजिक संगठन शामिल होंगे। इसके मद्देनजर रविवार को विश्व आदिवासी दिवस की तैयारी को लेकर बैठक में कई निर्णय लिये गये। समारोह में 30 सामाजिक संगठन संयुक्त रूप शामिल होंगे।

पाकिस्तान में ट्रेन हादसा, 30 की मौत

कराची। पाकिस्तान के सिंध प्रांत में रविवार को एक एक्सप्रेस ट्रेन के कई डिब्बे पटरी से उतर जाने से 30 लोगों की मौत हो गयी और करीब 100 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हजारा एक्सप्रेस नामक उक्त ट्रेन कराची से रावलपिंडी जा रही थी। कराची से 275 की दूर यह ट्रेन नवाबशाह जिले में सरहरी रेलवे स्टेशन के पास पटरी से उतर गयी। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, हताहतों की संख्या की पुष्टि करते हुए, बेनजीराबाद डिवीजन के आयुक्त ने कहा कि कई यात्री अभी भी बोगी में फंसे हुए हैं।

प्रदेश भाजपा के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के समापन में बोले बाबूलाल

लड़ाई अब परिवारवाद और राष्ट्रवाद के बीच है

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। भाजपा प्रदेश प्रशिक्षण विभाग की ओर से जिला परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों केलिये आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर रविवार को मधुबन, गिरिडीह में संपन्न हुआ। समापन सत्र को संबोधित करते हुये भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि लोकतंत्र में जनता भगवान है। चुनाव के वक्त भगवान के दरबार में अच्छे संकल्प की सिद्धि केलिये गुहार लगानी पड़ती है। उन्होंने कहा कि जनता के दरवाजे पर पार्टी की नीतियों,कार्यक्रमों को लेकर बार बार जायेंगे। उन्होंने झारखंड के 14 लोकसभा सीट पर जीत सुनिश्चित कराने का आह्वान किया। साथ ही कहा कि आगामी लड़ाई परिवारवाद और राष्ट्रवाद के बीच है। समापन समारोह में संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि भाजपा में प्रशिक्षण कार्यकर्ता निर्माण की पद्धति है, जिससे एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक कार्यकर्ता का भी निर्माण होता है। उन्होंने प्रशिक्षण में सभी लोगों को पार्टी की नीतियों कार्यक्रमों को जनता के बीच लेकर जाने का आह्वान किया।

(शेष पेज 11 पर)



पुलिस महानिदेशक ने हजारीबाग समाहरणालय में की समीक्षा बैठक

जिलों में सक्रिय टॉप 10 अपराधियों को तुरंत करें गिरफ्तार : अजय कुमार सिंह

अवैध खनन पर रोक लगाने और कार्रवाई करने का दिया निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। डीजीपी अजय कुमार सिंह ने हजारीबाग प्रक्षेत्र में सक्रिय शीर्ष 10 अपराधियों को तुरंत गिरफ्तार करने का निर्देश दिया है। डीजीपी ने रविवार को हजारीबाग समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान कही। डीजीपी की अध्यक्षता में रविवार को हजारीबाग रेंज के डीआईजी और और एसपी (चतरा, कोडरमा गिरिडीह रामगढ़ और हजारीबाग) के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी। बैठक के दौरान हजारीबाग रेंज में अपराध नियंत्रण और विधि-व्यवस्था बनाए रखने और नक्सलियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियानों पर समीक्षा की गई। इस दौरान डीजीपी ने संगठित रूप से किये जाने वाले अवैध उत्खनन (कोयला, आयरन और बालू और पत्थर) पर रोक लगाने और उसपर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने एनटीपीसी के क्षेत्रों में लाइट और सीसीटीवी कैमरा भी लगाने की बात कही। इस बैठक के दौरान एडीजी मुख्यालय एडीजी अभियान, आईजी अभियान समेत कई वरीय पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

हजारीबाग प्रक्षेत्र के पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करते डीजीपी और अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी।

आपराधिक कांडों और उसके निष्पादन पर की गयी चर्चा

डीजीपी ने हत्या, डकैती, लूट, चोरी, गृहभेदन, स्नेचिंग, आर्म्स एक्ट, फिरौती के लिए अपहरण, संगठित अपराधिक गिरोह द्वारा रंगदारी, बलात्कार, पोक्सो एक्ट एवं अनुसूचित जाति/ जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्रतिवेदित कांडों और उसके निष्पादन पर चर्चा की। अपराध नियंत्रण के लिए संगठित आपराधिक गिरोहों के सरगना और उसके सदस्यों को चिन्हित करते हुए सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जमानत पर छूटे अपराधकर्मियों के वर्तमान गतिविधि पर लगातार निगरानी रखते हुये सीसीए के प्रावधानों के तहत कार्रवाई करने को कहा।

नक्सल अभियान की समीक्षा की गयी

डीजीपी ने अगल अलग नक्सली संगठनों के खिलाफ अभियान पर चर्चा की। नक्सलियों की चल और अचल संपत्तियों की जब्ती के प्रस्तावों की स्थिति फरार नक्सली कमांडरों के खिलाफ इनाम घोषणा के प्रस्तावों की स्थिति, पांच वर्ष और दस वर्ष से अधिक अवधि से लंबित मामलों की समीक्षा की गई।

जेल में बंद अपराधकर्मियों पर निगरानी का आदेश

डीजीपी ने जेल में बंद अपराधकर्मियों पर निगरानी रखने का निर्देश दिया है, ताकि उसके द्वारा जेल से मोबाईल से आपराधिक गिरोह का संचालन नहीं किया जा सके। जेल से छूटे अपराधकर्मियों का बेल कैन्सिलेशन कराने और स्पीडी ट्रायल कर अपराधियों को सजा दिलाने को कहा। बैठक में जिला के लंबित वारंट कुर्की का त्वरित गति से निष्पादन करने के लिए सभी एसपी को आदेश दिया गया। वहीं अभियान चलाकर वारंटियों को गिरफ्तार करने को कहा।

आपराधिक घटनाओं में हजारीबाग जिला टॉप पर, रांची दूसरे नंबर पर

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड के अन्य रेंज की तुलना में हजारीबाग रेंज में सबसे अधिक आपराधिक घटनाएं घटित हुई है। स्टेट क्राइम रिकॉर्ड (एसआरइबी) ब्यूरो की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले एक महीने के दौरान हजारीबाग रेंज में 1653 अपराधिक घटनाएं हुई हैं, जबकि रांची रेंज में 1123, कोल्हान रेंज में 672, बोकारो रेंज में 885, पलामू रेंज में 669 और संथाल परगना रेंज में 982 अपराधिक घटनाएं हुई ह।

बता दें कि इन आपराधिक घटनाओं में हत्या, डकैती, लूट, गृहभेदन, चोरी, दंगा, अपहरण, दुष्कर्म, आर्म्स एक्ट, नक्सल समेत अन्य मामले शामिल हैं।

हजारीबाग रेंज में 1653 आपराधिक घटनाएं

हत्याः 36	दुष्कर्मः41	669 आपराधिक घटनाएं	चोरीः 89
डकैतीः 02	आर्म्स एक्टः12	हत्याः 25	दंगाः02
लूटः 13	नक्सलः 00	डकैतीः 02	अपहरणः 19
गृहभेदनः 26	अन्यः 688	लूटः 09	दुष्कर्मः21
चोरीः 123	कुलः 1123	गृहभेदनः 06	आर्म्स एक्टः10
दंगाः110	बोकारो रेंज में हुई 886 आपराधिक घटनाएं	चोरीः 48	नक्सलः 09
अपहरणः 30	हत्याः 20	दंगाः42	अन्यः 476
दुष्कर्मः45	डकैतीः 02	अपहरणः 18	कुलः 672
आर्म्स एक्टः05	लूटः 08	दुष्कर्मः29	संथाल परगना रेंज में 982 घटनाएं
नक्सलः 06	गृहभेदनः 38	आर्म्स एक्टः08	हत्याः 37
अन्यः 1258	चोरीः 153	नक्सलः 01	डकैतीः 04
कुलः 1653	दंगाः06	अन्यः 481	लूटः 08
रांची रेंज में हुई 1123 आपराधिक घटनाएं	अपहरणः 18	कुलः 669	गृहभेदनः 30
हत्याः 36	दुष्कर्मः19	कोल्हान रेंज में हुई 672 आपराधिक घटनाएं	चोरीः 103
डकैतीः 00	आर्म्स एक्टः08	हत्याः 22	दंगाः39
लूटः 18	नक्सलः 02	डकैतीः 00	अपहरणः 52
गृहभेदनः 57	अन्यः 611	लूटः 05	दुष्कर्मः22
चोरीः 242	कुलः 885	गृहभेदनः 19	आर्म्स एक्टः10
दंगाः07	पलामू रेंज में हुई		नक्सलः 08
अपहरणः 22			अन्यः 677

सभी विश्वविद्यालयों से राजभवन ने मांगा प्रत्येक माह के खर्च का हिसाब

रांची। राज्य के सभी विश्वविद्यालयों से राजभवन ने प्रत्येक माह के खर्च का हिसाब मांगा है। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के निर्देश पर उनके प्रधान सचिव डॉ नितिन मदन कुलकर्णी ने सभी विश्वविद्यालय के कुलपति को पत्र भेज दिया है। इस पत्र के माध्यम से उन्होंने कहा है कि विश्वविद्यालयों में किये जा रहे खर्च का मासिक प्रतिवेदन राजभवन को प्रत्येक माह की पांच तारीख तक अवश्य उपलब्ध करायें। इसके अलावा सभी विश्वविद्यालय से शिक्षकों की प्रोन्नति वर्षों से लंबित रहने का कारण पूछा गया है। राज्यपाल के प्रधान सचिव ने विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार से पूछा कि असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों से एसोसिएट प्रोफेसर, रीडर तथा प्रोफेसर के पदों पर प्रोन्नति के कई मामले वर्षों से लंबित हैं। इसे लेकर सवाल किया गया है कि प्रोन्नति लंबित रहने के स्पष्ट कारण बताए जायें। डॉ नितिन मदन कुलकर्णी के अनुसार उन्हें पिछले दिनों में विश्वविद्यालय में कुछ चीजों में अत्यधिक व्यय किये जाने के संबंध में शिकायत पत्र प्राप्त हुई है। इसके बाद उसकी समीक्षा की गयी, जिसमें इसकी पुष्टि भी हुई है।

खबर एक नजर में

झारखंड पुलिस की 128 लिपिकों की परीक्षा 25 अगस्त को हजारीबाग में

रांची। झारखंड पुलिस के 128 लिपिकों का लेखा परीक्षा होगा। इसको लेकर आईजी ट्रेनिंग ने आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि लेखा परीक्षा में शामिल होने के लिए राज्य के सभी जिला, वाहिनी और इकाई से आवेदन पत्र की मांग की गयी थी। प्राप्त आवेदन के आधार पर 128 लिपिकों की परीक्षा 25 अगस्त को झारखंड पुलिस अकादमी हजारीबाग में आयोजित की जाएगी।

बिहार की तर्ज पर झारखंड में भी राज्य सरकार कराये जातीय जनगणना : राजेश गुप्ता

रांची। झारखंड सरकार ने जातीय जनगणना करने की मंशा जाहिर की है। इसके लिए राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को आभार। परंतु राज्य सरकार बिहार की तर्ज पर शीघ्र ही राज्य में जातीय जनगणना कराये तथा केंद्र सरकार पर देश में राष्ट्रीय स्तर पर जातीय जनगणना कराने का भी दबाव बनाये। यह बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने प्रदेश कार्यालय में कही। उन्होंने मुख्यमंत्री से यह भी मांग किया है कि सात जिले में ओबीसी आरक्षण शून्य है। वहां पर तत्काल आरक्षण बढ़ाई जाये तथा राज्य में ओबीसी का लागू 14 प्रतिशत आरक्षण को राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अनुशंसा के अनुसार 50 प्रतिशत करने की अनुशंसा महामहिम राज्यपाल को भेजी जाये। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने राज्य में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ईडब्ल्यूएस की आरक्षण उनके जनसंख्या के बराबर करने के उदेश्य से यह मांग की है।

कांग्रेस के सोशल मीडिया के स्टेट कोऑर्डिनेटर गजेंद्र सिंह ने राष्ट्रीय संयोजक से मुलाकात की

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सोशल मीडिया के स्टेट कॉर्डिनेटर गजेंद्र सिंह रविवार को दिल्ली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सोशल मीडिया विभाग के दो नवनियुक्त राष्ट्रीय संयोजक प्रणव वछराजानी एवं रुचिरा चतुर्वेदी से मुलाकात की और नयी जिम्मेदारी के लिए उनको बधाई दी। राज्य में सोशल मीडिया के द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी। गजेन्द्र सिंह ने कहा कि 2024 के चुनाव में सोशल मीडिया का महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। झारखंड प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया के तत्वधान में प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें झारखंड के तमाम जिले के सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर प्रशिक्षण शिविर में शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से जिला कोड नेटवर्क को पूर्णरूपेण सशक्त बनाया जाएगा ताकि आने वाले चुनावों में वह अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकें।

गिरिडीह बस दुर्घटना से मन द्रवित, घायलों का हो उचित इलाज : चंद्रप्रकाश चौधरी

रांची। आजसू सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने गिरिडीह जा रही बस के बराकर नदी में गिरने से पांच लोगों की हुई मौत पर दुःख जताया है। उन्होंने मृतकों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुये ईश्वर से दिवंगत की आत्मा की शांति व परिजनों को इस दुःख की घड़ी ताकत प्रदान करने की प्रार्थना की है। उन्होंने कहा कि इस घटना से मन व्यथित है। बस में सवार कई लोग घायल हो गये हैं। अपने संसदीय क्षेत्र में हुई इस बस दुर्घटना के तुरंत बाद उन्होंने राज्य सरकार के आला अधिकारियों से घायलों का समुचित इलाज कराने और राहत व बचाव कार्य तेजी से करने के संदर्भ में बात की। साथ ही, उन्होंने जिले के अधिकारियों से भी बात की है। उन्होंने राज्य सरकार से मरने वालों के परिजनों को मुआवजा व घायलों को आर्थिक सहायता देने की मांग भी की है।

15 अगस्त को घरों में तिरंगा लगायें : रघुवर दास

हर घर तिरंगा अभियान का किया शुभारंभ

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने कहा है कि 15 अगस्त को सभी अपने-अपने घरों में तिरंगा लगायें। श्री दास रविवार को संजय कुमार जायसवाल के नेतृत्व में हर घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ कर रहे थे। दरअसल, प्रधानमंत्री के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत झारखंड के युवा कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। श्री दास ने इस अभियान की शुरूआत युवाओं को झंडा प्रदान कर किया। उन्होंने कहा कि इस अभियान से लोगों में राष्ट्रीयता की भावना और प्रगाढ़ होगी। हमें आजादी के लिए लड़ने का अवसर तो नहीं मिला। लेकिन देश के लिए कुछ करने का अवसर अवश्य मिला है। इस अवसर पर संजय जायसवाल, पूर्व विधायक प्रकाश राम, टुनटुन सिंह, शुभम जायसवाल, तरुण जायसवाल, आशीष कुमार, अभिषेक कुमार, अशेष मिश्रा, कुमकुम गुप्ता, प्रिंस यादव, अंकित राज, विपिन राजपूत, सत्या सिंह, अंकित सोनी, अभिषेक सिंह, मनीष सिंह, किशन महतो, रोहित साहू, शिवानन्द, सन्नी तिवारी, केशव जयसवाल उपस्थित थे।

गृह विभाग ने संबंधित जिलों के उपायुक्तों को मुआवजा भुगतान का दिया निर्देश

पुलिस हिरासत में मरने वाले दो लोगों के परिजनों को राज्य सरकार देगी मुआवजा

गृह सचिव ने जारी किया आदेश

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड पुलिस की हिरासत में मरने वाले दो लोगों के परिजनों को गृह विभाग मुआवजा देगा। गृह विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। धनबाद जिले में पुलिस हिरासत में मरने वाले उमेश सिंह के परिजन को पांच रूपये लाख मुआवजा दिया जायेगा। वहीं गिरिडीह सरिया थाना में आत्महत्या करने वाले ट्रक चालक मो. शकील के परिजन को तीन लाख मुआवजा मिलेगा। गृह सचिव अविनाश कुमार ने दोनों जिले के डीसी को मुआवजा देने का निर्देश दिया है।

उमेश सिंह की पुलिस हिरासत में हुई थी मौत

धनबाद के घनुडीह ओपी प्रभारी हरिनारायण राम के निर्देश पर घनुडीह चौकी के मुंशी पवन सिंह ने जून 2015 में उमेश सिंह को हिरासत में लिया था। उमेश सिंह जब अगले दिन सुबह में घर नहीं लौटे तो परिजनों ने उसकी तलाश की। इसके बाद घनुआडीह जोरिया के पास उसका शव मिला था। उस समय उसने सिर्फ अंडरगारमेंट्स पहना था। उमेश सिंह के शरीर पर चोट के कई निशान भी थे। वहीं उसकी शर्ट पुलिस स्टेशन के लॉकअप में मिली थी। मृतक की पत्नी बबीता देवी ने झरिया पुलिस स्टेशन में हरिनारायण राम, सतेंदर कुमार, पवन सिंह सहित अज्ञात पुलिस अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी थी लेकिन अनुसंधानकर्ता ने डेढ़ साल से अधिक समय तक याचिकाकर्ताओं का बयान भी दर्ज नहीं किया। बाद में मामले की जांच सीआइडी से करायी गयी। जिसमें सीआइडी ने पुलिस अधिकारियों को दोषमुक्त कर दिया था।

दिल्ली के ट्रक चालक ने सरिया थाने में कर ली थी आत्महत्या

20 फरवरी 2019 को हुई थी घटना

गिरिडीह जिले के सरिया थाना हाजत में 20 फरवरी 2019 को दिल्ली के ट्रक चालक मो. शकील ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। सरिया थाना क्षेत्र स्थित बागोडीह गांव में वरूण सिंह के छत पर उसे संदिग्ध अवस्था में देखा गया था। जिसके बाद ग्रामीणों ने पकड़कर उसकी पिटाई की थी। इसके बाद सरिया थाना को मामले की जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर थाना ले आयी थी।

अध्यक्ष शिबू सोरेन ने जारी किया पत्र

झामुमो में उपाध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष और कार्यकारिणी समिति की हुई घोषणा

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने हरमू में आयोजित 12वें केंद्रीय महाधिवेशन के बाद अधिकारियों व कार्यकारिणी समिति के सदस्यों को मनोनीत किया है। उपाध्यक्ष पद पर नलिन सोरेन, प्रो स्टीफन मरांडी, चंपई सोरेन, रूपी सोरेन, मथुरा प्रसाद महतो, सविता महतो, सरफराज अहमद, वैद्यनाथ राम, महासचिव विजय सिंह, फागू बेसरा, विनोद कुमार पांडेय, सुप्रियो भट्टाचार्य, सीता सोरेन, दीपक बिरूआ, सुदिव्य कुमार सोनू, मिथिलेश कुमार ठाकुर, चमरा लिंडा, बाबूलाल सोरेन, सचिव योगेंद्र प्रसाद, नंदकिशोर मेहता, अभिषेक प्रसाद पिंटू, संजीव बेदिया, जोबा मांझी, संतोष रजवार, समीर मोहंती, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार पांडेय, प्रो अशोक कुमार सिंह, मनोज कुमार पांडेय, कार्यकारिणी सदस्य विजय हांसदा, महुआ मांजी, रविंद्रनाथ महतो, हेमलाल मुर्मू, लोबिन हेंब्रम, मोहन कर्मकार, कमल नयन सिंह, निरल पूर्ति, रामदास सोरेन, हिदायतुल्लाह खान, अमितेश सहाय, दशरथ गगराई, बसंत सोरेन, हफिजुल हसन, बेबी देवी, सुमलन महतो, निजामुददीन अंसारी, सुखराम उरांव, भूषण तिर्की, मंगल कालिंदी, जिग्गा सुसरण होरो, विकास सिंह मुंडा, संजीव सरदार, दिनेश विलियम मरांडी, राजू गिरी, गणेश चौधरी, मनोज यादव, अंजली सोरेन, परेश मरांडी व बिटटू मुर्मू को शामिल किया गया है। उक्त सूची अध्यक्ष शिबू सोरेन के हस्ताक्षर से निकली है।

बजरंग दल निकालेगा 300 स्थानों से शौर्य जागरण यात्रा, 2000 से अधिक होंगी सभाएं

देश के हिंदू युवाओं में समाज सेवा, देशभक्ति स्वावलंबन भाव जगाना जरूरी : मिलिंद परांडे

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। विश्व हिंदू परिषद के युवा शाखा बजरंग दल का राष्ट्रीय बैठक रविवार को हरमू रोड स्थित दिगंबर जैन भवन में संपन्न हुई। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय महामंत्री मिलिंद परांडे ने कहा आगामी 7 सितंबर को कृष्ण जन्माष्टमी के पावन दिवस पर वृहद कार्यक्रम होने वाला है। आगामी एक वर्ष में विश्व हिंदू परिषद एक लाख गांव तक संगठन विस्तार करने का लक्ष्य है। बजरंग दल का सेवा, सुरक्षा एवं संस्कार को ध्येय वाक्य मानकर हिंदू युवकों में समाज सेवक, देशभक्त, स्वावलंबी, कर्तव्यनिष्ठ बनाकर देश सेवा करने की भाव जगाता है। उन्होंने कहा कि समाज में बढ़ रही चुनौतियों के प्रति जागरण कर समस्या का निदान के लिए संघर्ष करता है। धर्म संस्कृति रक्षा, गोरक्षा, हिंदू कन्या रक्षा, मठ मंदिर सुरक्षा सहित अनेकानेक सेवा के कार्य करना बजरंग दल का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि 9 जून को घोषित मूलनिवासी-आदिवासी दिवस यूरोप-अफ्रीका में ईसाइयों के द्वारा वहां के स्थानीय जनजातियों को प्रताड़ना कर हत्या की स्वीकृति देकर उन्हें याद करने के उद्देश्य से घोषणा किया गया था।

भारत में रामायण, महाभारत काल में भी जनजाति, गिरीवासी, बनवासी, नगरवासी साथ-साथ जीने व रहने की परंपरा अपने शास्त्रों में बताई गई है। पुरुषोत्तम श्रीराम एवं माता शबरी, केवट आदि उस काल में एक साथ रहते थे, जो आज भी सभी हिंदू समाज एक साथ रहते आ रहे हैं। भारत में जनजातीय समाज के भगवान बिरसा मुंडा सहित अनेकों क्रन्तिकारी वीरों ने अपने धर्म संस्कृति के रक्षार्थ अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष में अपने को बलिदान किया। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर मनाये जाने वाले जनजातीय गौरव दिवस को ही मनाया जाना उचित है।

मणिपुर हिंसा मामले में उन्होंने कहा कि मणिपुर का संघर्ष हिंदू ईसाई के बीच नहीं है। बल्कि मैती एवं कुकी जनजाति के बीच का संघर्ष है। ईसाइयों एवं वामपंथियों ने इस पर नकारात्मक विमर्श खड़ा कर हिंदू समाज को बदनाम करने की साजिश रच रहा है। उन्होंने कहा कि आपसी मतभेद को भूलकर वहां शांति व्यवस्था अपनानी चाहिये।

इस अवसर पर सूर्य नारायण राव, आनंद पांडेय, रामस्वरूप रुंगटा, जनमेजय कुमार, तिलक राज मंगलम,डॉ बिरेन्द्र साहु, देवी सिंह,सुनील गुप्ता, रंगनाथ महतो, दीपक ठाकुर, संजय चौबे, अमित पासवान, प्रिंस अजमानी, प्रकाश रंजन, मिथिलेश्वर मिश्र, अरविंद सिंह, अरुण साहू,भोला लोहरा, मुकेश गिरी, सुभाष चटर्जी, रवि वर्मा सहित सभी राज्यों के 76 बजरंग दल प्रांत संयोजक-सहसंयोजक, 7 क्षेत्र संयोजक सहित कई स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित थे।

30 सितंबर से 14 अक्टूबर तक शौर्य जागरण यात्रा

बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक नीरज दोनेरिया ने कहा कि वर्तमान परिपेक्ष में ईसाइयत एवं मुस्लिम जेहादी मानसिकता का प्रतिकार करने के लिए समाज को संगठित होना ही एक विकल्प है। बजरंग दल कार्यकर्ताओं के द्वारा 30 सितंबर से 14 अक्टूबर तक संपूर्ण देश में शौर्य जागरण यात्रा निकालेगी जायेगी। इसमें देश के 300 स्थानों से प्रमुख यात्रा निकाली जायेगी। 2,000 से अधिक सभाएं होगी। उन्होंने कहा कि संपूर्ण देश में एक लाख बजरंग दल संयोजक बनाने की योजना है। 20 हजार सप्ताहिक मिलन केंद्र एवं 25 हजार बलोपासना केंद्र चलाया जायेगा। उन्होंने कहा कि विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल सदैव समाज की सेवा का करती है। विगत माह 9000 स्थानों पर श्मशान घाट में सफाई के साथ पौधारोपण किया गया, सैकड़ों मंदिरों में प्रतिमा स्थापित की गई।

झारखंड जदयू ने किया कमिटी का विस्तार

रांची के श्रवण कुमार, भगवान सिंह एवं संजय सिंह बने प्रदेश महासचिव

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड प्रदेश जनता दल यूनाइटेड ने कमिटी का विस्तार किया है। इस संबंध में रविवार को प्रदेश अध्यक्ष और सांसद खीरु महतो ने बताया कि फिलहाल प्रदेश पदाधिकारियों की प्रथम सूची जारी की गई है। इसमें 4 उपाध्यक्ष, 15 महासचिव, 20 सचिव, 3 प्रवक्ता और विभिन्न प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किए गए हैं। आगे और भी लोगों को संगठन में जोड़कर कमिटी का विस्तार किया जाएगा। खीरू महतो ने कहा कि झारखंड को तीन प्रभारी मिले हैं। सभी संगठन को मजबूत करने में जुटे हुए हैं। जिला से लेकर पंचायत तक संगठन को मजबूत करना है। पदाधिकारियों को जो दायित्व दिया गया है, उसका निर्वहन करने का निर्देश दिया गया है। सूची जारी करने के दौरान बिहार के विधान पार्षद और झारखंड जदयू के सह प्रभारी विजय कुमार सिंह, महासचिव श्रवण कुमार और प्रवक्ता सागर कुमार भी मौजूद रहे।

इन्हें मिली जिम्मेदारी : प्रदेश उपाध्यक्ष- कामेश्वर नाथ दास, पूर्व विधायक (देवघर), डॉ आफताब जमील (रांची), त्रिवेणी वर्मा (देवघर), कुमेश्वर महतो (रामगढ़) शामिल है।

प्रदेश महासचिव- श्रवण कुमार (रांची), भगवान सिंह (रांची), संजय कुमार सिंह(रांची), रामाकांत मंडल (रामगढ़), संजय ठाकुर (जमशेदपुर), मुन्ना मलिक (हजारीबाग), रुद्रकांत लाल दास (गिरिडीह), कौशल कुमार (जमशेदपुर), दीपनारायण सिंह (धनबाद), अंजलि सिंह (जमशेदपुर), रंजीत जयसवाल (दुमका), उपेंद्र नारायण सिंह (रांची), अभय महतो (लोहरदगा), जगदीश महतो (रामगढ़), राजू महतो(रामगढ़)।

प्रदेश प्रवक्ता- सागर कुमार, रेणु गोपीनाथ पणिकर, डॉ विनय भरत।

प्रदेश सचिव- लालचन महतो (रांची), जनकधारी मेहता (डालटेनगंज), डिंपल मुंडा (पश्चिमी सिंहभूम), वैद्यनाथ पासवान (रांची), राजेंद्र प्रसाद (साहिबगंज), राजू सिंह (धनबाद), मोहम्मद रकीब अंसारी (देवघर), बेनी माधव झा (देवघर), सरयू गोप (गिरिडीह), मिथिलेश सिंह (हजारीबाग), लकेश्वर मेहता (गिरिडीह), नंद कुमार निराला (चतरा), डॉ राज नारायण पटेल (पलामू), मनोज सिंह (बोकारो), प्रकाश महतो (लोहरदगा), रंजीत सिंह (धनबाद), सत्यप्रकाश (सरायकेला खरसावां), सुभाष राय (धनबाद), नागमणि सिन्हा (रांची), अर्जुन कुमार मेहता (हजारीबाग)।

विभिन्न प्रकोष्ठ अध्यक्ष : छात्र प्रकोष्ठ जदयू के प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार। छात्र जदयू प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मोहम्मद आसिफ इकबाल। अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जदयू के प्रदेश अध्यक्ष अख्तर हुसैन खान। रांची महानगर जदयू के महानगर अध्यक्ष अखिलेश कुमार राय। अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ जदयू के प्रदेश अध्यक्ष बीरेंद्र पासवान को बनाया गया है।

राजधानी के भू-माफियाओं के पास कहां से आए हथियार, रांची पुलिस करेगी जांच

आर्म्स मॉडिफाई करने वाले पुलिस के राडार पर, नागालैंड जैसे राज्यों से बन रहे हैं फर्जी लाइसेंस

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राजधानी रांची में भू-माफियाओं और जमीन दलालों के पास रखे गए हथियार की जांच अब रांची पुलिस करेगी। एसएसपी किशोर कौशल ने इस संबंध में राजधानी के थानेदारों को जमीन माफियाओं की सूची बनाकर उनके हथियार व लाइसेंस जांच करने का निर्देश दिया है। एसएसपी को कुछ लोगो के पास फर्जी आर्म्स लाइसेंस होने की सूचना प्राप्त हुई है। एसएसपी का कहना है कि इन भूमि माफियाओं के पास नागालैंड जैसे राज्यों से यह आर्म्स लाइसेंस जारी किये गए हैं। उन्हीं आर्म्स लाइसेंस के जरिये कुछ लोगों ने हथियार भी खरीद लिया है।

लोगों को डराने के लिए किया जाता है हथियारों को मॉडीफाई दरअसल जब राइफल जैसे हथियारों को मॉडिफाई कर दिया जाता है तो वह और भी खतरनाक दिखते हैं, जब उन्हें लेकर जमीन माफिया और जमीन दलाल किसी स्थान पर दादागिरी करने जाते हैं तो लोग उन हथियारों को देखकर डर जाते हैं। एसएसपी ने रांची के सभी थानेदारों को यह निर्देश दिया है कि वे सभी लाइसेंस वाले हथियार भी चेक करें अगर उन्हें मॉडिफाई किया गया है तो उन्हें जब्त कर आगे की कार्रवाई करें।

छोटू टोप्पो के पास मिला था मॉडीफाई हथियार : गौरतलब हो कि माकपा नेता सुभाष मुंडा के हत्याकांड में गिरफ्तार छोटू के पास से भी मॉडिफाई हथियार बरामद किया गया था। उसी हथियार के बल पर छोटू और उसके आदमी जमीन पर कब्जा किया करते थे। पुलिस ने छोटू के घर से तीन हथियार जब्त किया गया है। पुलिस ने आशंका जताई है कि तीनों हथियारों के लाइसेंस भी फर्जी है।

> राजधानी रांची में बड़े पैमाने पर दूसरे राज्यों में बने आर्म्स लाइसेंस के जरिए हथियार खरीदने की सूचना है. पुलिस के जांच में यह बात सामने आई है कि दूसरे राज्यों से बने ज्यादातर आर्म्स लाइसेंस फर्जी हैं। फर्जी आर्म्स लाइसेंस के आधार पर ही धड़ल्ले से राजधानी में हथियार खरीदे जा रहे हैं। पुलिस को निर्देशित किया जा रहा है कि ऐसे हथियारों को वेरीफाई कर कार्रवाई करें।
>
> किशोर कौशल, एसएसपी, रांची

17 स्थानों पर बनाये जायेंगे पुलिस पोस्ट

राजधानी रांची बनेगी सुरक्षित तैयार किया जा रहा सुरक्षा घेरा

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राजधानी रांची में अपराध पर लगाम लगाने के लिए रांची पुलिस ने आउटर रांची को सेफ बनाने के लिए 17 पुलिस पोस्ट बनाने का निर्णय लिया है। इसके लिए तैयारियां भी शुरू कर दी गई है और जगह को चिन्हित कर लिया गया है।

आउटर रांची में बनाए जाएंगे 17 पुलिस पोस्टः राजधानी में क्राइम कंट्रोल के लिए शहर के बाहरी भाग में सुरक्षा घेरा तैयार हो रहा है। इसके लिए शहर के बाहरी इलाकों में 17 स्थानों को चिन्हित किया गया है, जहां पुलिस पोस्ट बनाया जाएगा। पोस्ट पर पुलिस की चेकिंग की व्यवस्था 24 घंटे रहेगी। पोस्ट पर तीन या उससे ज्यादा जवान तैनात रहेंगे। इसके लिए प्लानिंग पूरी कर ली गई है। रांची पुलिस ने इस संबंध में प्रस्ताव तैयार कर पुलिस मुख्यालय को भेज दिया है। पुलिस मुख्यालय से मंजूरी मिलते ही पोस्ट के निर्माण का काम शुरू कर दिया जाएगा। फिलहाल वैकल्पिक रूप से रांची के आउटर इलाके में रात में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

क्या होगा फायदा

रांची पुलिस ने पुलिस मुख्यालय से अतिरिक्त बल की डिमांड की है। रांची पुलिस के द्वारा अगर आउटर रांची में 17 पोस्ट का निर्माण करा लिया जाता है तो अपराधिक घटनाओं में कमी आ सकती है। अपराधी घटना को अंजाम देकर रांची से दूसरे जिलों में भाग जाते हैं, लेकिन बाहरी क्षेत्रों में चेकिंग की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण पुलिस वाले फरार हो रहे अपराधियों को पकड़ नहीं पाते। ऐसे में अगर सभी 17 आउटर पोस्ट काम करने लगेंगे तो अपराधियों की धर-पकड़ में काफी मदद मिलेगी।

रातू में डीएसपी का पद होगा सृजित

रांची। रांची के ग्रामीण इलाकों में क्राइम कंट्रोल के लिए पुलिस रातू में डीएसपी के पद का सृजन करने के लिए भी पुलिस मुख्यालय को प्रस्ताव भेजा है। रांची की जनसंख्या तेजी के साथ बढ़ी है। ऐसे में अब पुलिस अफसरों और कर्मियो की संख्या बढ़ानी भी बेहद जरूरी है।

झारखंड के 57 रेलवे स्टेशनों का होगा पुनर्विकास

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध : राधाकृष्णन

सिर्फ हटिया स्टेशन पर खर्च होंगे 355 करोड़ रुपये

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देश भर में 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास का शिलान्यास किया। इस दौरान हटिया रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि प्रधानमंत्री देश के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। भारत के दूरस्थ इलाकों की समस्याओं से अवगत हैं और उसे दूर करने के लिए सतत प्रयत्नशील हैं। रांची के हटिया एवं पिस्का रेलवे स्टेशन सहित राज्य एवं देश के विभिन्न स्टेशनों को विकसित करने की योजना इसका ज्वलंत प्रमाण है।

प्रधानमंत्री ने कुकिंग गैस को घर-घर तक पहुंचाने की व्यवस्था की। प्रधानमंत्री आवास योजना से गांव-गांव के लोग निरंतर लाभान्वित हो रहे हैं। किसान सम्मान निधि से से किसान लाभान्वित हो रहे हैं। राज्यपाल ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि पूर्व में हमारे रेलवे स्टेशनों पर गंदगी रहती थी। हमारे प्रधानमंत्री ने स्वच्छ भारत अभियान के रूप में उल्लेखनीय पहल की। स्वच्छ भारत अभियान के तहत देश के रेलवे स्टेशनों की स्वच्छता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। आज पूरी दुनिया से आने वाले पर्यटक इसकी प्रशंसा करते हैं। उन्होंने कहा कि सबका दायित्व है कि हमारे जितने भी सार्वजनिक स्थान हैं, उन्हें स्वच्छ रखें। स्वच्छता हम सबका कर्तव्य है।

विजेता बच्चों के साथ राज्यपाल और अन्य।

राज्यपाल ने प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को किया पुरस्कृत

राज्यपाल ने कहा कि प्राधानमंत्री के नेतृत्व में हमारा देश विश्व की 5वीं अर्थव्यवस्था बन गयी है और विश्वास है कि जल्द ही विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था होगी। इसका ज्वलंत उदाहरण है कि आज झारखंड के 57 रेलवे स्टेशनों सहित देश भर के 508 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास हो रहा है। सिर्फ हटिया स्टेशन के पुनर्विकास के लिए 355 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं। वन्दे भारत ट्रेन की शृंखला में निरंतर वृद्धि हो रही है। उन्होंने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का रेलवे स्टेशन बनाने के लिए प्रधानमंत्री द्वारा किये जा रहे पहल हेतु आभार प्रकट किया। इस अवसर पर उन्होंने हटिया रेलवे स्टेशन मॉडल का अवलोकन किया तथा यहां पर आयोजित चित्राकंन, कविता, निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम/द्वितीय/तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया।

राजनीतिक जीवन में रेलवे का ऐसा कायाकल्प कभी नहीं देखा : संजय सेठ

रांची। रविवार को अमृत स्टेशन योजना के तहत हटिया स्टेशन पर शिलान्यास का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर सांसद संजय सेठ ने कहा कि यह अमृत स्टेशन होगा। यह रेलवे के विकास की मजबूत बुनियाद साबित होगा। वंदे भारत एक्सप्रेस ने दुनिया भर में यहां के विकास के प्रतीक के रूप में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराई है। वहीं सभी अमृत स्टेशन उसे एक कदम और आगे बढ़कर वैश्विक स्तर पर अपनी प्रस्तुति दिखायेंगे। उन्होंने कहा कि विश्व स्तरीय रेल सुविधा देश भर के लोगों को मिलना चाहिये। इतनी दूरदर्शिता, इतनी स्पष्टवादीता और काम के प्रति समर्पण रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के व्यक्तित्व में है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द और भी कई सौगातें रांची को मिलने वाली है।

स्मार्ट सिटी जमीन मामले में पूछताछ से बीमार पड़े कारोबारी विष्णु अग्रवाल, इडी ने कराया इलाज

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। जमीन घोटाले में गिरफ्तार न्यूक्लियस माल के संचालक विष्णु अग्रवाल ईडी की रिमांड पर है। इस दौरान जब इडी ने उनसे स्मार्ट सिटी में निवेश से संबंधित सवाल किया तो वे बीमार पड़ गए। बीमार कारोबारी विष्णु अग्रवाल का इडी ने इलाज भी कराया है। इडी की पूछताछ में विष्णु अग्रवाल के बीमार होने के बाद इडी के समक्ष मुश्किलें खड़ी हो गई हैं। इडी को उनसे स्मार्ट सिटी जमीन घोटाला व सिरमटोली व पुगडू की जमीन की खरीद-बिक्री में निवेश के संबंध में भी सवाल किया तो उन्हें हंफनी आने लगी।

कहां से कितने पैसे आए, किसने-किसने उसके साथ मिलकर निवेश किया : अब तक की पूछताछ में इडी को कुछ महत्वपूर्ण जानकारियां मिली है, जिसे फिलहाल गोपनीय रखा गया है। इडी एक दो दिनों के अंदर विष्णु अग्रवाल से जुड़े लोगों के विरूद्ध मनी लाउंड्रिंग के तहत कार्रवाई कर सकती है।

भानु प्रताप प्रसाद पर दर्ज हुआ दूसरा मामला

इधर, रांची में जमीन घोटाले में मनी लांड्रिंग के तहत जांच कर रही इडी ने एक नया केस इंफोर्समेंट केस इंफार्मेशन रिपोर्ट (एफआइआर) दर्ज किया है। यह केस रांची के सदर थाने में एक जून 2023 को दर्ज कांड संख्या 272/2023 के आधार पर दर्ज किया गया था। इस केस का आरोपित बड़ागाईं अंचल का राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद है, जिसे इडी ने मनी लांड्रिंग के तहत छानबीन के बाद गिरफ्तार किया था। इसके बाद से ही वह रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में बंद है। गौरतलब हो कि इडी ने 13 अप्रैल व 26 अप्रैल को भानु प्रताप प्रसाद के आवास में छापेमारी की थी, जिसमें उसके आवास से ईडी ने बड़ागाईं अंचल से संबंधित 17 सरकारी दस्तावेज (पंजी-2) बरामद किये थे। उक्त दस्तावेज को भानु प्रताप ने अपने यहां अवैध तरीके से रखा था। सभी पंजी-2 में हेराफेरी की पुष्टि हुई थी। इन सभी दस्तावेजों को भानु प्रताप प्रसाद ने अपने आवास में रखे 11 अलग-अलग ट्रकों में रखा था। इडी ने भानु प्रताप प्रसाद पर जालसाजी से संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करायी है।

हर बैच की अलग-अलग तारीख तय

रिम्स : डेंटल स्टूडेंट्स को हॉस्टल में आज से आवंटित होगा कमरा

शपथ पत्र जमा करने के बाद ही स्टूडेंट्स को मिलेगी रिम्स के कॉलेज और हॉस्टल में एंट्री

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। रिम्स के मेडिकोज की सीनियर्स के साथ हुई मारपीट की घटना के बाद से अब तक रिम्स एमबीबीएस की कक्षाएं स्थगित है। प्रबंधन ने स्टूडेंट्स को घर भेजकर सभी हॉस्टल खाली करा दिए थे। सोमवार से रिम्स के हॉस्टलों में रूम अलॉटमेंट शुरू हो जाएगा। इसके बाद अगले दिन से ही कक्षाएं भी शुरू होंगी। प्रबंधन ने मेडिकल स्टूडेंट्स के लिए नोटिस जारी करते हुए हॉस्टल अलॉटमेंट की तिथि निर्धारित की है। प्रबंधन ने हॉस्टल में कमरा लेने के लिए हर बैच के स्टूडेंट्स अलग-अलग डेट में बुलाया है। जारी नोटिस के अनुसार, 2019 बैच को 7 अगस्त को जुलाया गया है, जबकि 2020 बैच को 9 अगस्त, 2021 बैच को 12 अगस्त और 2022 बैच को 14 अगस्त की तिथि तय की गई है। स्टूडेंट्स को सुबह 11 से शाम 4 बजे तक शपथ पत्र के साथ डीन स्टूडेंट वेलफेयर कार्यालय में उपस्थिति दर्ज करानी होगी। शपथ पत्र जमा करने के बाद ही उन्हें रिम्स के कॉलेज और हॉस्टल में एंट्री मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने 60:40 हकमार नीति को स्वीकार किया, पर समाप्त करना होगा : देवेंद्र नाथ महतो

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। 60:40 नाय चलतो आंदोलन के अगुवा जेएसएसयू प्रमुख और जेबीकेएसएस के केंदीय अध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो ने ऑक्सीजन पार्क मोराबादी रांची में प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि पिछली नौ महीने से लम्बे आंदोलन के परिणामस्वरूप मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मानसून सत्र के समापन भाषण के दौरान नियोजन नीति मामले पर चुप्पी तोड़ते हुए राज्य सरकार के द्वारा चल रहे सभी नियुक्ति प्रक्रिया 60:40 नीति के तहत होने बात को स्वीकार किया लेकिन समाप्त नहीं किया।

मीडिया को संबोधित करते हुए देवेन्द्र नाथ महतो ने मुख्यमंत्री को अब 60:40 हकमार नीति वापस कर 72 विधायक द्वारा दिया गया लिखित समर्थन क्षेत्रीय और जनजातीय भाषा से सुसज्जित खतियान आधारित संवैधानिक नियोजन नीति लागू करके नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने का मांग किया। जिससे झारखंड में झारखंडियों का नौकरी हो। उन्होंने आंदोलन के दौरान राज्यभर में हुई फर्जी मुकदमा को वापस करने की भी मांग किया।

प्रेसवार्ता के दौरान 60:40 नाय चलतो को लेकर अपनी बात रखते देवेंद्रनाथ महतो।

झारखण्ड प्रतियोगी परीक्षा विधेयक 2023 पर प्रतिक्रिया देते हुए देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि राज्य में बढ़ती भ्रष्टाचार कदाचार को देखते हुए हमलोग ने नकल विरोधी कड़ा कानून की मांग लगातार करते आए हैं। विगत 19 मार्च को संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम को सौंपे गए 7 वें मांग में इसका स्पष्ट जिक्र है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के विधि विभाग द्वारा 17 पेज वाला विधेयक के पेज नंबर 2 के कंडिका 2 का सात में जो ड्यूटी में तैनात मित्र और रिश्तेदार का जिक्र किया है जो आपत्तिजनक है। आने वाले दिनों में परीक्षा में धांधली करने वालों को मित्र और रिश्तेदार के नाम से बचाये जाने का संभावना है। इस स्थिति में उक्त दोनों शब्द को विलोपित किया जाय। देवेन्द्र नाथ महतो ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा स्वीकार किया गया 60:40 हकमार नियोजन नीति को समाप्त करने तथा झारखंड प्रतियोगी परीक्षा विधेयक 2023 का संशोधन को लेकर झारखंड आंदोलन के मसीहा शहीद निर्मल दा की पुण्यतिथि पर सिल्ली में 60:40 नाय चलतो आवाज को बुलंद करते हुए खतियानी बाइक रैली निकाली जायेगी।

माहुरी समाज सेवा समिति के सावन महोत्सव में गीत-संगीत की बहार

नम्रता लोहानी और रेखा कुटरियार बनीं लक्की सावन क्वीन

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। माहुरी समाज सेवा समिति की ओर से रविवार को सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। माहुरी महिला समिति रांची की ओर से और माहुरी युवा मंच के सहयोग से जयप्रकाश नगर स्थित माहुरी धर्मशाला में आयोजित सावन महोत्सव में समाज की सभी वर्ग की महिलाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस दौरान महिलाओं द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये गये। इनमें सांस्कृतिक कार्यक्रम सावन पिक्चर क्वीन, सावन क्वीन, स्माइल क्वीन एवं गीत, संगीत का कार्यक्रम शामिल था। समाज की महिलाएं इस कार्यक्रम के लिए सज-धजकर आयोजन स्थल पर पहुंची थीं। कार्यक्रम में हिस्सा ले रहीं महिलाएं अपनी ओर से बेस्ट देने का प्रयास कर रही थीं।

सावन महोत्सव में शामिल माहुरी समाज सेवा समिति की महिलाएं।

अलका कुटरियार को स्माइल क्वीन का ताज

सांस्कृतिक कार्यक्रम में सावन पिक्चर क्वीन, सावन क्वीन, स्माइल क्वीन और लक्की सावन क्वीन का चयन किया गया। स्माइल क्वीन की विजेता बनी अलका कुटरियार। वहीं, फैशन क्वीन में श्रुति और सुष्मिता, पिक्चर क्वीन का ताज सुनीता भदानी और लक्की सावन क्वीन के रूप में नम्रता लोहानी तथा रेखा कुटरियार को ताज देकर सम्मानित किया गया। सावन महोत्सव को सफल बनाने में वंदना गुप्ता, श्वेता भदानी, कविता कुटरियार, स्नेहा गुप्ता, राखी कुटरियार, सिम्पी सेठ,अलका कुटरियार, अंजू रानी, सोनी भदानी,वीना भदानी, सोनी भदानी, निभा कुटरियार, भारती भदानी, रेखा कुटरियार,नम्रता लोहनी, संगीता माथुर, रीता कुमारी, रूनी भदानी, संध्या, सुनीता भदानी और संगीता ने सराहनीय भूमिका निभायी।

आकलन परीक्षा पास कराने के नाम पर पारा शिक्षकों से बिचौलिए वसूल रहे थे पैसे

जैक ने पारा शिक्षकों से पैसे की अवैध उगाही पर लगाया ब्रेक

जैक अध्यक्ष ने आंसर की और ओएमआरशीट जारी कर उनके मंसूबो पर फेरा पानी

सुधीर

रांची। झारखंड अधिविध परिषद (जैक) ने शनिवार को आकलन परीक्षा का आंसर की और ओएमआर शीट जारी कर पारा शिक्षकों से किए जा रहे अवैध उगाही पर ब्रेक लगा दिया है। हालांकि देर से ब्रेक लगने के कारण कई शिक्षक बिचौलियों के बुने जाल में फंस चुके हैं। परंतु जैक अध्यक्ष अनिल कुमार महतो ने एक बड़े ग्रुप को बचा लिया है। उन्होंने पारा शिक्षकों को आकलन परीक्षा पास कराने के नाम पर बिचौलिए द्वारा किए जा रहे अवैध वसूली पर पानी फेर दिया है। मालूम हो कि 30 जनवरी को जैक की ओर से राज्य के 43 हजार बे'टेट' पास पारा शिक्षकों के लिए आकलन परीक्षा आयोजित की गई थी। इस परीक्षा को क्रैक करने के लिए लिए यानि सालान मानदेय में 10 फीसदी की बढ़त्तरी के लिए 40 फीसदी अंक लाना जरूरी था। इसी का फायदा उठाते हुए कुछ पारा शिक्षकों ने बिचौलिए का काम शुरू दिया था। वह परीक्षा पास कराने के नाम पर शिक्षकों से पैसे वसूल रहे थे। इसकी भनक लगते ही जैक अध्यक्ष अनिल कुमार महतो ने पारा शिक्षकों को लूटने से बचाने के लिए न सिर्फ आंसर की बल्कि, ओएमआर शीट भी जारी कर उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया है। एक पारा शिक्षक ने बताया जैक ने आकलन परीक्षा का ओएमआरशीट जारी कर उन्हें भी लूटने से बचा लिया। इसके लिए जैक अध्यक्ष साधुवाद के पात्र हैं।

क्या है मामला

वर्तमान सरकार ने राज्य के बिना टेट पास पारा शिक्षकों के मानदेय में हर साल 10 फीसदी बढ़ोतरी को लेकर आकलन परीक्षा पास करने की शर्त रखी है। इसी के तहत राज्य के पारा शिक्षकों के लिए जैक ने आकलन परीक्षा आयोजित की थी। हालांकि इस परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने वाले पारा शिक्षकों को दूसरी और तीसरी बार भी मौका मिलेगा। अगर वह तीन में किसी भी एक परीक्षा में 40 फीसदी अंक नहीं ला पाएंगे तो उन्हें मानदेय में बढ़ोतरी का लाभ नहीं मिलेगा। परंतु वैसे पारा शिक्षक जो 3 बार की परीक्षा में शामिल होने के बाद किसी भी एक परीक्षा में 40 फीसदी अंक ले आते हैं तो वह 10 फीसदी मानदेय बढ़ोतरी के हकदार होंगे।

सरकारी कॉलेज में ही बनाये गये थे सेंटर : बताते चलें कि जैक की ओर से आयोजित इस परीक्षा के लिए राज्य भर में 81 केंद्र बनाए गए थे। परंतु एक भी स्कूल में सेंटर नहीं था। सभी सेंटर सरकारी कॉलेज में थे। इन केंद्रों पर लगभग 43000 पारा शिक्षक शामिल हुए थे। इस परीक्षा में वैसे पारा शिक्षक शामिल हुए थे, जिन्होंने पात्रता परीक्षा पास नहीं की है। इस परीक्षा को पास करने के बाद उनके मानदेय में 10 फीसदी की बढ़ोतरी की जाएगी। इस परीक्षा को लेकर राजधानी समेत राज्य के विभिन्न जिलों में के स्कूलों में पदस्थापित पारा शिक्षकों में उत्साह तो था। परंतु परीक्षा के दिन पेपर देखते हैं उनका पारा गरम हो गया था और जैक को कोसने लगे थे।

अपनी मांगों को लेकर पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा देगा धरना

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा की बैठक रविवार को डॉ दिलीप सोनी के आवास में पूर्व मंत्री सह प्रदेश अध्यक्ष लालचंद महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए लालचंद महतो ने कहा कि राजभवन के समक्ष 28 अगस्त को होने वाले महाधरना में राज्य के समस्त जिलों से अधिक से अधिक संख्या में पिछड़ा वर्ग के लोग आरक्षण की मांग के लिए उपस्थित हो, इसके लिए झारखंड के समस्त शेड्यूल जिला में जाकर बैठक की जाएगी। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पिछड़ों के आरक्षण 14% से बढ़ाकर जनसंख्या के अनुपात में 36% करने की मांग की। उन्होंने कहा कि आरक्षण की मांग को लेकर 25 अगस्त को दुमका के गांधी मैदान में लाखों की संख्या में पिछड़ों का महा जुटान होगा।

मोर्चा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ दिलीप सोनी ने कहा कि झारखंड सरकार जब तक पिछड़ों का आरक्षण नहीं बढ़ाती तबतक आंदोलन जारी रहेगा। बैठक का संचालन प्रदेश सचिव विक्रांत विश्वकर्मा ने किया और धन्यवाद ज्ञापन नौशाद आलम अंसारी ने किया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष लालचंद महतो, डॉ दिलीप सोनी, अरुण कश्यप, ललित चौधरी, अब्दुल खालिक, नौशाद आलम, विक्रांत विश्वकर्मा, दिनेश प्रजापति, शोएब अंसारी, शकील अंसारी, नरेश प्रसाद आदि उपस्थित थे।

पिछड़ा वर्ग के हित को लेकर बैठक करते लालचंद महतो और अन्य।

डॉक्यूमेंटेशन के लिए लिखना आवश्यक है : अजित सिन्हा

डॉ मुजफ्फर रचित झारखंड के मुसलमान सहित दो पुस्तकों का हुआ लोकार्पण

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। डॉ मुजफ्फर हुसैन की दो शोधपरक पुस्तकों का लोकार्पण रविवार को प्रेस क्लब में किया गया। पुस्तक का लोकार्पण मुख्य अतिथि के तौर पर रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजित कुमार सिन्हा, विशिष्ट अतिथि खाद्य आपूर्ति आयोग की सदस्य शबनम परवीन, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार शंभुनाथ चौधरी और विशिष्ट अतिथि उदय चौहान ने संयुक्त रूप से किया।

पुस्तक का लोकार्पण करते लोग।

मौके पर रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजित कुमार सिन्हा ने कहा कि डॉ मुजफ्फर हुसैन की झारखंड के मुसलमान नामक पुस्तक एक ऐतिहासिक दस्तावेज है। इसका महत्व दस्तावेज के अनुसार बाइबल के समान है। ऐसी पुस्तक अब तक प्रकाशित नहीं हुई है। पुस्तक में जिन सामग्रियों का उपयोग किया गया है, अद्भूत है। इससे लोग काफी लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि डॉक्युमेंटेशन के लिए लिखना बहुत जरूरी है। लिखित सामग्री आने वाली पीढी के लिए ज्ञानवर्द्धक और मार्गदर्शक सिद्ध होती है। दूसरी पुस्तक झारखंड की मुस्लिम विभूतियां भी दस्तावेज के अनुसार काफी उपयोगी हैं। उन्होंने कहा कि आज डॉक्यूमेंटेशन की बहुत जरूरत है। इसके लिए उन्होंने हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर शबनम परवीन, शम्भुनाथ चौधरी और उदय चौहान ने भी डॉ मुजफ्फर हुसैन के लेखनी की सराहना करते हुये भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों को पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र प्रदान कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ कोरनेलियुस मिंज और परवेज कुरैशी ने किया । मौके पर डॉ तनवीर आलम, इम्तियाज अली, राफिया नाज, बॉलीवुड एक्टर देवेश खान, अशोक गहलोत, आनंद जालान, नसीम अहमद, नौशाद आलम, अकीलुर रहमान, निहाल अहमद, साबीर हुसैन, संजय बोस, सुहैब आलम, निरंजन कुमार वर्मा, महफुज आलम, एमएस भारती,अमन अहमद, आदिल रसीद, आरिफ हुसैन समेत कई गणमान्य उपस्थित थे।

पुस्तक परिचय : दोनों पुस्तकें शोध पर आधारित और हार्डबोंड में हैं। प्रथम पुस्तक कुल 208 एवं द्वितीय पुस्तक कुल 184 पृष्ठ की है। दोनों पुस्तकों का प्रकाशन झारखंड झरोखा, रांची के द्वारा किया गया है। इनमें झारखंड के मुसलमान नामक पुस्तक का मूल्य 700 रुपये एवं झारखंड की मुस्लिम विभूतियां नामक पुस्तक का मूल्य 600 रुपये है।

पुस्तक विश्लेषणात्मक एवं वर्णनात्मक प्रकृति का है। इसे लिखने में सर्वेक्षण एवं मूल्यांकन पद्धति का सहारा लिया गया है। प्राथमिक एवं द्वितीय स्त्रोतों के साथ-साथ आवश्यकतानुसार डाटा का भी संकलन किया गया है। प्रथम पुस्तक झारखंड के मुसलमान में कुल 33 अध्याय हैं। डॉ मुजफ्फर हुसैन युवा लेखक एवं इतिहासकार के रूप में स्थापित हैं। उनका जन्म 8 जून 1982 ई. को सामान्य परिवार में हुआ। उन्होंने अपनी एलएलबी, बीएड और पीएचडी की शिक्षा पूरी की और शोध पर कार्य करने लगे। अब तक उनकी शोध पर आधारित कुल छह किताबें प्रकाशित हुई हैं।

वाइल्ड वादी वाटर पार्क में 31 अगस्त तक एंट्री फीस मात्र 100 रुपये

रांची। टॉरियन वर्ल्ड स्कूल के समीप स्थित वाइल्ड वादी वाटर पार्क में विश्व आदिवासी दिवस एवं स्वतंत्रता दिवस के मौके पर झारखंड वासियों के लिए शानदार ऑफर पेश किया जा रहा है। ऑफर की जानकारी देते हुए वाइल्ड वादी के संचालक शैलेंद्र जायसवाल ने बताया कि 31 अगस्त तक वाइल्ड वादी की एंट्री फीस मात्र 100 रुपये प्रति व्यक्ति रहेगी। इसके तहत एडवेंचर लवर्स स्पिनर राइड, जिपलाइन, मल्टीलेन स्लाइडर, वेब पुल, एम्यूजमेंट पार्क, बर्ड पार्क, स्पिनर राइट, रोप कोर्स, गोगो साइकिल, चिल्ड्रन बोट आदि जैसे वाटर स्पोर्टस का आनंद उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि लोगों ने वाटर पार्क को बहुत पसंद किया है। यहां आने वाले सभी पर्यटकों को टिकट के अलावा कॉस्टयूम, लॉकर और पार्किंग जैसी सुविधा बिल्कुल मुफ्त दी जा रही है। पार्क के अंदर ही फैमिली पिकनिक मना सकें, इसके लिए भी व्यवस्था की जा रही है।

एकपक्षीय पुलिस कार्रवाई पर रोक लगे : मुस्लिम समाज

बैठक करते मुस्लिम समाज के लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। रांची में बीते वर्ष दुर्भाग्यपूर्ण 10 जून की घटना पर एकपक्षीय पुलिसिया कार्रवाई के खिलाफ, झारखंड के अल्पसंख्यकों की सुरक्षा एवं अल्पसंख्यकों के संवैधानिक संस्थाओं का अविलंब योग्य लोगों को लेकर गठन करने पर मुस्लिम समाज के प्रतिष्ठित सामाजिक संगठनों, धर्मगुरुओं, अधिवक्ताओं, बुद्धिजीवियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ रविवार को अंजुमन इस्लामिया के हॉल में हेमंत सरकार एवं महागठबंधन के खिलाफ अवामी बैठक हुई।

आपको बताते चलें कि पिछले वर्ष 10 जून को मेन रोड़ में हुए दंगे को लेकर एकतरफा कार्रवाई के विरोध में इस बैठक का आयोजन किया गया था। मुस्लिमानों को 10 जून की दुर्भाग्यपूर्ण घटना में पुलिस और हेमंत सरकार ने कठघरे में खड़ा कर दिया है, जो बेहद चिंताजनक है, जिसकी उम्मीद मुस्लिम समाज झारखंड सरकार से नही करती है,पर देखने- समझने से यह एहसास हो रहा है कि हेमंत सरकार या सेक्यूलर गठबंधन सरकार फजीहत ही करा रही है। समाज के लोगों ने सरकार से अपील की एक एकपक्षीय पुलिसिया कार्रवाई पर रोक लगाई जाए, झारखंड मॉब लिंचिंग विरोधी कानून को अविलंब बनाया जाए, अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए.अल्पसंख्यकों के संवैधानिक अधिकारों से संबंधित मामलों का निष्पादन एवं गठन किया जाए। झारखंड के सत्ताधारी सेक्यूलर महागठबंधन चुनावी घोषणा पत्र को अविलंब लागू करें। बैठक की अध्यक्षता अंजुमन इस्लामिया रांची के अध्यक्ष मोख्तार अहमद ने की जबकि संचालन मुस्लिम युवा मंच के अध्यक्ष शाहिद अय्यूबी ने किया। बैठक में अंजुमन इस्लामिया के डॉ तारिक हुसैन, उपाध्यक्ष मो नौशाद,संयुक्त सचिव मो शाहिद, इमारत-ए-शरिया झारखंड के अमीर-ए-शरीयत हाजी मुफ़्ती अनवर कासमी, झारखंड शिया समुदाय के हेड मौलाना तहजीबुल हसन,शहर काजी मौलाना तौफीक कादरी, इमारत-ए-शरिया के कारी जान मोहम्मद, शहर काजी मौलाना फरीदी,जामा मस्जिद के इमाम मुफ़्ती तल्हा नदवी,छोटी मस्जिद हिंदपीड़ी के हाफिज कलाम,हजरत रिसालदार बाबा दरगाह के उपाध्यक्ष मो जाकिर,महासचिव मो फारूक, अधिवक्ता अजहर खान, अधिवक्ता वैजुर रहमान, अधिवक्ता इम्तेयाज अशरफ, अधिवक्ता मो मिनहाज, अधिवक्ता सुलतान, अधिवक्ता मो इरफान, अधिवक्ता मो तालिब, मरकजी पंचायत जमीतुल इदरीसीया रांची के अध्यक्ष इस्लाम इदरीसी,सचिव गुलजार हुसैन, सूफी इदरीसीया पंचायत के अध्यक्ष मनुव्वार हुसैन भुट्टो, गुलजार इदरीसीया पंचायत के अध्यक्ष मो आफताब आलम, चंपा पंचायत के अध्यक्ष मो मेराज, आखलाकिया इदरीसीया पंचायत के अध्यक्ष मंसूर चिश्ती लोहा सिंग, सचिव मो मेराज,जमीतुल गद्दी पंचायत के मो फैयाज गद्दी,जमीतुल राईन पंचायत के अध्यक्ष हाजी मो फिरोज आदि मौजूद थे।

कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में कार्यशाला का आयोजन

बुके देकर अतिथि का स्वागत किया गया।

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। कैंब्रियन पब्लिक स्कूल, कांके रोड में रविवार को इफेक्टिव क्लासरूम मैनेजमेंट पर इन हाउस कार्यशाला का आयोजन किया गया। डॉ एस राधाकृष्णन सहोदया स्कूल कांप्लेक्स, रांची के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यशाला में ओडीएम सफायर ग्लोबल स्कूल के प्राचार्य अमित कुमार सिंह ने विद्यालय में कक्षा प्रबंधन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि शिक्षा का आधार फलक बहुत विस्तृत है। शिक्षकों को अपने बच्चों की अच्छाई और कमजोर पक्ष को जानकार उन्हें पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित और सशक्त बनाने का प्रयास करना चाहिए। शिक्षक कक्षा में जाने से पहले विषयवस्तु की अच्छी तरह से तैयारी कर लें। उन्होंने कहा कि बच्चों को कहानी, खेलकूद एवं अन्य क्रियाकलापों के माध्यम से अध्ययन के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अच्छी किताबें शिक्षकों के लिए शिक्षण का सर्वाधिक सशक्त साधन है। मौके पर कैंब्रियन पब्लिक स्कूल की प्राचार्या डॉ नीता पांडेय ने कार्यशाला के उद्देश्य एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षा विद्यार्थियों को संस्कारपूर्ण बनाये। शिक्षा रोजगारोन्मुख हो, साथ ही साथ यह रोचक एवं उद्देश्यपूर्ण भी हो। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर भी प्रकाश डाला।

इससे पहले, अमित कुमार सिंह और प्राचार्या डॉ नीता पांडेय ने दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का विधिवत उद्घाटन किया। बच्चों ने सतीश मिश्रा के संगीत निर्देशन पर 'गुंजित है चारों दिशाएं, पुलकित है धरती...' गीत के साथ अतिथियों का स्वागत किया। इस कार्यशाला में राज्य के विभिन्न जिलों के विद्यालयों से तकरीबन 120 शिक्षकों ने हिस्सा लिया। शिक्षकों ने कार्यशाला को काफी उपयोगी बताया। कार्यक्रम का संयोजन चीफ एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर श्रीमती आशा राज और एसटीएनसी सिराजुद्दीन पंडित ने किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका विनीता वर्मा ने किया।

मॉल ऑफ रांची ने की ग्रैंड ओपनिंग उत्सव की घोषणा

इंडियन आइडल स्टार अरुनिता और पवनदीप रंजन देंगे मोहक प्रस्तुति

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। राजधानी के दिल में स्थित मॉल ऑफ रांची से उत्कृष्ट खरीदारी और यहां के मनोरंजन स्थल पर सुकुन के दो पल गुजारने का रांचीवासियों ने बेताबी से इंतजार किया है। यह इंतजार खत्म होने को है। मॉल ऑफ रांची 13 अगस्त 2023 को अपने ग्रैंड ओपनिंग उत्सव की घोषणा करता है। इस अवसर पर, मॉल ऑफ रांची ने प्रसिद्ध इंडियन आइडल स्टार्स, पवनदीप रंजन और अरुनिता, को आमंत्रित किया है, जो इस इवेंट को अपनी मोहक प्रस्तुतियों से सजायेंगे।

अरुनिता और पवनदीप रंजन (फाइल फोटो)।

मॉल ऑफ रांची के निदेशक नीतीश अग्रवाल के अनुसार, यह एक शानदार अयोजन होगा, जो विभिन्न खरीदारी, भोजन और मनोरंजन अनुभवों को प्रदर्शित करेगा। मॉल ऑफ रांची में कई प्रमुख राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ब्रांडों के साथ शहर की खरीदारी के पैटर्न को परिभाषित करने का उद्देश्य रखता है। यह फैशन, लाइफस्टाइल, प्रौद्योगिकी और मनोरंजन के लिए वन स्टॉप गंतव्य साबित होगा। पवनदीप रंजन एक अद्भुत गायक हैं और प्रसिद्ध इंडियन आइडल टेलीविजन शो पर एक अंतिम प्रतियोगी के रूप में प्रसिद्धि हासिल कर चुके हैं। उनकी आत्मविश्वास से भरी आवाज, उनकी विविधता और अद्भुत मंच प्रजेंस ने राष्ट्रभर के दर्शकों को मोह लिया है। अरुनिता, एक और इंडियन आइडल की मशहूर सेंसेशन हैं। वे सुरीली आवाज के लिए जानी जाती है।

मॉल ऑफ रांची के निदेशक नीतीश अग्रवाल ने कहा- हमें खुशी है कि पवनदीप रंजन और अरुनिता मॉल ऑफ रांची के ग्रैंड ओपनिंग उत्सव में हमारे साथ जुड़ रहे हैं। हम मानते हैं कि उनकी प्रस्तुतियां हमारे अतिथियों के लिए एक यादगार अनुभव प्रदान करेगी। मॉल ऑफ रांची राजधानी रांची की जनता और आसपास के क्षेत्रों को 13 अगस्त 2023 को उत्सव और मनोरंजन की एक अद्भुत शाम के लिए आमंत्रित करता है।

बाबा विद्यापति स्मारक समिति की बैठक में झंडारोहण का निर्णय

रांची। बाबा विद्यपति स्मारक समिति के कार्यालय में रविवार को एक आवश्यक बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता जयन्त झा ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 15 अगस्त को समिति के कार्यालय कैंपस में धूमधाम से 77वां स्वतंत्रता दिवस मनाया जायेगा। इस मौके पर रांची की तत्कालीन मेयर आशा लकड़ा रहेंगी। उन्होंने समारोह में शामिल होने की अनुमति दे दी है। इसी दिन समिति के कार्यालय में बाबा विद्यापति की प्रतिमा का लोकार्पण भी होगा। इस दौरान आशा लकड़ा को भाजपा में संगठन सचिव बनाये पर समिति की ओर से सम्मानित किया जायेगा। बैठक में समिति जयन्त झा, पुर्णेन्दु ठाकुर, मृत्युंजय झा, ज्ञानदेव झा, उदित नारायण ठाकुर, भावेश चंद्रा, सुनील सिन्हा, सुबोध झा, कैलाश चौधरी, आयुष कुमार खां आदि उपस्थित थे।

डीपीएस में इंडियाज इंटरनेशनल मूवमेंट टू यूनाइट नेशंस झारखंड कांफ्रेंस आयोजित

दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करतीं निवर्तमान मेयर आशा लकड़ा।

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। दिल्ली पब्लिक स्कूल एवं इंडियाज इंटरनेशनल मूवमेंट टू यूनाइट नेशंस ने रविवार को आइआइएमयूएन झारखंड 2023 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को तीन मुख्य वर्गों में विभाजित किया गया था- पहले दिन, उद्घाटन समारोह विवेकानंद सभागार में आयोजित किया गया जिसमे डॉ. आशा लाकड़ा (भाजपा राष्ट्रीय सचिव और पूर्व मेयर, राँची, झारखंड), कर्नल रंजीत सिंह (सेवानिवृत्त), भारतीय सेना के मेजर जनरल मनोज कुमार (सेवानिवृत्त), जो अति विशिष्ट सेवा पदक विजेता हैं, डॉ पवन दिवेदी (कैरियर कोच और मोटिवेशनल स्पीकर) एवं डॉ राम सिंह, प्राचार्य, डीपीएस रांची मुख्य अतिथियों के रूप में उपस्थित थे। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथियों के प्रेरक भाषणों ने सभा में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को प्रेरित किया। आइआइएमयूएन झारखंड 2023 में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के 300 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

अमरावती-कुसाई रोड का निर्माण जल्द कराने की मांग की गयी

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि भूषण राय ने क्षेत्रवासियों एवं अधिकारियों के साथ अमरावती शिव मंदिर से लेके कुसाई बिजली सब स्टेशन के मार्ग का निरीक्षण किया एवं अविलंब इस रोड का निर्माण कराने की मांग की। श्री राय ने अधिकारियों से कहा कि ओवर ब्रिज मुख्य मार्ग एवं नेपाल हाउस से होते हुए रांची रेलवे स्टेशन मार्ग पर भी काम चल रहा है। जिससे अमरावती ,कृष्णापुरी, द्वारिका पुरी क्षेत्र की जनता इस रोड को बतौर वैकल्पिक मार्ग इस्तेमाल कर रहे हैं पर बरसात में रोड की स्थिति झज्जर हो जाने से आमलोगों को काफी कठिनाइयों का सामना कर पड़ रहा है। कांग्रेस नेता ने वहां मौजूद अधिकारियों से मांग किया कि लोकहित को देखते हुए अविलंब मार्ग को जिसमें अमरावती पुल और अमरावती-कुसाई रोड सड़क निर्माण शामिल है।

खबर एक नजर में

सामूहिक सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन

रांची। संतोष भाईजी की प्रेरणा और श्री नरसिंह बांध बालाजी धाम, रांची शाखा के तत्वावधान में रविवार को लालपुर स्थित अलकापुरी अपार्टमेंट में सामूहिक सुंदरकांड का पाठ हुआ। इस पाठ में 50 से भी अधिक महिलाएं एवं पुरुष शामिल हुए। सुंदरकांड पाठ के पूर्व श्री बालाजी के दरबार को सजाया गया। इसके बाद महाबली बजरंगबली की अखंड पावन ज्योति प्रज्वलित करके उन्हें प्रसाद अर्पित किया गया। पाठ के दौरान श्री सच्चिदानन्द भगवान की जय, श्री बिष्णु भगवान की जय, श्री बजरंगबली की जय, राम राम, जय बाबा के जयकारे लगते रहे। सुंदरकांड के पाठ के बाद आरती और प्रसाद का वितरण किया गया। श्री नरसिंह बांध बालाजी धाम, रांची शाखा के विनोद कुमार पांडेय ने बताया कि संतोष भाईजी की प्रेरणा से हर माह के रविवार को संध्या चार बजे से छह बजे तक सामूहिक सुंदर कांड का पाठ होना निश्चित हुआ है। हर रविवार को सदस्यों के घरों में सामूहिक सुंदरकांड का पाठ नियमित रूप से होगा। मौके पर अनिल अग्रवाल, पवन अग्रवाल, विनोद पांडेय, पवन गोयनका, राखी अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

आचार्यकुलम के प्रिंस का चयन झारखंड जूनियर वुशु टीम में

रांची। पटना में आयोजित होने वाली 22वीं जूनियर नेशनल वुशू प्रतियोगिता में आचार्यकुलम स्कूल के छात्र प्रिन्स कुमार महतो का चयन झारखण्ड टीम में किया गया है। यह प्रतियोगिता 6 अगस्त से 11 अगस्तक पटना में आयोजित होगा। चयन पर प्राचार्या सुजाता कौर, स्वामी दिव्यादेव, कोच दीपक गोप ने शुभकामनाएं दी है।

अल्पसंख्यक अध्यक्ष से मिले अनवर अंसारी

रांची। दी छोटानागपुर हैंडलूम एंड खादी विकर्स कोऑपरेटिव यूनियन लिमिटेड के चेयरमैन सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष अनवार अहमद अंसारी ने रविवार को राज्यसभा सांसद व अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी, अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी से दिल्ली स्थित उनके आवास पर मुलाकात कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। साथ ही झारखंड के स्थिति और सामाजिक व सियासी हालात से अवगत कराया और कहा के झारखंड में अल्पसंख्यकों के बेहतरी के लिए बोर्ड निगम का गठन अब तक नहीं होना चिंतनीय है।

महादेव हर जीव पर अनुग्रह करने वाले देव : स्वामी परिपूर्णानंद

रांची। अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर के सुसज्जित प्रांगण में श्री श्याम मण्डल द्वारा आयोजित महाशिवपुराण यज्ञ के छठवें दिन श्रावण के फुवारो के बीच भक्तों का उत्साह एवम उमंग चरम पर था । स्वामी परिपूर्णानंद व्यास पीठ पर विराजमान होने के पश्चात पारंपरिक पूजन वंदन के साथ शुरूआत करते हुए कहा की महादेव हर जीव के जीवन में अनुग्रह करने वाले देव हैं साथ ही शिव पूजन से लोक एवम परलोक दोनों सुधरता है , इस जगत में हर मनुष्य को सदेव मयार्दा का पालन करना चाहिए मयार्दा रहित जीवन , जीवन को धिक्कार है ,परमात्मा के साथ वात्सल्य रूप से तारतम्य स्थापित करने से जीवन सुखमय एवम मंगलमय हो जाता है ।

मुक्ति संस्था ने 21 अज्ञात शवों का किया अंतिम संस्कार

रांची। मुक्ति संस्था के द्वारा रविवार को जुमार नदी के तट पर 21 अज्ञात शवों का पूरे विधि विधान से अंतिम संस्कार किया गया। मुक्ति संस्था के सदस्यों ने रिम्स के मॉर्चरी से अज्ञात शवों को पैक कर जुमार नदी तट पर लेकर गए। इस दौरान संस्था के वरीय सदस्य सीताराम कौशिक ने शवों को मुखाग्नि दी। संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने बताया कि मुक्ति संस्था द्वारा अबतक कुल 1588 अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार किया गया है। रवि अग्रवाल, सौरभ बथवाल, उज्ज्वल जैन, रतन अग्रवाल, आरके गांधी, संदीप पपनेजा, संदीप कुमार, कमल चौधरी, सीताराम कौशिक, हरीश नागपाल, सुनील अग्रवाल और आशीष भाटिया मौजूद रहे।

फैंस क्लब ने मनायी किशोर कुमार की जयंती

रांची। किशोर कुमार फैंस क्लब की ओर से स्थानीय सिटी पैलेस के सभागार में किशोर कुमार की जयंती मनायी गयी। किशोर कुमार के 94वीं जयंती समारोह का उद्घाटन स्थानीय सांसद संजय सेठ और झामुमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुप्रिया भट्टाचार्य ने किया। इस दौरान सभी अतिथियों और सदस्यों को पुष्पगुच्छ ,अंग वस्त्र और ममेनटो से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान किशोर कुमार के संगीत से ही किशोर कुमार को संगीतांजलि दी गयी। यह जानकारी डॉ पंपा सेन विश्वास ने दी। उन्होंने बताया कि किशोर कुमार फैंस क्लब 17 वर्षों से इस कार्य को कर रही है। समारोह में आये कलाकारों मिस्टू गुहा, सुह्रद सरकर ,अमित भट्टाचार्य, सौरभ राय, शुभांगी भट्टाचार्य, अनुपम भट्टाचार्य, नैनासा ,विवेक ,दीपक टाटिया, सोमिन मुखर्जी, अशोक विश्वास, डॉ पम्पा सेन विश्वास ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। समारोह के दौरान किशोर कुमार द्वारा गाये गीतों पर लोग झूमते रहे।

शैल्बी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल्स के अस्पताल का रांची में शुभारंभ

जानकारी देते शैल्बी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल्स के अधिकारी।

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। शैल्बी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल्स ने रांची के एक प्रमुख अस्पताल, डिवाइन सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के साथ साझेदारी में, रांची में मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल का शुभारंभ किया है। इसका उद्घाटन रविवार (छह अगस्त) को रांची में शैल्बी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) डॉ विक्रम शाह ने किया। शैल्बी पश्चिमी और मध्य भारत के अस्पतालों की सबसे बड़ी श्रृंखला में से एक है, और पूर्वी भारत में यह इसका पहला अस्पताल है।

रांची के इस अस्पताल की क्षमता 70 बिस्तरों की है और यह सिरोम टोली में स्थित है। यह रुमेटोलॉजी, आथोर्पेडिक्स और ज्वाइंट रिप्लेसमेंट, हेमेटोलॉजी, किडनी रोग, यूरोलॉजी, न्यूरोलॉजी, क्रिटिकल केयर, कार्डियोलॉजी आदि जैसी 15 से अधिक स्पेशियलिटीज में उपचार करने के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है।

शैल्बी लिमिटेड के सीएमडी और विश्व प्रसिद्ध ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ विक्रम शाह का कहना है, वर्तमान में छोटे शहरों से बड़ी संख्या में लोगों को गुणवत्तापूर्ण इलाज के लिए काफी दूरी तय करके बड़े शहरों में जाना पड़ता है। मल्टीस्पेशियलिटी अस्पतालों की स्थापना के माध्यम से हमारा उद्देश्य उन्नत स्वास्थ्य देखभाल और रोगी देखभाल के बीच अंतर को पाटना है, जो हमेशा हमारी ताकत रही है। हम अगले 3 से 4 वर्षों में पूरे भारत में कई और मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल स्थापित करने की योजना बना रहे हैं। इनमें से अधिसंख्य छोटे शहरों में स्थापित किये जायेंगे, ताकि सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा सुलभ हो सके। रांची में शैल्बी डिवाइन सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल खुलने से इस क्षेत्र के लोगों को उनके घर पर ही सर्वोत्तम श्रेणी का इलाज मिलेगा। अस्पताल में सुपर स्पेशियलिस्ट और कंसलटेंट की एक बड़ी टीम है, जो उत्कृष्ट चिकित्सा देखभाल प्रदान करती है। यह एक सुरक्षित सर्जिकल वातावरण भी प्रदान करता है, जो अपने तीन मॉड्यूलर क्लास 100 ऑपरेशन थिएटरों के माध्यम से संक्रमण के जोखिम को नियंत्रित करता है। यह सर्जनों को जटिल सर्जरी के साथ-साथ न्यूनतम इनवेसिव और एंडोस्कोपिक प्रक्रियाओं को करने में सक्षम बनाता है।

शैल्बी डिवाइन सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ देवनीस खेस का कहना है, हम शैल्बी हॉस्पिटल्स के साथ जुड़कर बहुत खुश हैं, जो देश में सर्वोत्तम आथोर्पेडिक सेवाएं प्रदान करते हैं। इस साझेदारी से हम रांची और झारखंड क्षेत्र के लोगों को सर्वोत्तम गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर सकेंगे ।

इस अस्पताल के शामिल होने से, शैल्बी अब भारत के 7 राज्यों के 12 शहरों में 2200 बिस्तरों की कुल क्षमता वाले 15 अस्पताल संचालित करता है। ये अहमदाबाद, सूरत, जयपुर, लखनऊ, इंदौर, मुंबई, जबलपुर, ग्वालियर, उदयपुर, मोहाली और वापी में हैं। शैल्बी दुनिया भर में अपनी आथोर्पेडिक सेवाओं के लिए प्रसिद्ध है। इसने पिछले 29 वर्षों में 1,45,000 से अधिक ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी की हैं, जो दुनिया में सबसे अधिक हैं, और यह दुनिया का सबसे बड़ा ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सेंटर है।

स्पीड न्यूज

मां जगदम्बे हेल्थ केयर सेंटर का उद्घाटन

राहे। प्रखंड के मुख्य मार्ग बड़ा तालाब के समीप मां जगदम्बे हेल्थ केयर सेंटर का विधिवत उद्घाटन किया गया। हेल्थ केयर सेंटर में जेनरल फिजिशियन, स्त्री रोग विशेषज्ञए हड्डी रोग, दाँत रोग, शिशु चिकित्सा आदि का इलाज विशेषज्ञ चिकित्सक के द्वारा किया जायेगा। ग्रामीण क्षेत्र में कम खर्च में बेहतर इलाज की व्यवस्था होगी। लोगों को आयुष्मान कार्ड पंजीकरण करने की सुविधा भी उपलब्ध होगी। मौके पर जिप सदस्य बादल महतो उप प्रमुख उमेश महतो धनंजय महतो जलेश्वर महतो जीतलाल महतो मोहन महतो सेंटर के राजेश महतो दिनेश महतो दामोदर महतो खगेश्वर महतो नरेंद्र महतो मौजूद थे।

स्वास्थ्य जांच शिविर में 100 लोगों का इलाज

राहे। एमएमजीयू रांची के सौजन्य से मां जगदम्बे हेल्थ केयर सेंटर राहे के परिसर में निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 100 लोगों ने विभिन्न प्रकार के बीमारियों का निशुल्क जांच कराया। इन्हें आवश्यकता अनुसार निशुल्क दवा भी दिया गया। शिविर में डॉ धनेश्वर मेहता डॉ राहुल राज डॉ रविन्द्र प्रसाद डॉ प्रज्ञा रंजन डॉ एम जाकिर डॉ प्रभाकर प्रमाणिक की टीम ने जेनरल फिजिशियन स्त्री रोग दांत हड्डी आदि से संबंधित बीमारियों का इलाज कराया। इलाज कराने के बाद मरीजों को रोग से बचाव के संबंध में जानकारी दी गई।

मनातू पथ पर गड्ढों से परेशानी, ग्रामीणों में रोष

सैलानियों और स्कूली बच्चों को होती है खासी परेशानी

खबर मन्त्र संवाददाता

ओरमांझी। रामगढ़ मुख्य पथ से तीन पंचायत को जोड़ती सड़क में श्रृंखलाबद्ध गढ़े से राहगिरों की परेषानी बढ गई है। मुख्य पथ से मनातु जाने वाले रोड़ में डुंडे के पास बड़े-छोटे गढों की संख्या इतनी की गिनती करना भी मुश्किल हो जाए। वर्षा होने के साथ ही गढे में पानी भर जाते हैं। जिससे राह से गुजरने स्थानीय ग्रामीणों के साथ विभिन्न जिला से वाटर पार्क आने वाले सैलानियों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी गांव के किसान व स्कूली बच्चों को हो रही है। किसानों को खेत से फसल बाजार ले जाने में परेशानी हो रही हैं। वहीं गुजरते वाहन के पहिया पानी भरे गढे में जाने से कीचड़ से स्कूली बच्चों के कपड़े भी गंदे हो रहे हैं। सड़क से गुजरने वाले सरकार से लेकर स्थानीय विधायक व सांसद को कोस रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क बने 10 वर्ष से ज्यादा हो गया हैं। सड़क की हालत काफी खराब हो गई हैं। ग्रामीणों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के खिलाफ काफी नाराजगी है।

गड्ढों से होकर चलने को विवश हैं ग्रामीण।

जंगल में बारूद का गोदाम है और कई भारी वाहन चलते हैं। जिससे सड़क की हालत काफी खराब हो गई है। जल्द सड़क निर्माण कराने के लिए विभाग को लिखा जाएगा।
अनुपमा देवी, प्रमुख ओरमांझी।

तीन पंचायत को जोड़ती है यह सड़क

स्थानीय लोगों ने बताया की ईचादग, चुटूपालू व जयडीहा सहित तीन पंचायत इस सड़क से जुड़ा है। मनातू, डुंडे, साहेर, बरतुआ, गणेशपुर सहित कई गांव को मुख्य पथ से भी जोड़ती है। सड़क के गढे के कारण लोगों को आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीण सह समाज सेवी चतुर साहू ने बताया कि ओरमांझी प्रखंड के कई सड़क का हाल इसी प्राकर है। वर्तमान सरकार में सड़क बनने का उम्मीद भी धुमिल होती जा रही है। सड़क के लिए अब स्थानीय ग्रामीण आंदोलन करने का मन बना रहे हैं। ग्रामीण सड़क के लिए मुख्यालय का घेराव करेंगे।

सर्च अभियान में बुढ़मू से टीपीसी उग्रवादी टुनटुन गंझू गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

बुढ़मू। टीपीसी उग्रवादियों के विरुद्ध लगातार चलाये जा रहे पुलिसिया अभियान में रविवार को पुलिस को बड़ी सफलता मिली। एसएसपी के स्पेशल क्यूआरटी टीम के प्रवीण तिवारी, बुढ़मू थाना प्रभारी कमलेश राय व ठाकुरगांव थानेदार की संयुक टीम ने रविवार को चलाये गये विशेष छापामारी अभियान में सक्रिय उग्रवादी विकास गंझू उर्फ टुनटुन को गिरफ्तार करने में सफलता पायी है। सूत्रों के अनुसार प्रशासन को गुप्त सूचना मिली थी कि मक्का सीरम से सटे जंगल में टीपीसी के बड़े उग्रवादी राहुल गंझू उर्फ प्रधान जी, पहाड़ी और अनीश उर्फ अविनाश उर्फ अरविंद आदि जुटने वाले हैं। इसी सूचना पर टीम गठित कर छापामारी में विकास उर्फ टुनटुन पुलिस के हत्थे चढ़ गया। यह उग्रवादी हाल के दिनों में ठाकुरगांव थाना क्षेत्र समेत बुढ़मू क्षेत्र में व्यवसायियों, जमीन कारोबारियों को लेवी के लिये धमकी दे रहा था। हालांकि समाचार लिखे जाने तक प्रशासन द्वारा उग्रवादी की गिरफ्तारी की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है, लेकिन गिरफ्तारी के बाद उसे अज्ञात थाना में रखकर पूछताछ किये जाने की सूचना है।

स्कूटी-बाइक की भिड़ंत में एक की मौत, चार घायल

सड़क दुर्घटना

मृतक की फाइल फोटो।

खबर मन्त्र संवाददाता

सोनाहातू। थाना क्षेत्र के दानाडीह तालाब के मोड़ के समीप स्कूटी जेएच01डी एक्स 6225 और हीरो पेशन जेएच 01 डी और 2831 में सीधी टक्कर हो गई। टक्कर में स्कूटी सवार 63 वर्षीय गोपेश्वर महतो का मौत हो गया है। घटना रविवार शाम चार बजे के आसपास की है। गोपेश्वर महतो अपने पोता.पोती को बाजार लाया था। बाजार से घर दानाडीह जाते वक्त बुंडू से आ रहा बाइक सवार ने टक्कर मार दिया। टक्कर से दोनों गाड़ी क्षतिग्रस्त हुआ है। गोपेश्वर के पोता यश कुमार (4 वर्ष) और पोती लतिका कुमारी (6 वर्ष) गम्भीर रूप से घायल हुए है। दोनों को इलाज के लिये रिम्स भेजा गया है। इधर बाइक सवार सोनाहातू गांव का विवेक प्रामाणिक ओर एक अन्य युवक का इलाज रांची के निजी अस्पताल में किया जा रहा है। पुलिस ने दोनों गाड़ी को जब्त कर आवश्यक कार्रवाई कर रही है। मृतक दानाडीह गांव का मिलनसार रिटायर्ड शिक्षक था और सोनाहातू प्रखंड के ठुगरूडीह प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक के रूप में सेवा दिया था।

बाइक की टक्कर से महिला घायल

बेड़ो। बेड़ो थाना क्षेत्र के बेड़ो सांई मंदिर मार्ग पर हरिहरपुर जामटोली गांव में रविवार की अपराह्न लगभग तीन बजे एक बाइक सवार ने पैदल जा रही महिला को टक्कर मार दी। घटना में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे समाज सेवी चरवा उरांव व 12 पड़हा राजा विशाल उरांव ने स्वजनों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। यहां डा काजल सिंह के प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए घायल को रिम्स रेफर कर दिया। जामटोली निवासी विशेश्वर हज्जाम ने बताया कि उसकी पत्नी 45 वर्षीय कमला देवी चापाकल से पानी लेकर घर रही थी। इसी दौरान एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी।

लैंपस से धान चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार सात बोरा धान बरामद

ओरमांझी। झारखंड सहकारिता विभाग से संचालित ओरमांझी लैंपस में रखे सौ बोरा धान चोरी का मामला उलझ गया है। एक ओर लैंपस के जगेश्वर महतो ने एक सौ बोरा धान की चोरी का मामला ओरमाझी थाना में दर्ज कराया। वहीं ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा चोरी के दो आरोपितों को गिरफ्तार कर चोरी के सात बोरा धान भी बरामद कर लिया गया है। यह कार्रवाई सीसीटीवी फुटेज के अधार पर की गई हैं। वहीं रिक्सा से चोरी का धान ढोने का मामले सामने आने के बाद मामला उलझ गया है।

जलापूर्ति योजना के लिये विधायक ने दिये ट्रांसफार्मर

सोनाहातू। विधायक सुदेश महतो ने सोनाहातू जलापूर्ति योजना के लिये नया ट्रांसफार्मर दिये है। सोनाहातू जलापूर्ति केंद्र से सोनाहातूए बारुहातूए नीमडीहए बाजारटांड़ए दानाडीह आदि गांव में पेयजल आपूर्ति किया जाता है। ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण जलापूर्ति बाधित था। उपभोक्ताओं ने विधायक के समक्ष ट्रांसफार्मर की मांग रखी थी। पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से चालू रखने को लेकर विधायक ने तत्काल ट्रांसफार्मर में भेज दिया। रविवार को इसका उद्घाटन किया गया। मौके पर जिला परिषद प्रतिनिधि तारणी सिंह मुंडा वरीय उपाध्यक्ष श्याम महतो प्रखंड अध्यक्ष सुषेन प्रमाणिक दिलीप कोईरी नवीन महतो बसंत मंडल मौजूद थे।

एक नजर में

निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने तमाड़ में किया बूथ का निरीक्षण

तमाड़। प्रखंड क्षेत्र में रविवार को निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी बुंडू अजय सावए सहायक निर्वाचन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी विमल सोरेन के द्वारा तमाड़ प्रखंड के बूथ संख्या 194ए197ए 202 का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बीएलओ के द्वारा घरों का डोर टू डोर भौतिक सत्यापन की जांच के साथ कार्य की प्रगति की अद्यतन स्थिति की जानकारी लिया गया। साथ ही छूटे हुए मतदाताए युवा मतदाता एवं भावी मतदाता को जोड़नेए मतदाताओं के नामए उम्रए संबंधए पता में सुधार करनेए ब्लैक एंड व्हाइट फोटो या धुंधला फोटो को कलर फोटो से प्रतिस्थापन करनेए मृत मतदाताओं का मृत्यु प्रमाणपत्र लेकर हटाने व घर.घर सर्वे का बीएलओ ऐप से अपडेट करने संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश बीएलओ को दिया गया।

ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट रिसर्च फाउंडेशन ट्रस्ट ने बहेरा का किया दौरा

पिपरवार। ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट एंड रिसर्च फाउंडेशन ट्रस्ट के सदस्यो ने पिपरवार क्षेत्र के बहेरा पंचायत के कंधार गांव वार्ड नंबर एक का दौरा किया। ट्रस्ट के पिपरवार क्षेत्रिय अध्यक्ष जाहिद अली के नेतृत्व मे ट्रस्ट के सदस्यों ने गांव का भ्रमण कर गांव की मूलभूत समस्याओं की जानकारी ली। इस दौरान गांव के वृद्ध बीमार और लाचार लोगों की सूची बनाई गई। वही गांव के बेरोजगार युवाओं का भी सूची तैयार किया गया इस संबंध में ट्रस्ट के सदस्यों ने बताया कि ट्रस्ट के सदस्य गांव-गांव घूमकर गांव के बीमार लोगों की सूची बनाई जा रही हैएजिसके बाद बीमार लोगों के इलाज के लिए ट्रस्ट द्वारा सहयोग किया जाएगा। इसके अलावा गांव के बेरोजगार युवाओं की भी सूची बनाकर उन्हें क्षेत्र में संचालित कंपनियों में रोजगार दिलाने में मदद करने का काम करेगा। वही गांव में अन्य मूलभूत समस्याओं की भी जानकारी ली जा रही हैए जिसे ट्रस्ट द्वारा समस्याओं का समाधान करने का काम किया जाएगा। ट्रस्ट के सदस्यों ने बताया कि पिपरवार क्षेत्र के सभी ग्रामीण इलाकों का दौरा कर ट्रस्ट के द्वारा सहयोग का काम किया जाएगा। इस मौके पर जाहिद अली, विश्राम टाना भगत, अरविंद कुमार पासवान, राहुल राम, इम्तियाज अंसारी, तस्लीम अहमद, आसिफ अंसारी, दिनेश राम रविन्द्र उरांव सोनू गुप्ता आदि मौजूद थे।

बोकारो चैंबर की चास थाना प्रभारी संग बैठक

बोकारो। बोकारो चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की एक बैठक अध्यक्ष प्रदीप सिंह के नेतृत्व में थाना प्रभारी चास के साथ चास थाना परिसर में हुई। प्रदीप सिंह ने चास की लचर एवं अव्यवस्थित यातायात व्यवस्था की तरफ थाना प्रभारी का ध्यान आकृष्ट करते हुए इसके समाधान की मांग की। चेंबर के संरक्षक संजय बैद एवं पूर्व अध्यक्ष मनोज चौधरी ने कहा कि अगले कुछ दिनों के बाद त्योहार शुरू हो जाएंगे और इसे देखते हुए टाइगर मोबाइल से गस्त में चुस्ती लाई जाए। मनोज चौधरी ने कुछ दो पहिया वाहन द्वारा पटाखों जैसी आवाज निकालने होने वाली परेशानी को बताया।

बेड़ो : 108 एंबुलेंस चालकों की हड़ताल से गरीब परिवार के मरीजों की बढ़ी परेशानी

भाड़े के निजी वाहनों से मरीज जाते हैं अस्पताल

खबर मन्त्र संवाददाता

बेड़ो। बेड़ो प्रखंड के ग्रामीण इलाके के लोगों के लिए लाइफ लाइन 108 एंबुलेंस चालकों की हड़ताल से गरीब मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बीमार लोग समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पा रहे हैं। सबसे अधिक परेशानी उन गरीब मरीजों को हो रही हैए जिनके पास अस्पताल तक जाने के लिए साधन नहीं है। हड़ताल के चलते स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों में 108 एंबुलेंस खड़ी कर दी गई है। जिससे मरीज निजी वाहनों से भाड़े पर अस्पताल पहुंच रहे हैं। कई ऐसे मरीज भी हैं जिनको चिकित्सको ने रिम्स रेफर कर दिया गया हैए लेकिन एंबुलेंस नहीं मिलने के चलते वे अस्पताल नहीं जा पा रहे हैं। इधर स्वजनों ने 108 एंबुलेंस में फोन लगाया तो पता चला कि चालक हड़ताल पर है। जिसके कारण गरीब को घायलों व बीमार लोगों को निजी वाहन से रिम्स ले जाना पड़ रहा है। वही ग्रामीण क्षेत्र के गर्भवती महिलाओं को बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने में भारी परेशानी हो रही है।

अवैध जमाबंदी के विरोध में ग्रामीणों की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

खलारी। हेसालोंग बाजार व जतरा टाँड़ गैरमजरूआ जमीन में अवैध रूप से कागजात बना कर जमाबंदी करने के विरोध में हेसालोंग शिव मंदिर प्रागण में ग्रामीणों के साथ बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता अरविंद कुमार व संचालन बसंत कुमार पंकज ने किया। बैठक मुख्य रूप से लपरा पंचायत की मुखिया पुतुल देवी मौजूद थी। बैठक में चर्चा किया गया कि जमीन से संबंधित ग्रामीणों की हस्ताक्षर युक्त आवेदन उपायुक्त रांची व अन्य उच्च पदाधिकारीयों को दी गई है। संबंधित आवेदन की प्रतिलिपि खलारी अंचलाधिकारी को मंगलवार को ग्रामीणों को उपस्थिति में दिया जायेगा। आवेदन के अनुरूप अंचलाधिकारी कार्य नही करता है तो हेसालोंग ग्राम के ग्रामीण खलारी अंचल जाकर जोरदार आंदोलन करने का समर्थन किया। बैठक में बाजार व जतरा टाँड़ बचाव समिति का गठन किया गया।

खलारी के हेसालोंग में अवैध जमाबंदी के विरोध में हुई बैठक में शामिल ग्रामीण।

बैठक में पदाधिकारियों का हुआ चयन

समिति गठन में संरक्षक मुखिया पुतुल देवी अध्यक्ष अरविंद कुमार सचिव रवीन्द्र मुंडा कोषाध्यक्ष पवन साहू संचालक बसंत कुमार पंकज प्रीतम साहू लाखन साहूए जय प्रकाश साहू पंकज कुमार प्रसाद सोबरन साहू कुलदीप साहू जीतेंद्र भारतीय मदन साहू धीरेंद्र प्रसाद राजेश साहूए मनीष भगत शंकर झुनवा मुंडाए विजय प्रह्लाद भीम साहू मनीष साहू गौतम कुमार अवध प्रसाद मंतोष मुंडा श्रवण गंझू को बनाया गया।

भिक्षाटन आंदोलन को लेकर स्वयंसेवकों की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

बेड़ो। पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ की बैठक प्रखंड प्रमुख विनीता कच्छप की अध्यक्षता में रविवार को महादानी मैदान स्थित स्टेडियम में किया गया। बैठक में राज्य स्तरीय पंचायत सचिवालय स्वंय सेवक संघ के द्वारा 12 अगस्त को आहुत भिक्षाटन आंदोलन की तैयारी पर विचार विमर्श किया गया। ज्ञात हो कि पंचायत स्वयं सेवक अपने पांच सुत्री मांगो को लेकर राजभवन के समक्ष पिछले 29 दिनों से अनिश्चित कालिन धरना प्रदर्शन में हैं। बैठक में प्रखंड के सभी सक्रिय स्वयं सेवकों की सूची तैयारकर जिला भेजा गया। पंचायत सचिवालय स्वंय सेवक पंचायत सचिव स्तर पर सरकार द्वारा संचालित योजना पीएमवाईजीए समाजिक सुरक्षा मनरेगा स्वास्थ्य शिक्षा पेयजल कल्याण आईसीडीएस का डाटाबेस तैयार कर संबंधित विभागों को उपलब्ध कराना है। सहित कृषि विभाग की विभिन्न गतिविधियॉ समाजिक सुरक्षा के कार्यक्रमों की जानकारी देना व पंचायत से गांव स्तर पर संचालित सभी योजनाओं के क्रियान्वयन और जानकारी देना है। बैठक में रामदयाल प्रजापति तबरेज अंसारी दिलीप लोहरा प्रदीप उरांव बोलवा उरांव खालिद अंसारी बुधवीर उरांव मतिया महतो मो नसिम चमरा उरांव दिलीप तिर्की मंजु कुमारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

बेड़ो में हुई बैठक में शामिल स्वयंसेवक।

अनगड़ा में हुई बैठक में शामिल आजसू कार्यकर्ता।

नौ अगस्त को अनगड़ा में होगा मैराथन दौड़

अनगड़ा। डाकबांग्ला अनगाड में प्रखंड अध्यक्ष जगरनाथ महतो की अध्यक्षता में आजसू पार्टी की एक बैठक हुई। बैठक में शहीद निर्मल महतो के शहादत दिवस और विश्व आदिवासी दिवस की तैयारी को लेकर चर्चा हुयी बैठक में मुख्य अतिथि आजसू पार्टी पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने कहा आगामी 9 अगस्त को में विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर महिला एवं पुरुष वर्ग के लिए मैराथन दौड़ प्रतियोगिता होगी, जिसमें प्रथम द्वितीय और तृतीय पुरुस्कार के रूप में मोबाईल सहित साईकिल, पंखा इत्यादि दिए जाएगे। बैठक मे धर्मेंद्र सिह मुंडा पूर्व मुखिया प्रदीप पहान आशाराम महतो सोहन मुन्डा केशव करमाली कमलेश महतो अनुज महतो साईनाथ महतो अघनु पहान अंकित प्रामाणिक सूरज करमाली सुदर्शन मुंडा आदि मौजूद थे।

रातू में विश्व आदिवासी दिवस पर निकाली जायेगी रैली

सामाजिक संगठनों की बैठक में लिया निर्णय

खबर मन्त्र संवाददाता

रातू। विश्व आदिवासी दिवस पर नौ अगस्त को विशाल रैली निकाली जायेगी। इसमें समाज के युवा और महिलाएं पारंपरिक वेश.भूषा व प्रतीक चिन्ह सरना झंडा के साथ शामिल होंगे। दलादिली स्थित कॉमरेड सुभाष मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी जायेगी। इस आशय का निर्णय रविवार को पूर्व जिप सदस्य और सरहुल पूजा समिति के अध्यक्ष अमर उरांव की अध्यक्षता में सामाजिक संगठनों की हुयी बैठक में लिया गया। पड़हा भवन सभागार में आयोजित बैठक के दौरान सदस्यों की ओर से प्रस्ताव पारित कर सुभाष मुंडा हत्याकांड की निंदा की गयी। इसके बाद सुभाष मुंडा के चित्र पर पुष्प अर्पित किये गये। इसके साथ ही दो मिनट का मौन रख कर उनकी आत्मा की शांति के लिये ईश्वर से प्रार्थना भी की गयी।

आदिवासियों पर हो रहे हमले प्रायोजित

अमर उरांव ने आदिवासियों पर हो रहे हमले को प्रायोजित बताया। उन्होंने इसके खिलाफ एकजुटता दिखाने की जरूरत पर बल दिया। श्री उरांव ने बताया कि रैली सुबह दस बजे तिलता बगीचा से होचर, झखराटांड़, कांठीटांड़ चौक, कमड़े व तिलता रिंग रोड होते हुये दलादिली तक जायेगी। इस बीच बिरसा मुंडा, विरेंद्र भगत और सुभाष मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जायेगा। मौके पर कुशल उरांव, तुलसी उरांव, संगम उरांव, सोमनाथ उरांव, सीमा देवी, प्यारी उरांव, गंगू पाहन, विश्वनाथ उरांव, संजू उरांव, सुबोध टोप्पो, वरुण उरांव व चंद्रदीप खलखो आदि मौजूद थे।

27 करोड़ की लागत से होगा नगड़ी स्टेशन का सौंदर्यीकरन

प्रतियोगिता में शामिल छात्राओं को पुरस्कृत करते विधायक।

खबर मन्त्र संवाददाता

पिस्कानगड़ी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से रविवार को पिस्का स्टेशन नगड़ी का पुनर्विकास का शिलान्यास बटन दबाकर किया। मौके आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित हटिया विधायक नवीन जयासवाल ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शिता और विलक्षण प्रतिभा के कारण देश का चहुंमुखी विकास दृश्यमान हो रहा है। इसी कड़ी में नगड़ी के पिस्का स्टेशन जोड़ा गया है, जो क्षेत्र के लिये गौरव की बात है पीएम की सोच है कि रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट में कोई अंतर न रहे यात्रियों को स्टेशन में हरेक सुविधा उपलब्ध हो। विशिष्ट अतिथि जिप सदस्य पूनम देवी ने कहा कि आज का दिन नगड़ी के लिये ऐतिहासिक है कि नगड़ी के विकास कार्यों का शिलान्यास प्रधानमंत्री के हाथों हो रहा है। अपर मंडल प्रबंधक रांची मनीष कुमार ने उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए बताया कि 27 करोड़ की लागत से स्टेशन बिल्डिंग के साथ टिकट काउंटर, प्लेटफार्म, पार्किंग, प्रतीक्षालय, 10 मीटर का अप्रोच रोड के साथ ही सीसीटीवी कैमरा लगाया जाएगा। मौके पर नगड़ी के डब्लू जॉन मल्टीपर्पज स्कूल और रॉकफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों के बीच निबंध, हस्तकला और क्विज प्रतियोगिता हुई, जिसमें सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में थे मौजूद

मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो, केदार महतो, बजरंग महतो, राकेश केशरी, शिला देवी, कुणाल शाहदेव, संजीव तिवारी, हेमंत केशरी, दौलतराम केशरी, मनीष केशरी, कामेश्वर महतो दीपक केशरी, मुखिया मंजू लिंडा, आशा किस्पोट्टा, मंजीत उरांव, संजय लिंडा सहित भाजपा के नगड़ी रातू प्रखंड के दर्जनों नेता एवं कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे।

राहुल गांधी पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले से हर्षित कांग्रेसियों का विजय जुलूस

काठीटांड़ के युवराज चौक पर बंटी मिठाइयां

खबर मन्त्र संवाददाता

रातू। सुप्रीम कोर्ट की ओर से पुरनेश मोदी मान हानि मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के पक्ष में दिये गये सुप्रीम फैसले के बाद पार्टी जनों के हौसले काफी बुलंद है। प्रखंड इकाई के अध्यक्ष कुशल उरांव की अगुवाई में विजयी जुलूस निकाला गया। समर्थकों ने काठीटांड़ स्थित युवराज गोपाल शरण नाथ शाहदेव चौक में दुकानदार और ग्रामीणों के बीच मिठाईयां बांट खुशी का इजहार किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गयी। श्री उरांव ने कहा कि भाजपा की राहुल गांधी को झूठे मुकदमे में फंसा कर राजनीति से दूर रखने के उद्देश्य से संसद सदस्यता रद और आबंटित बंगला खाली कराने की साजिश नाकाम साबित हुई है। कोर्ट के निर्णय से मोदी-शाह का असली चेहरा सामने आ गयाए जिसे देश देख रहा है।

असत्य पर सत्य की जीत : अतुल राज

पार्टी नेता कुमार अतुल राज ने शीर्ष न्यायालय के फैसले को असत्य पर सत्य की जीत बताया। उन्होंने 2024 के चुनाव में कांग्रेस को प्रचंड बहुमत का दावा करते हुए कार्यकर्ताओं से चुनाव की तैयारियों में जुट जाने का आह्वान किया। मौके पर लक्ष्मी नारायण भगत, हाजी मंसूर आलम, सनी सिंह, सुखमणि उरांव, लगन देवी, पार्वती उरांव, सिंबगी उरांव, के अंसारी, चिंता मणि गोप, सोमनाथ उरांव, लखन गोप, गोयंदा उरांव, किशोर पोद्दार व अभिराज रॉय आदि मौजूद थे।

रातू के काठीटांड़ में निकले जुलूस में शामिल कांग्रेस कार्यकर्ता।

खबर मन्त्र

रांची.सोमवार .07 अगस्त 2023

अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net

सिर्फ मोदी...

देश चुनावी रंग में रंग चुका है। 2024 में लोकसभा के चुनाव के पहले तीन राज्यों के चुनाव को लेकर भाजपा, कांग्रेस सहित सभी दल अपनी रणनीति तैयार कर रहें हैं। राहुल गांधी के सुप्रीम कोर्ट से जीत के बाद कांग्रेस उत्साहित है तो भाजपा के लिये मोदी नाम केवलव पर ही फोकस कर रही है। सिर्फ मोदी के नाम को लेकर बढ़ना भाजपा की एक ऐसी मजबूरी को प्रदर्शित करती है जो आने वाले दिनों के लिये एक संकट ही है। गुजरात के सीएम से देश के पीएम तक की यात्रा में मोदी की लोकप्रियता पर कोई संदेश नहीं है। प्रधानमंत्री के पद की गरिमा और भ्रष्टाचार मुक्त पीएमओ उनकी सबसे बड़ी ताकत रही है। लेकिन इस पूरे प्रकरण में व्यक्तिवाद का उदय होता है जैसा इंदिरा गांधी पर आरोप लगता रहा है। इंदिया इज इंडिया के नारे के बाद आज भारतीय जनता पार्टी के पास मोदी नाम केवलम की स्थिति बन गयी है। भाजपा से निकले संदेश से यह साफ हो गया है कि मोदी ही चेहरा होंगे चाहे चुनाव राजस्थान का हो या मध्य प्रदेश का। इसके पीछे मजबूत कारण भी है। आज भी पीएम मोदी को लेकर जनमानस में एक बड़ा विश्वास बना हुआ है। यह विश्वास उनके गुजरात के विकास के पैटर्न से लेकर देश को दुनिया की सबसे तेज बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था के तौर पर स्थापित करने के ऐलान को लेकर भी है। उनकी कार्यशैली की दक्षता, देश के लिये निर्णय लेने का हिम्मत और प्रतिपक्ष पर सही हमला करने के कारण बनी है। लेकिन भाजपा में दूसरे स्तर पर किसी नेता का न पनप पाना स्वभूः तौर पर योगी, गडगरी, राजनाथ सिंह और अमित शाह की चर्चा से दल का भला नहीं होगा। राज्यों के चुनाव में सिर्फ मोदी का नारे की सफलता पर पूरा भरोसा करना भाजपा को कठिनाई में डाल सकता है। भारतीय चुनावी माहौल में 5 से 10 प्रतिशत मतदाता परिवर्तन भी पंसद करते हैं।

फर्जी यूनिवर्सिटी?

दुनिया में सबसे ज्यादा युवाओं के इस देश में शिक्षा पर अपेक्षित खर्च बढ़ाने की जरूरत है। जब हम दावा करें कि ये ज्ञान की सदी है तो हमारी कोशिश भी होनी चाहिए कि हर आम छात्र के लिये ज्ञान पाने के अवसर सहज-सरल ढंग से उपलब्ध हों। क्या भारत ऐसी शिक्षा व्यवस्था के बूते विश्व गुरु बनने का सपना देख सकता है? पिछले दिनों विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने बीस फर्जी विश्वविद्यालयों की सूची जारी की है। साथ ही चेताया है कि इन विश्वविद्यालयों की डिग्री कहीं भी मान्य नहीं होगी। लेकिन सवाल यह है कि यह निर्णय लेने में इतनी देरी क्यों होती है? ये विश्वविद्यालय रातों-रात तो बन नहीं जाते। हजारों छात्र ऐसे होंगे जिन्होंने इन विश्वविद्यालयों में सालों पढ़ाई की होगी। भ्रामक विज्ञापनों व धनबल के आधार पर ऐसा माहौल तैयार किया जाता है कि यही विश्वविद्यालय सपनों का रास्ता है। क्या देश के सत्ताधीशों को नजर नहीं आता कि फलां विश्वविद्यालय कानूनी अर्हताएं पूरी नहीं करता। विडंबना देखिये कि हाल में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने जिन बीस विश्वविद्यालयों को जाली घोषित किया है उनमें से आठ राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में ही हैं, जहां देश के शिक्षा से जुड़े तमाम नियामक संस्थान स्थित हैं। आखिर वहां कैसे लंबे समय से कथित फर्जी विश्वविद्यालय चल रहे थे? सवाल यह भी कि उन छात्रों की क्षतिपूर्ति कैसे होगी, जिन्होंने इन विश्वविद्यालयों से डिग्री हासिल की है? मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय का दर्जा हासिल करके तमाम ऐसे शिक्षण संस्थान देश में खुल रहे हैं। ये छात्र इन डिग्रियों के आधार पर न तो आगे पढ़ सकते हैं और न ही नौकरी के लिये आवेदन कर सकते हैं। आखिर व्यवस्था की चूक का खमियाजा ये छात्र क्यों भुगतने को अभिशप्त हैं? आखिर उनके पैसे और अमूल्य समय की पूर्ति कौन करेगा?

क्यों बन रहीं हैं हिंदू धर्म का मजाक उड़ाने वाली फिल्में

आपको न जाने कितनी इस तरह की फिल्में मिल जाएंगी जिनमें हिंदू धर्म के देवी-देवताओं को अपमानित होते हुए या गलत तरीके से पेश किये जाते हुए दिखाया गया है। यह किनके इशारे पर हो रहा है। समझ नहीं आता कि अब हमारे यहां सार्थक फिल्में क्यों नहीं बनती? उसी तरह फिल्मकारों ने बच्चों की पृष्ठभूमि पर स्वस्थ व सार्थक फिल्में बनाना क्यों छोड़ दिया? कुछ फिल्म वाले हिंदू धर्म और हिंदू धर्म के आराध्य देवी-देवताओं के साथ बार-बार खिलवाड़ करके पता नहीं क्या साबित करना चाहते हैं ? राम भारत की आत्मा में है। भारत की राम के बिना कल्पना तक भी नहीं की जा सकती। नवजात शिशु के कान में पहला शब्द राम ही बोला जाता है और शवयात्रा में रामनाम सत्य है- कहकर ही मृतात्मा को अंतिम विदाई डी जाती है। उन्हीं राम और रामायण को लेकर एक बेसिर पैर की फिल्म ह्यआदिपुरुषह्ल बना दी जाती है और सहिष्णु हिन्दू चुपचाप बैठे रहते हैं। उस पर तगड़ा बवाल भी हुआ।

सवाल ये है कि क्या सेंसर बोर्ड में खासमखास ओहदों पर बैठे ज्ञानियों ने ह्यआदिपुरुषह्ल को देखा नहीं था? उन्होंने उसे प्रदर्शन की इजाजत कैसे दे दी? इसके संवाद एक दम घटिया हैं। अब आमिर खान की फिल्म ह्यपीकेह्ल को ही लें। इसमें भगवान शंकर के वेश में एक युवक को सड़कों पर बेताहशा दौड़ते हुए दिखाया गया था। क्या आमिर खान को यह दिखाना चाहिए था? अब लीना मनिमेकलाई की फिल्म 'काली' की बात कर लें। इसके पोस्टर में मां काली को सिगरेट पीते दिखाया गया है। क्या इससे हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस नहीं पहुंची? हिंदू धर्म और हिंदू देवी-देवताओं का अपमान करना एक तरह से फैशन होता जा रहा है। यह सिर्फ हिन्दू समाज की सहिष्णुता की वजह से हो रहा है। जिस दिन हिन्दू भी ईशनिंदा के मसले पर गंभीर हो जायेगा, हिन्दुओं का मजाक उड़ाने वालों का क्या होगा, यह सोचने की बात है।

जरा सोचिए कि जिस देश में 80 फीसद से अधिक हिंदू रहते हैं वहां पर ये गटर छाप फिल्में दिखाई जाती हैं। इसमें कोई शक नहीं है कि कंट्रोवर्सी खड़ी करने के लिए जानबूझकर फिल्मों के कंटेंट को हिंदू विरोधी बनाया जाता है। कुछ साल पहले अहमदाबाद के इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट यानी आईआईएम ने एक अध्ययन किया था। उन्होंने दावा किया था कि बॉलीवुड की फिल्में हिंदू धर्म के खिलाफ लोगों के दिमाग में धीमा जहर घोल रही हैं। फिल्मों के शैदाइयों को कई अन्य फिल्में भी याद आ जाएंगी जिनमें कला की स्वतंत्रता के नाम पर करोड़ों हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाई जाती रही।

मैं यहां सलमान खान की फिल्म ह्यटाइगर जिंदा है की खासतौर पर चर्चा करना जरूरी मानता हूं। इस फिल्म में पाकिस्तान की भारत विरोधी खुफिया एजेंसी इंटर सर्विस इंटेलीजेंस (आईएसआई) को भारत की हमदर्द एजेंसी के रूप में पेश किया गया था। तो क्या कुख्यात आईएसआई का हृदय परिवर्तन हो गया? क्या वह भारत की दोस्त और शुभचिंतक बन गई है? ह्यटाइगर जिंदा हैह्ल की कहानी का सार यह है इराक में भारत की नर्सें कट्टरवादी इस्लामिक संगठन आईएसआईएस के कब्जे में आ गई। उन्हें मुक्त करवाने के अभियान में भारत की सक्षम खुफिया एजेंसी रॉ का आईएसआई सहयोग करती है। इससे अधिक झूठ कुछ नहीं हो सकता। दिन को रात कहना कहां तक सही माना जाए? टाइगर जिंदा है को दर्शकों ने बहुत पसंद किया था। फिल्म हिट हुई थी। उसने तगड़ा बिजनेस भी किया था।

सवाल वही है कि क्या आप क्रिएटिव फ्रीडम की आड़ में कुछ भी दर्शकों को पेश कर देंगे? क्या सेंसर बोर्ड सोया हुआ था, जिसने ह्यटाइगर जिंदा हैह्ल को प्रदर्शन की अनुमति दे दी? कैसे इस फिल्म में आईएसआई को भारत के मित्र के रूप में दिखा दिया गया। आईएसआई का सारा इतिहास भारत में गड़बड़ और अस्थिरता फैलाने के उदाहरणों से अटा पड़ा है। पाकिस्तान को मालूम है कि वह सीधे युद्ध में भारत के सामने टिक नहीं सकता। कौन नहीं जानता कि मुंबई में 2008 में हुए खूनी आतंकवादी हमले और काबुल में भारतीय दूतावास को निशाना बनाकर किए गए विस्फोट के पीछे आईएसआई का ही हाथ था। ये दावा बीबीसी ने भी दो हिस्सों में प्रसारित अपने एक कार्यक्रम में किया था। इसे 'सीक्रेट पाकिस्तान' नाम दिया गया था। पर हम उसे अपने यहां एक मानवीय एजेंसी के रूप में खड़ा कर रहे हैं। भारत में जाली करेंसी का धंधा करवाने की भी फिराक में हमेशा आईएसआई रहती है। नोटबंदी के कारण 500 और एक हजार के नोट बंद करने के ऐलान ने आईएसआई की नींद उड़ा दी थी।

भारत में करोड़ों लोग मनोरंजन के लिए फिल्में देखते हैं। क्या उन्हें पीके, ह्यटाइगर जिंदा है, काली, आदिपुरुष जैसी फिल्में दिखाई जानी चाहिए? सेंसर बोर्ड को अधिक सजग होने की जरूरत है ताकि कोई कचरा फिल्म प्रदर्शित ना हो। फिल्में इस तरह की भी बने जो अंध विश्वास पर हल्ला बोलें और दर्शकों का स्वस्थ मनोरंजन करें। हमारी फिल्मों में फूहड़ता भरी होती है। उनमें से अधिकतर में कुछ संदेश नहीं होता। साफ है कि इस तरह की फिल्मों से कोई फायदा नहीं होने वाला। हमें श्याम बेनेगल जैसे दर्जनों फिल्मकार चाहिए जो सार्थक सिनेमा के प्रति प्रतिबद्ध हों। श्याम बेनेगल की आरम्भिक फिल्में 'अंकुर', 'निशांत' और 'मंथन' थीं।

मनोरंजन और सामाजिक सरोकार के बीच संतुलन बनाए रखने की कोशिश में बेनेगल ने अपनी बाद की फिल्मों 'कलयुग' , 'जुनून' , 'त्रिकाल' और 'मंडी' से ग्रामीण पृष्ठभूमि को छोड़ कर नाटकीय और शहरी विषय-वस्तुओं पर फिल्में बनानी शुरू कीं। श्याम बेनेगल जैसे कई और भी हमारे यहां फिल्मकार हैं। पर उनकी संख्या बहुत कम है। बुजुर्ग हो रहे हिन्दुस्तानियों को आज भी बूट पॉलिश, अब दिल्ली दूर नहीं और जागृति जैसी महान बाल फिल्में याद होंगी। ये सब कालजयी फिल्में थीं। पर अब कहां बनती है इस तरह की अमर फिल्में।

(लेखक पूर्व सांसद और लेखक हैं।)

-आरके सिन्हा

> भारत में करोड़ों लोग मनोरंजन के लिए फिल्में देखते हैं। क्या उन्हें पीके, टाइगर जिंदा है, काली, आदिपुरुष जैसी फिल्में दिखाई जानी चाहिए? सेंसर बोर्ड को अधिक सजग होने की जरूरत है ताकि कोई कचरा फिल्म प्रदर्शित ना हो। फिल्में इस तरह की भी बने जो अंध विश्वास पर हल्ला बोलें और दर्शकों का स्वस्थ मनोरंजन करें। हमारी फिल्मों में फूहड़ता भरी होती है।

खास बात

शिक्षा का स्तर

सुधांशु कुमार

ग्रामीण भारत में आमतौर पर शिक्षक किसी विषय के विशेषज्ञ नहीं होते हैं, उनके पास अक्सर सिर्फ स्नातक की डिग्री होती है, और कुछ के पास थोड़ा-बहुत शिक्षण-प्रशिक्षण का अनुभव भी। छात्र-शिक्षक संबंधों में जवाबदेही तय करनी होगी। हमें शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण विधा में प्रशिक्षित करने की जरूरत है, जिससे उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा परिणाम देने के काबिल बनाया जा सके, जबकि मौजूदा शिक्षकों को अपने कौशल को उन्नत बनाने का मौका दिया जाना चाहिए। उनके काम की निगरानी के लिए एक मूल्यांकन प्रणाली बनानी होगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में शिक्षकों के लिए महत्वपूर्ण निहितार्थ हैं- इसमें प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में बदलाव पर ध्यान दिए जाने के साथ ढेरों संस्थागत सुधार शामिल हैं। नई शिक्षा नीति में अध्यापन के लिए जरूरी न्यूनतम डिग्री बी.एड. है। शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को अब विद्यालय पाठ्यक्रम को ध्यान में रखते हुए चार हिस्सों में बांट दिया गया है। जो शिक्षक जिन विषयों में पढ़ाना चाहते हैं, उन्हें टीईटी या एनटीए में उन विशिष्ट विषयों में अंकों के आधार पर काम पर रखा जाएगा। इसके साथ ही टीईटी पास करने वालों का साक्षात्कार में स्थानीय भाषा का ज्ञान भी परखा जाएगा। शिक्षकों से अब हर साल करीब 50 घंटे के नियमित प्रोफेशनल डेवलपमेंट कोर्स में शामिल होने की अपेक्षा होगी। इसके अलावा एनसीटीई द्वारा शिक्षकों के लिए गाइडलाइंस के रूप में राष्ट्रीय व्यावसायिक मानक बनाए जाएंगे। कार्यकाल, पदोन्नति तथा वेतन संरचना के लिए एक योग्यता-आधारित ढांचा विकसित किया जाएगा। विश्वविद्यालय तेजी से उच्च शिक्षा के नगरपालिका स्कूलों में परिवर्तित हो रहे हैं, दूसरी तरफ अधिकांश निजी संस्थान में दाखिला और डिग्री हासिल करने के लिए भारी कैपिटेशन फीस लगती है। विचार, रचनात्मकता, अनुसंधान और नवाचार को हतोत्साहित करते हुए यह व्यवस्था बौद्धिक कायरता को बढ़ावा देती है। राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (आरयूएसए) योजना, 2013 विकेंद्रीकरण की ओर उन्मुख है, लेकिन यह ठीक से लागू नहीं हो सकी।

दिमाग पर नियंत्रण

धर्म-प्रवाह

स्वामी निरंजनानंद सरस्वती

कैसे हम चुप चाप वाले दिमाग को नियंत्रित और रोक सकते हैं?

हम मन को रोकने की बहुत कोशिश करते हैं। जब भी हम बैठ जाते हैं, ख्याल आते हैं। हम आक्रोशित होते हैं और संघर्ष होता है। मन का एक पहलू दूसरे पहलू से लड़ता है और अधिक तनाव पैदा होता है। हम सनकी, भ्रमित और उदास हो जाते हैं। इस लगातार बातचीत से बाहर निकलने के लिए हम अपना ध्यान भटकाने के लिए बाहर की कुछ तलाश करते हैं, क्योंकि बातचीत बंद नहीं होगी। जब ध्यान किसी अन्य जगह घुमा दिया जाता है, और किसी चीज से पहचान लिया जाता है, तब हम चुप रहते हुए मन का निरीक्षण बंद कर देते हैं, लेकिन फिर भी मन दिन, अंदर, दिन और बाहर बातें करता रहता है। कुछ लोगों को पता है और कुछ लोगों को पता नहीं है। हम बातों से तभी वाकिफ होते हैं जब हम खुद को संतुलित और ऊर्जा देने के लिए किसी तरह की खामोशी और शांति खोजने की कोशिश करते हैं। मन के साथ संघर्ष करना बंद करो और इसे देखना शुरू करो - देखता हूँ कि मन कैसे बात करता है।

अपनी बात करने के लिए एक वस्तुनिष्ठ साक्षी बनें। तीसरे व्यक्ति बने और प्रक्रिया का अवलोकन करें। थोड़ी देर बाद यह बढ़ी हुई जागरूकता आपको मन की बातों से दूर ले जाएगी।यह मंगल और बृहस्पति के बीच हमारे सौरमंडल में क्षुद्रग्रह बेल्ट जैसा है। इतने सारे पत्थर और पत्थर इधर उधर तैर रहे हैं और हम मंगल ग्रह से परे जाने की कोशिश करते हैं।

रोचक ट्वीट

समृद्ध आदिवासी संस्कृति और सभ्यता को एक बार फिर हर्षोल्लास से जियेगा झारखण्ड।आगामी 9 और 10 अगस्त को रांची स्थित बिरसा मुण्डा स्मृति उद्यान में नए स्वरूप में झारखण्ड आदिवासी महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। **- हेमंत सोरेन, सीएम**

विकसित होने के लक्ष्य की तरफ कदम बढ़ा रहा भारत, अपने अमृतकाल के प्रारंभ में है। नई ऊर्जा है, नई प्रेरणा है, नए संकल्प हैं।इसी आलोक में आज भारतीय रेल के इतिहास में भी एक नए अध्याय की शुरूआत हो रही है। **-अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**

जम्मू-कश्मीर में धारा 370 ने यहां के गरीब और वंचित को उनके अधिकार से दूर रखा। धारा 370 की समाप्ति के साथ ही यहाँ के लोगों को उनके अधिकार मिलने शुरू हुए।

- अमित शाह

इस बार राजस्थान का चुनाव वसुंधरा नहीं, बल्कि मोदी के नाम पर लड़ेगी

सामयिक

रमेश सर्राफ धमोरा

पिछले विधानसभा चुनाव में तो वसुंधरा राजे के खिलाफ जनता का आक्रोश इतना अधिक हो गया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में आयोजित चुनावी जनसभाओं में जनसमूह 'मोदी तुझसे बैर नहीं वसुंधरा तेरी खैर नहीं' के नारे लगाता था।

राजस्थान विधानसभा के चुनाव होने में चार महीने से भी कम का समय रह गया है। सभी राजनीतिक दल अपनी चुनावी तैयारियों में जुट गए हैं। प्रदेश में सत्तारुढ़ कांग्रेस व भाजपा ने भी अपना सांगठनिक ढांचा मजबूत बना लिया है। मंडल, ब्लॉक, जिला से लेकर प्रदेश कार्यकारिणी का गठन हो चुका है। कांग्रेस पार्टी चुनाव में जाने को पूरी तरह तैयार नजर आ रही है। ऐसे में भाजपा भी जोरों से चुनावी तैयारियां कर रही है। भाजपा के बड़े नेता चाहते हैं कि राजस्थान में हर बार राज बदलने की परंपरा को इस बार भी कायम रखा जाए। उसी परंपरा के तहत प्रदेश में एक बार फिर भाजपा की सरकार बनाई जाए।

इस बार के चुनाव में भाजपा पहले से हटकर कुछ नया करने जा रही है। भाजपा द्वारा राजस्थान विधानसभा के अब तक लड़े गये सभी चुनावों में पार्टी एक नेता का नाम घोषित कर उनके चेहरे पर चुनाव लड़ती रही थी। पहले भैरोंसिंह शेखावत राजस्थान में भाजपा के चेहरे हुआ करते थे। उनके बाद 2003 से लेकर 2018 तक के चुनाव में वसुंधरा राजे को नेता घोषित कर पार्टी चुनाव लड़ती रही थी। मगर इस बार के चुनाव में ऐसा नहीं होगा। इस बार भाजपा आलाकमान ने पूरा चुनाव एक नए अंदाज में लड़ने का फैसला किया है। भाजपा इस बार राजस्थान के किसी भी नेता को पार्टी का चेहरा घोषित कर चुनाव नहीं लड़ेगी। पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ेगी। इसका खुलासा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राजस्थान दौरे के दौरान सीकर मीटिंग में पूरी तरह हो चुका है।भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा हाल ही में घोषित की गई राष्ट्रीय कार्यकारिणी में वसुंधरा राजे को फिर से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। यह इस बात का संकेत है कि उनको राजस्थान की राजनीति से हटाकर राष्ट्रीय राजनीति में सक्रिय किया जाएगा। हालांकि वसुंधरा राजे पिछले लंबे समय से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनी हुई हैं। मगर उनके पास दिल्ली में पार्टी की कोई भी जिम्मेदारी नहीं है। पिछले दिनों जरूर उनको झारखंड की चार लोकसभा सीटों कोडरमा, दुमका, गिरिडीह और गोड्डा भेजकर पार्टी के पक्ष में प्रचार करवाया गया था। उसके अलावा उन्होंने आज तक राष्ट्रीय पदाधिकारी के रूप में किसी भी प्रकार की कोई भूमिका नहीं निभाई है।

वसुंधरा राजे स्वयं राजस्थान नहीं छोड़ना चाहती हैं। उनके समर्थक भी चाहते हैं कि राजे प्रदेश की राजनीति में ही सक्रिय रहें। ताकि अगले विधानसभा चुनाव के बाद उन्हें फिर से मुख्यमंत्री बनने का मौका मिल सके। मगर भाजपा आलाकमान किसी भी स्थिति में ऐसा नहीं होने देना चाहता है। इसीलिए पार्टी ने फैसला किया है कि अगला विधानसभा चुनाव बिना नेता के ही लड़ेंगे।

भाजपा राजस्थान में कांग्रेस सरकार के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर का फायदा उठाकर भ्रष्टाचार के मुद्दे को हवा देना चाहती है। राजस्थान में पेपर लीक प्रकरण, राजस्थान लोक सेवा आयोग प्रकरण, शिक्षक भर्ती घोटाला व भ्रष्टाचार के अन्य मुद्दों को हवा देकर भ्रष्टाचार को मुख्य मुद्दा बनाना चाहती है।

ऐसे में यदि भाजपा वसुंधरा राजे को चेहरा बनाकर चुनाव लड़ती है तो कांग्रेस के खिलाफ भ्रष्टाचार का मुद्दा कमजोर हो जाएगा। वसुंधरा राजे के आगे आते ही कांग्रेस भाजपा का हथियार उन्हीं के खिलाफ प्रयोग में ला सकती है।

कॉर्टून वर्ल्ड

साभार कॉर्टूनमूवमेंट डॉट कॉम

लेटर टू एडिटर

एआई का प्रभाव

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के प्रसार ने विभिन्न उद्योगों में परिवर्तनकारी संभावनाओं को खोल दिया है। साइबर सुरक्षा, कानून प्रवर्तन एजेंसियों और भविष्यसूचक बाजार/मौसम विश्लेषण सहित विभिन्न क्षेत्रों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में उभरी है। एआई-संचालित फर्जी योजनाएं शुरू करने के लिए एआई का यूज होगा। **- रवि, रांची**

आइटी का प्रभाव

जैसे-जैसे प्रौद्योगिकी हमारी दुनिया को नया आकार दे रही है, जी20 देशों को उद्योग, शिक्षा, सरकार और विषय वस्तु विशेषज्ञों के सहयोग से अपराध और सुरक्षा के संदर्भ में एनएफटी, एआई और मेटावर्स द्वारा उत्पन्न चुनौतियों का समाधान करने के लिए सक्रिय रूप से काम करने की आवश्यकता है। आई टी जितना सुविधाजनक है उतना ही खतरनाक भी। इसे समझना होगा। **- प्रीति, हजारीबाग**

न्यूजीलैंड की पूर्व मंत्री के आचरण से सबक सीखेंगे देश के नेता?

सामयिक

योगेंद्र योगी

देश में वर्तमान में कुल 4001 विधायक हैं। जिसमें से 1,777 यानी 44 फीसदी नेता हत्या, बलात्कार, अपहरण जैसे अपराधों में लिप्त रहे हैं। वहीं वर्तमान लोकसभा में भी 43 फीसदी सांसद आपराधिक मामलों में घिरे हैं। देशभर में माननीयों के खिलाफ कुल 5097 मुकदमे लंबित हैं।

वैश्विक राजनीति में शुचिता और नैतिकता के उच्च मानदंड स्थापित करते हुए न्यूजीलैंड की न्याय मंत्री किरी एलन ने एक कार को टक्कर मारने के आरोप में अपने पद से इस्तीफा दे दिया। यह हादसा वेलिंग्टन में हुआ। इतना ही नहीं घटना के बाद पुलिस ने मंत्री को हिरासत में ले लिया।

देश में वर्तमान में कुल 4001 विधायक हैं। जिसमें से 1,777 यानी 44 फीसदी नेता हत्या, बलात्कार, अपहरण जैसे अपराधों में लिप्त रहे हैं। वहीं वर्तमान लोकसभा में भी 43 फीसदी सांसद आपराधिक मामलों में घिरे हैं। देशभर में माननीयों के खिलाफ कुल 5097 मुकदमे लंबित हैं। इनमें 40 फीसद पांच साल से ज्यादा पुराने हैं। नौ साल पहले सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया था कि सांसदों-विधायकों के खिलाफ मामलों का निपटारा त्वरित गति से कर एक साल के अंदर निपटाया जाना है। इसके लिए विशेष अदालतों का भी प्रावधान हो गया। लेकिन स्थिति यह है कि वर्तमान में पांच हजार से ज्यादा ऐसे केस लंबित हैं और 40 फीसद केस पांच से ज्यादा वक्त से लटके हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 10 अगस्त 2021 को सांसदों विधायकों के खिलाफ लंबित आपराधिक मुकदमों की जल्द सुनवाई सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिया था कि इन विशेष इसे देखते हुए न्यायमित्र हंसारिया ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल 18वीं रिपोर्ट में 10 अगस्त 2021 के आदेश में संशोधन का सुझाव दिया था। न्यायमित्र की रिपोर्ट में एडीआर की जुलाई 2022 की रिपोर्ट के हवाले से कहा गया है कि लोकसभा के 44 फीसद सांसद और राज्यसभा के 31 फीसद सांसदों के खिलाफ आपराधिक मुकदमे लंबित हैं।

अपराधों के मामलों में सांसदों के साथ राज्यों के विधायक भी पीछे नहीं हैं। सुप्रीम कोर्ट की एक शर्त के मुताबिक किसी भी नेता को विधायक बनने से पहले एक स्वघोषित हलफनामा फाइल करना होता है, जिसमें उस पर कितने आपराधिक मामले दर्ज हो चुके हैं इसकी विस्तृत जानकारी दी जाती है। इसी हलफनामे के अनुसार भारत के कुल विधायकों में से 44 प्रतिशत विधायकों के खिलाफ आपराधिक मामले लंबित हैं। देश में वर्तमान में कुल 4001 सिटिंग विधायक हैं। जिसमें से 1,777 यानी 44 फीसदी नेता हत्या, बलात्कार, अपहरण जैसे मामलों के आरोपों का सामना करना रहे हैं। नेताओं पर लगे कुछ आरोप तो मामूली या राजनीतिक हैं, लेकिन ज्यादातर विधायकों के खिलाफ हत्या की कोशिश, सरकारी अधिकारियों पर हमला और चोरी जैसे गंभीर आरोप हैं। सन 2004 में जनप्रतिनिधियों पर आपराधिक मामलों की संख्या 22 फीसदी थी, जोकि अब दोगुनी हो गई है। ये आंकड़े बताते हैं कि राजनीति को अपराध मुक्त बनाने की लाखों कोशिशों के बावजूद ऐसे विधायकों, सांसदों की संख्या बढ़ती ही जा रही है, जिनके खिलाफ आपराधिक मुकदमे चल रहे हैं। आपराधिक मामलों का सामना कर रहे इन 1,777 नेताओं पर कोई छोटे-मोटे आरोप नही हैं।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 95708-48433

पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष बने कुमेश्वर

गिद्दी । जदयू प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो एवं झारखंड प्रदेश के सह प्रभारी विजय सिंह ने हजारीबाग जिले के डाड़ी प्रखंड के होसिर गांव निवासी कुमेश्वर महतो को झारखंड प्रदेश का उपाध्यक्ष बनाया । महतो ने कहा कि कुमेश्वर महतो के प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर झारखंड प्रदेश में पार्टी और मजबूत होगा। इस अवसर पर युवा जदयू के जिला अध्यक्ष प्रदीप रजक, रामगढ़ जिला अध्यक्ष भूषण उरांव, दिनेश्वर महतो,संजय राम, महेंद्र तुरी,श्रवण कुमार, डी. अब्राहिम,निर्मल यादव,परमेश्वर यादव,राजेंद्र कुमार ,अकबर अंसारी ,मुकेश मुंडा, बिरसा उरांव इत्यादि कार्यकताओं ने कुमेश्वर महतो को बधाई दी।

सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन

भुरकुंडा (रामगढ़)। राष्ट्रीय सेवा मंच ने इस रविवार को भी साप्ताहिक बाजार भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुल-पत्तल बेचने आये गरीबों को भोजन कराया। इस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जयसवाल, प्रो. रामानुज सिंह एवं शिक्षक भुपेन्द्र वर्णवाल उर्फ रिंकू ने 120 गरीब महिला-पुरूष व बच्चों के बीच पुरी-सब्जी व खीर का वितरण किया। मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने कहा कि सबों के सहयोग से मंच द्वारा पिछले 8 वर्षों से गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है जो कि आगे भी जारी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि मंच का उद्देश्य ही गरीबों की सेवा है जो निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा होता है। गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है। श्री सिंह ने ऐसे नेक और सामाजिक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, भुपेन्द्र वर्णवाल उर्फ रिंकू, डॉ जयश्री मेहता, राकेश शर्मा, राजेश श्रीवास्तव, लालू उरांव, विरेन्द्र पांडेय, रेणुका देवी, दिलीप गंझू, लखन राम, सुकरा करमाली, संजू सिन्हा आदि का विशेष योगदान रहा।

ब्लैक बेल्ट कराटेकार हुए सम्मानित

भुरकुंडा (रामगढ़)। मार्शल आर्ट सितोरियू कराटे डू फेडरेशन ऑफ भुरकुंडा शाखा के तत्वावधान में रविवार को भुरकुंडा पंचायत भवन में ब्लैक बेल्ट कराटेकारों को सम्मानित किया। सम्मान समारोह में मुख्य प्रशिक्षक राकेश एक्का व सेंसाई कंचन दास उपस्थित थे। भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान व युवा कांग्रेस के बड़कागांव विधानसभा अध्यक्ष जयंत तुरी ने ब्लैक बेल्ट प्राप्त किये कराटेकारो को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर अजय पासवान व जंयत तुरी ने कहा कि कराटे आत्मरक्षा का बेहतर साधन है। इससे शारीरिक व मानसिक विकास तो होता ही है, यह हमें अनुशासन की भी सीख देता है। उन्होंने बेहतर स्वास्थ्य के लिए सबों से नियमित रूप से योग व कराटे का प्रशिक्षण लेने के अपील की। मौके पर अनमिता कुमारी, श्रृष्टी कुजूर, आस्था सिंह, मयंक कुमार, मिहिर, स्मृती मुंड़ा, हर्ष राज, दीपक भुइयां, रेणूका देवी, शिव शंकर भूईया, संतोष कुमार, रंजित कुमार, संदेश मुंडा, सन्नी सिंह, रिना कजूर सहित अन्य लोग मौजूद थे।

बगान में मिला दस फीट का अजगर

भुरकुंडा (रामगढ़)। बुधबाजार दोतल्ला पंचायत में युवकों ने एक घर के बगान से दस फीट का अजगर मिला। जिसे युवाओं ने सकुशल जंगल में छोड़ दिया। जानकारी के अनुसार सीसीएल के आवास में लोगो ने अजगर को रेंगते हुए देखा। जिसके बाद लोगों ने सांप पकड़ने वाले को बुलाया। सूचना के बाद पहुंचे युवक ने अजगर को पकड़ कर जंगल में छोड़ दिया।

फसल योजना का वेरिफिकेशन

भुरकुंडा (रामगढ़)। झारखंड स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक के शाखा प्रबंधक संजय कुमार भारती उर्फ अमृत राज ने भुरकुंडा बिरसा चौक स्थित चिकोर पैक्स कार्यालय में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हेतु एफभीआर का वेरिफिकेशन किया। वेरिफिकेशन में सभी चीजें सही सही पाई गई जिसे शाखा प्रबंधक संजय कुमार भारती काफी संतुष्ट दिखें। ज्ञात हो कि चिकोर पैक्स को सीएससी आईडी प्राप्त है। जिससे किसानों को कई सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। किसानों को सुविधा हेतु चिकोर पैक्स लगातार सीएससी आईडी से किसानों का झारखंड राज्य फसल राहत योजना के तहत ऑनलाइन फार्म भरा जाता है एवं और कार्य भी किए जाते हैं। जिससे किसानों को लाभ प्राप्त होता है।

झामुमो ने शिक्षा अधिकारी को दिया ज्ञापन

भुरकुंडा (रामगढ़)। झारखंड मुक्ति मोर्चा रामगढ़ जिला संयुक्त सचिव उदय मालाकार ने पतरातू शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को मांग पत्र सौंपा है। सौंपे गये मांग-पत्र में राजकीय मध्य विद्यालय सीसीएल सौंदा के प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा बरती जा रही अनियमितता की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि विद्यालय वर्षों से दो खंडों में संचालित होता है। पहले खंड में कक्षा एक से पांचवीं व दूसरे खंड में कक्षा छह से आठवीं तक कलासेस संचालित होता है। लेकिन प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा बिना कोई आमसभा और बिना आला अधिकारियों की अनुमति के कक्षा 6 और 7 के बच्चों को एक में स्थानांतरित कर दिया गया। लाखों रुपयों की लागत से द्वितीय खंड में बना बिल्डिंग को खंडहर में तब्दील कर देना चाहते हैं। स्वयं यह प्रभारी एक भी क्लास नहीं कराते। दिन भर मध्यान भोजन बनवाने में और सामग्री लाने में व्यस्त रहते हैं। इतना ही नहीं पांच वर्ष पूर्व दोनों खंडों के लिए पंचायत समिति सदस्य सेंट्रल सौंदा की पहल पर लाखों रुपए की टेबल कुर्सी, बेंच और एसबीआई सौंदा शाखा के द्वारा कई पंखा विद्यालय को दिया गया। लेकिन वर्तमान समय में कुछ ही चीजें बची है और खंड दो के पुराने बिल्डिंग का दरवाजा खिड़की गायब है।

झारखंड टीचर ऑफिसर्स एम्प्लॉय फेडरेशन के हजारीबाग जिले का हुआ चुनाव

अध्यक्ष बने रंजीत, किशोरी सचिव

खबर मंत्र संवाददाता

हजारीबाग। झारखंड टीचर ऑफिसर्स एम्प्लॉय फेडरेशन झारओटीईएफ की जिला कार्यकारिणी के लिए जिला अध्यक्ष, जिला सचिव, जिला कोषाध्यक्ष तथा महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा का चुनाव स्थानीय जिला प्लस टू विद्यालय में रविवार को संपन्न हो गया। इसमें अध्यक्ष पद पर प्रकाश कुमार व रंजीत कुमार वर्मा, सचिव पद के लिए किशोरी महतो, संजय कुमार व संजय चंद्र, कोषाध्यक्ष पद पर कृपेश कुमार व गणेश कुमार, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्षा पद पर अख्तरी खातून व राखी सिंह प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में थे। चुनाव के शांतिपूर्ण तथा निष्पक्ष संचालन के लिए शिक्षक, जनसेवक, पशु चिकत्सक तथा पुलिस विभाग से मतदान अधिकारी तथा चुनाव पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए थे। राज्य पर्यवेक्षकों में प्रांतीय संयोजक आनंद किशोर साहू की अध्यक्षता में विशेष पर्यवेक्षक सह चुनाव समिति का गठन किया गया था। समिति के सदस्यों में सुधांशु कुमार सिंह, उप महासचिव, लोकेश कुमार, संयुक्त महासचिव, सुधा शर्मा महिला प्रकोष्ठ अध्यक्षा और मिथिलेश कुमार सहाय समन्वयक शामिल थे। मतदान का समय सुबह नौ बजे से शाम के चार बजे तक था। मतदान हेतु पांच मतदान केंद्र बनाए गए थे इसमें चार सामान्य एवं एक महिला मतदाताओं के लिए था। चुनाव का संचालन, निर्वाचन पदाधिकारी रौशन एलेन मरांडी संगठन सचिव हजारीबाग जोन ने किया। स्थानीय पर्यवेक्षक के रूप में रवीन्द्र चौधरी, अमित राम एवं रामबिलास पासवान को प्रांतीय समिति से नियुक्त किया गया था।

महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष पद पर 185 मत लाकर अख्तरी खातून ने राखी सिंह को पराजित किया। इससे पहले 1771 मतदाताओं में से 1391 सदस्यों ने मतों का प्रयोग किया। वहीं महिला प्रकोष्ठ में 428 मतदाताओं में से 323 ने मतदान में अपने मतों का प्रयोग किया।अध्यक्षः रंजीत कुमार वर्मा(727) ने 72 मतों से प्रकाश कुमार को हराया।

कोषाध्यक्षः गणेश प्रसाद(771) ने 157 मतों से कृपेश कुमार को हराया। सचिवः किशोरी महतो(674) 141 मतों से संजय चंद्र को हराया।

बरकाकाना जंक्शन जल्द बनेगा हाइटेक

खबर मन्त्र संवाददाता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया शिलान्यास

33 करोड़ आवंटित, 12 मीटर का बनेगा फुटओवर ब्रिज, लिफ्ट और एस्कलेटर दोनों होंगे

रामगढ़। रामगढ़ का बरकाकाना जंक्शन भी जल्द ही हाईटेक और आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा। प्रधानमंत्री ने रविवार को देश में 508 रेलवे स्टेशनों को पूर्ण रूप से विकसित करने की आधारशिला रखी, तो उसने बरकाकाना जंक्शन भी शामिल था। इस दौरान बरकाकाना जंक्शन पर सांसद जयंत सिन्हा मौजूद रहे। रेलवे अधिकारियों के साथ उन्होंने प्रधानमंत्री के इस कदम का स्वागत किया। सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि जैसे देश के 508 रेलवे स्टेशन पूर्ण रूप से विकसित किए जाएंगे, उसमें बरकाकाना को शामिल कर प्रधानमंत्री ने हजारीबाग संसदीय क्षेत्र को एक बड़ी सौगात दी है। बरकाकाना इस पूरे क्षेत्र का सबसे महत्वपूर्ण स्टेशन है। यह जल्द ही विश्व स्तरीय आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इस स्टेशन को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने के लिए 33 करोड़ का आवंटन किया गया है। सबसे महत्वपूर्ण 12 मीटर का फुट ओवर ब्रिज बनाने का निर्णय लिया गया है, जिसमें लिफ्ट और एस्कलेटर दोनों होंगे। इस स्टेशन के सौंदर्यीकरण की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। यात्री सुविधाओं जैसे शौचालय, प्रतीक्षालय भी काफी बेहतर हो जाएंगे। इसके अलावा स्टेशन पर बने हुए फुट ओवरब्रिज को एक लेबल में कर दिया जाएगा। कहीं से भी यात्रियों को प्लेटफार्म नंबर एक और उससे आगे जाने में कोई दिक्कत नहीं होगी। रेलवे के सीसीएम दयानंद ने बताया कि स्टेशन के सभी भवन, फूड कोर्ट के अलावा प्लेटफार्म को भी काफी सुसज्जित किया जाना है।

मुख्यमंत्री से मिला स्वास्थ्य सेवा संघ का प्रतिनिधिमंडल

बड़कागांव। विधायक अंबा प्रसाद के नेतृत्व में झारखंड प्रदेश स्वास्थ्य सेवा संघ बड़कागांव प्रखंड के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से विधानसभा के मुख्यमंत्री पक्ष में मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल ने कई मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री से प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि सरकार द्वारा ग्रामीण एवं शहरी सहिया दीदियों को मासिक प्रोत्साहन राशि के बदले वेतनमान, पेंशन का लाभ, सहियाओं के आकस्मिक मृत्यु होने पर 50 लाख रुपए आर्थिक सहयोग दिए जाने सहित अन्य माँगें रखी। विधायक ने मुख्यमंत्री से उनकी माँगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने का अनुरोध किया जिस पर मुख्यमंत्री ने झारखंड प्रदेश स्वास्थ्य सहिया संघ को आश्वस्त किया की उनकी माँगों पर उचित कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर विधायक दशरथ गगराई, झारखंड प्रदेश स्वास्थ्य सेवा संघ की सहिया दीदी विमला कुमारी, सीमा देवी, सरस्वती देवी, सुषमा देवी, गीता देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

बच्चों को अच्छी शिक्षा दे मुस्लिम समाज : क्यूम

खबर मन्त्र संवाददाता

गरजामो में जलसा आयोजित

बरही। गरजामो में जलसा हुआ। इस जलसा का इमाम हाफिज तैयब की अध्यक्षता में व संचालन दानिस इकबाल ने किया। इस जलसा में कोलकाता से आए कारी निसार साहब ने इमामे हसन एवं हुसैन ने कहा कि बलिदान, त्याग दीन को हरा करने के लिए अपने सिर का बलिदान कर दिया परंतु सिर झुकने नही दिया।

मस्केडीह के प्राचार्य ने इमामे हुसैन के लिए कई कसीदे पढ़े। शायरे इस्लाम में भदोही उत्तरप्रदेश के शोएब रजा खान, साजिद रजा, साजिद मुफ्ती मुजाहिद साहब के सरपरस्ती में जलसा में शामिल होकर जलसा का मान बढ़ाया है।कार्यक्रम में अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के अध्यक्ष सह पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कयूम, हाजी हासिम साहब, सामाजिक कार्यकर्ता पप्पू खान, पंचायत समिति सदस्य रमजान अंसारी, मो मंसूर आलम उपस्थित रहें। इस कार्यक्रम में मो कयूम ने भी अपने विचार रखे। मो क्यूम ने कहा कि मुस्लिम समाज के बच्चों को अच्छी शिक्षा हासिल करने की हरसंभव कोशिश करनी चाहिए। बच्चे देश के भविष्य होते हैं। मौके पर गुलाम अजहर, मो सदाम, आरीफ अंसारी, महफूज, डॉ खलील, अब्दुल जलील, मो ईम्तियाज, उस्मान मियां, हनीफ मियां, सिकंदर सुलेमान ठिकेदार, अली हुसैन, अबरार अंसारी, समीम अंसारी, मंजूर अंसारी, मो हसमत अलीम अंसारी, मो ताजीम, फकरू उद्दीन फारुक अंसारी, रियाज अंसारी आदि उपस्थित थे।

जनप्रतिनिधियों ने पतरातू प्रखंड को बाल विवाह मुक्त बनाने का लिया संकल्प

भदानीनगर (रामगढ़)। कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन के तत्वावधान में रविवार को कुरसे पंचायत भवन में अग्रगति संस्था द्वारा चयनित मुखिया एवं वार्ड सदस्यों की बैठक हुई। बैठक में रामगढ़ जिला को बाल विवाह मुक्त बनाने को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान बाल विवाह, बाल तस्करी एवं यौन शोषण पर चलाये जा रहे ऐक्सिस टू जस्टिस कार्यक्रम के बारे में भी विस्तार से हुई। संस्था के सदस्यों ने बताया कि पतरातू प्रखंड के तीस गावों में इस कार्यक्रम को चलाया जा रहा है। इसमें स्वयं सहायता समूह, बाल सांसद, शिक्षक अभिभावक, माता समितियों के बीच जागरूकता कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक, जागरूकता रैली आदि का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जनप्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। कहा गया कि बाल विवाह का मुख्य कारण गरीबी, अशिक्षा व जागरूक न होना है। इस गंभीर मसले को हमसभी को मिलकर रोकना होगा।

महान व्यक्तित्व व प्रेरणास्रोत थे ओपी जिंदल

खबर मन्त्र संवाददाता

जन्मदिन पर विशेष

आजीवन दलितों-पिछड़ों, किसानों युवाओं और महिलाओं के हितों के लिए किया संघर्ष

बासल (रामगढ़)। महान व्यक्तित्व एवं प्रेरणा स्रोत ओपी जिन्दल जिन्हें प्यार और सम्मान से बाऊजी पुकारा जाता है। एक महान दूरद्रष्टा थे। मातृभूमि के प्रति प्रेम से प्रेरित होकर उन्होंने भारत को आत्मनिर्भरता की राह दिखाई। उन्होंने अपनी मेहनत और प्रतिबद्धता से ओपी जिन्दल ग्रुप जैसे विशाल औद्योगिक समूह की स्थापना की। जो आज राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा ही रहा है। मानवता को भी एक नई दिशा दिखा रहा है। वे जननायक थे, जिन्होंने आजीवन दलितों-पिछड़ों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के हितों के लिए संघर्ष किया। बाऊजी की दूरदर्शिता का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि आज से 50 साल पहले ही उन्होंने आत्मनिर्भर भारत का सपना देखा और देश का भाग्य बदलने में अग्रणी भूमिका निभाई। बाऊजी की 93वीं जयंती पर शत शत नमन। हरियाणा के हिसार जिले स्थित नलवा गांव में 7 अगस्त 1930 को एक किसान परिवार में जन्मे श्री ओपी जिन्दल को बचपन से ही मशीनों से लगाव था। उनकी मौलिक सोच, बदलाव लाने का उनका जुनून और इन सबसे बढ़कर भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए किये गए उनके प्रयास ने उन्हें मशीनों से बात करने वाले शख्सियत के रूप में विश्व विख्यात कर दिया। उनका जन्म भले ही हरियाणा में हुआ हो, लेकिन पूरा भारत उनकी कर्मभूमि था। श्री जिन्दल ने 1952 में कोलकाता के निकट लिलुआ में एक स्टील पाइप, बेंड और सॉकेट फैक्ट्री लगाई और जन्मभूमि की सेवा के लिए वे वापस हिसार लौट आए। 1960 में उन्होंने हिसार में एक फैक्टरी लगाई जो आधुनिक भारत का एक गौरवपूर्ण मंदिर यानी ओपी जिन्दल ग्रुप का आधार बनी। वे एक जन्मजात इंजीनियर थे। उन्होंने स्वदेशी तकनीक पर आधारित जिन्दल इंडिया नामक एक पाइप मिल की स्थापना की, जिसे आज जिन्दल इंडस्ट्रीज के नाम से जाना जाता है। 1970 में उन्होंने जिन्दल स्ट्रिप्स लिमिटेड की स्थापना की और शुरू से ही अनुसंधान पर ध्यान दिया। इसके बाद जिन्दल सॉ, जेएसडब्ल्यू, जिन्दल स्टेनलेस और जिन्दल स्टील एंड पावर के रूप में इस वटवृक्ष का विकास हुआ जो आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्टील, पावर, माइनिंग, एवं इन्फ्रास्ट्रक्टर सेक्टर में उत्कृष्टता के उदाहरण हैं। हिसार में सफलता के बाद बाऊजी ने छत्तीसगढ़ (तत्कालीन मध्य प्रदेश) को अपनी कर्मभूमि बनाया। जहां से उन्होंने पूरे विश्व में समूह के विस्तार की योजना बनाई। रायगढ़ में जेएसपी का कोयला आधारित स्पंज आयरन प्लांट, जो दुनिया में अपनी तरह का सबसे बड़ा है, राष्ट्र निर्माण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का परिचायक है। 1990 के दशक में उन्होंने सीजीपी (कोयला से गैस बनाने का प्लांट) आधारित डीआरआई यानी स्पांज आयरन प्लांट के बारे में सपना देखा, जिसे जेएसपी के ओडिशा स्थित अंगुल प्लांट में स्थापना किया। बेटे नवीन जिन्दल को दुनिया में अपनी तरह के इस पहले प्लांट से बाऊजी की दूरदृष्टि का अनुमान लगा। एक अग्रणी उद्योगपति के रूप में बाऊजी ने सफलतापूर्वक सिर्फ उद्योग स्थापित नहीं किये बल्कि अपने प्लांट के आसपास रहने वाले समुदायों के कल्याण के लिए भी सदैव चिंतनशील रहे। आज भले ही सीएसआर आम बोलचाल में शामिल हो गया है लेकिन बाऊजी शुरू से ही समुदायों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध रहे। उन्होंने जहां कहीं भी फैक्टरी लगाई, वहां के लोगों के कल्याण के लिए उन्होंने स्कूल, अस्पताल और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराईं।

एक नजर में

पूर्व विधायक ने क्रिकेट टूर्नामेंट का किया उद्घाटन

हजारीबाग। बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के प्रखंड चलकुशा, ग्राम पंचायत मसकेडीह में केजीएन क्लब बरियोंन 02 के तत्वाधान में क्रिकेट टूर्नामें का आयोजन किया गया। पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, टूर्नामेंट का उदघाटन बैटिंग कर किए। उदघाटन मैच तेतरौन(कोडरमा) बनाम पलमा(हजारीबाग) के बीच खेला गया। मौके पर जिला परिषद सदस्या साबिता सिंह, मुखिया संघ अध्यक्ष आलोक सिंह, मुखिया प्रतिनिधि बिक्रम सिंह, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष दशरथ यादव, युवा नेता अनुज रवि, मनोहर चौधरी, अनिल यादव, श्याम वर्णवाल, शशि सिंह, इश्लाम अंसारी, तस्लीम रज्जाक, सैयद अंसारी, इजराइल अंसारी,कुमार अंतु, राजू यादव जितेंद्र चंद्रवंसी सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

चरही घाटी में टमाटर लदा वाहन पलटा

चरही। रविवार सुबह टमाटर से लदा वाहन पलटा। चालक बाल-बाल बचा। जानकारी के अनुसार पिकअप वाहन नंबर जेएच 10बीएम/95 89 नार्थ बिहार से टमाटर लादकर रांची जा रही थी।चरही घाटी में सड़क घुमावदार होने के कारण चालक का संतुलन बिगड गई, जिससे पलट गई। पिकअप पर लदे टमाटर एनएच-33 पर बिखरकर गया और कुछ घंटों तक सड़क जाम हो गया। जानकारी मिलने पर चरही थाना प्रभारी विक्रम कुमार ने पहुंचकर बिखरे हुए टमाटर एकत्रित कर किनारे किया गया। वाहन को क्रेन के माध्यम से उठाया गया।तब कहीं आवागमन सामान्य हुआ।

कायस्थ महासभा की महिलाओं ने मनाया सावन महोत्सव

हजारीबाग। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की महिला प्रकोष्ठ ने सावन महोत्सव में रंगारंग कार्यक्रम किया। यह कार्यक्रम प्रधान कैफेटेरिया हजारीबाग में आयोजित किया गया जिसमे बड़ी संख्या में महिला पुरुष चित्रांश बंधू शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के पूर्व जिला अध्यक्ष गिरिवर नंदन प्रसाद, जिला अध्यक्ष अरुण प्रभात सिन्हा, कार्यकारिणी अध्यक्ष बृज मोहन प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। र्यक्रम में चित्रांश परिवार के बच्चे बच्चों ने एक से बढ़कर एक डांस प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में निशांत प्रभात, प्रशांत प्रधान, शशिकांत सिन्हा, रूपेश कुमार सिन्हा, पीयूष कुमार सहित दर्जनों लोगों ने अपनी पत्नी के साथ रेम्प वॉक किया। सभी महिलाएं हरी रंग का साड़ी पहने हुई थी और सभी महिला एक साथ ग्रुप में जाकर स्टेज पर रेम्प वॉक का आनंद लिया। इस कार्यक्रम में महिलाओं के बीच कुर्सी रेस प्रतियोगिता का भी किया, विजेता और उपविजेता को प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. बीपी रानी सिन्हा, डॉक्टर मेजर पीके सिंहा, प्रमोद रंजन, डॉ कृष्ण कुमार, प्रभात प्रधान, प्रशांत प्रधान, रुपेश बिहारी लाला, शशिकांत अजय बक्शी सहित दर्जनों अन्य लोग मौजूद थे।

दारू में हर्षोल्लास के साथ होगी गणपति पूजा

दारू। फुटबॉल मैदान के समीप गणपति स्थान के प्रांगण में गणपति पूजा को लेकर बैठक संयोजक नवजीत सिन्हा की अध्यक्षता में की गई । बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी हर्षोउल्लास के साथ गणपतिकी पूजा अर्चना की जाएगी । नवजीत कुमार ने बताया कि विगत 19 वर्षों से पूजा का सफल संचालन किया जा रहा है । बैठक में मुख्य रूप से सचिव राजकुमार दास, कोषाध्यक्ष नागेंद्र कुमार सिन्हा, युवा अध्यक्ष रॉकी रवानी, पिंटू दास, भैया मंजीत सिन्हा, रौशन सिन्हा, प्रवीण सिन्हा, सुधीर सिन्हा, अंशुमान सिन्हा, आलोक राज सहित कई लोग उपस्थित थे ।

विहिप के पदमा प्रखंड अध्यक्ष बने राजेश मेहता

पदमा। विश्व हिंदू परिषद की बैठक हजारीबाग संघ कार्यालय में हुई, जिसमें पदमा प्रखंड के राजेश मेहता की घोषणा विश्व हिंदू परिषद पदमा प्रखंड अध्यक्ष के रूप में की गई। ऋषिकेश मेहता को प्रखंड सह मंत्री घोषित किया गया। वही सुबोध शर्मा को मठ मंदिर प्रमुख बनाया गया।श्री मेहता ने संगठन के द्वारा किए गए विश्वास पर खरे उतरने की बात कहते हुए संगठन के विस्तार पूरी निष्ठा पूर्वक करने की बात कही। उनके अध्यक्ष बनने पर कार्यकताओं ने बधाई देते हुए कहा कि अब अध्यक्ष के साथ मिलकर संगठन के कार्यो को और मजबूती प्रदान करेंगे।

ग्रामीणों ने लगाया 500 फलदार वृक्ष

बड़कागांव। ग्रामीणों ने बड़कागांव पूर्वी पंचायत के गुरुचट्टी के मंझला बाला में 500 फलदार पेड़ लगाकर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि दिन प्रतिदिन लोग पेड़ की कटाई कर रहे हैं। मौके पर प्रोफेसर सुरेंद्र कुशवाहा,झम्मन मेहता, केनरा बैंक प्रबंधक शशि कुमार बागे,बुढ़वा महादेव विकास सहकारी समिति के अध्यक्ष दामोदर प्रसाद मेहता,अरविंद कुमार,संदीप कुशवाहा,सुभाष सिंह,सुरेंद्र कुमार, प्रवीण कुमार,सरोज कुमार,सुनील कुमार,शशि भूषण कुमार,रामचंद्र महतो,नितेश कुमार,महेश राम, सिकंदर राम,मणिकांत सुमन, मोहनलाल,महेश कुमार,उदय कुमार शिव शंकर कुमार,संतोष कुमार,सरोज महतो,आदित्य सोनी, अनिल कुमार,उमेश मौर्य सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

पूर्व विधायक से मिले शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष

बरही। झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष मोहम्मद जहांगीर अंसारी शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान में सहयोग हेतु पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव से मिले।श्री अंसारी ने शिक्षकों के विभिन्न समस्याओं के निपटारे हेतु सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि वर्षों से शिक्षकों के प्रोन्नति का मामला लंबित है, जिससे शिक्षकों का काफी आर्थिक नुकसान हो रहा है। कई शिक्षक प्रोन्नति की आशा में सेवानिवृत्त भी हो चुके हैं। उन्होंने जानकारी दी कि हजारीबाग जिले में 124 प्रधानाध्यापक के पद वर्षो से रिक्त हैं । इस अवसर पर जिलाध्यक्ष के अतिरिक्त संजय कुमार यादव, राजेश कुमार शामिल थे।

सभी लोगों को खिलायें फाइलेरिया की दवा

बड़कागांव। उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के क्षेत्रीय फाइलेरिया पदाधिकारी डॉ श्याम किशोर कांत ने कहा कि फैलेरिया रोग का चेन रोकने के लिए हर लोगों को फलेरिया दवा खाना जरूरी है। भविष्य में लोगों को यह बीमारी न हो इसलिए सरकार ने उन्मूलन कार्यक्रम चला रही है। इस बार की अभियान में दवा का वितरण नहीं बल्कि तुरंत दवा खिलाना है। उन्होंने कहा कि 2 वर्ष से कम आयु, बहुत उम्रदराज, कमजोर, गंभीर बीमारी से ग्रसित, गर्भवती महिला एवं 1 सप्ताह के अंदर प्रसव महिला को फलेरिया का दवा खिलाना नहीं है। बीपी-शुगर से ग्रसित लोग जो स्वस्थ हैं उन्हें भी दवा लेना जरूरी है। इस मौके पर क्षेत्रीय कार्यालय के प्रधान लिपिक मोहम्मद सज्जाद अहमद तरुण कुमार सहित अन्य लोग शामिल थे।

गिरिडीह में बाबूलाल से मिले गणेश यादव

बरही। गिरिडीह जिले के मधुवन में भाजपा प्रदेश द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गणेश यादव ने प्रशिक्षण के दौरान होने वाले अनुभव को लोगों के साथ साझा करते हुए कहा कि प्रशिक्षण मेबकयी ज्ञानवर्धक बातें हुई। संगठन में सभी को प्रशिक्षण में भाग लेने की जरूरत है।प्रशिक्षण से लोगों में अतिरिक्त ऊर्जा मिलने का अनुभव प्राप्त होता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, केंद्रीय राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी तथा संगठन महामंत्री कर्मबीर सिंह का बौद्धिक प्राप्त हुआ। श्री यादव ने कहा कि ऐसे संगठन से संबंधित बौद्धिक प्राप्त होने से ज्ञान का द्वार खुल जाता है। यादव ने कहा कि पार्टी की नीति व सिद्धात की वजह से आज हर वर्ग के युवक युवतियां पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर 2024 के लोकसभा चुनाव में एकबार फिर प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र भाई मोदी को देखना चाहते हैं।

विष्णुगढ़ : कोनार नहर में फैली गंदगी

विष्णुगढ़। कोनार नहर के बायीं शाखा के कैनाल मे तकरीबन 10 से 15 फीट के लंबे और मोटे उगे घास की सफाई के लिए विभाग करीब 15 लाख रुपए लागत लगा कर नहर की सफाई करवाया, लेकिन वो भी आधी अधूरी सफाई की गई ।आधी अधूरी सफाई छोड़ कर संवेदक लापता है। सफाई का कार्य जीरो पॉइंट से अलपिटो एनएच 100 तक जो लगभग 5 किलोमीटर है। लेकिन संवेदक कुंजलाल महतो द्वारा चौथा के हरिजन टोला के पास लगभग एक किलोमीटर तक के कैनाल की सफाई नहीं की। जबकी नहर के घास निकाई मे मेन पावर कम व पुरे कार्य को बड़े बड़े मशीन लगा कर करवाया गया था बावजूद उक्त स्थल पर आज भी घास और गंदगी पूर्व की तरह पड़ा है। मामले पर संवेदक का पक्ष जानने के लिए कई बार संपर्क किए जाने के बावजूद संवेदक फोन नहीं उठाया।

भोलेनाथ पर चढ़ाए जाने वाले बिल्वपत्र की क्या है खासियत

जग्गी बासुदेव

सद्गुरु से भक्त ने पूछा- शिव जी को चढ़ाए जाने वाले बिल्वपत्र की क्या है खासियत, ये था उनका जवाब

यह हमेशा कहा गया कि बिल्व शिव को प्रिय है। उनके लिए सबकुछ एक है। प्रवचन में आगे सद्गुरु कहते हैं कि ऐसा नहीं है कि ये शिव को प्रिय है।

सद्गुरु जग्गी वासुदेव से एक भक्त ने पूछा कि शिव को चढ़ाए जाने वाले बिल्वपत्र की खासियत क्या है। साथ ही इसे भगवान शिव को क्यों चढ़ाया जाता है। इस प्रश्न का उत्तर देते हुआ उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने कुछ फूलों और पत्तियों का संरक्षण करने की कोशिश की है, जिन्हें पवित्र माना जाता है। कई बार लोग किसी एक फूल को दूसरे से पवित्र मानते हैं, जो कि गलत है।

एक उदाहरण देते हुआ सद्गुरु ने कहा कि नीम का फल और आम दोनों एक ही मिट्टी से निकलते हैं, लेकिन उनका स्वाद अलग-अलग है। इसलिए मनुष्य का ये जीवन जो इस मिट्टी के साथ प्रक्रिया करता है और वो जीवन जो इसी मिट्टी के साथ जो प्रक्रिया करता है, वो अलग-अलग होती है। परंतु मनुष्य इसी मिट्टी से जो चीजें बनाता है वो अलग-अलग होती हैं। समाज में इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि मनुष्य कितने तरीके से समाज और लोगों को बराबर रखने की कोशिश की है। समाज में कुछ लोग सबसे अलग होते हैं जबकि कुछ साधारण से बने रहते हैं, ऐसा हर हाल में होता है। ऐसे ही जीवन के दूसरे रूपों के लिए भी होता है।

ये सच है कि पेड़ों के साथ ही ऐसा ही है। ऐसे में जो लोग आध्यात्मिक मार्ग पर हैं वे लगातार सर संभव तरीकों से सहारा ढूंढते हैं। क्योंकि जब मनुष्य एक लंबी यात्रा पर होता है तब वह हर छोटे से छोटे सहारा का इस्तेमाल करना चाहता है। आगे सद्गुरु बताते हैं कि लोगों ने हर उस छोटी से छोटी चीज को पहचाना जो उसके लिए सहायक हो सकती है। ऐसे में वह फूलों और पत्तियों का भी सहारा लिया। यह हमेशा कहा गया कि बिल्व शिव को प्रिय है। उनके लिए सबकुछ एक है। प्रवचन में आगे सद्गुरु कहते हैं कि ऐसा नहीं है कि ये शिव को प्रिय है। इसके शिव को प्रिय होने का अर्थ है कि एक तरह से इसके स्पंदन उस तत्व के सबसे ज्यादा करीब है जिसे हम शिव कहते हैं।

ऐसे ही मनुष्य ने कई चीजें पहचानी है और सिर्फ वही चीजें अर्पित की जाती है। क्योंकि वे मनुष्य के लिए संपर्क बनाने का साधन बन जाती हैं। मनुष्य बिल्वपत्र को भगवान के पास छोड़ नहीं आता बल्कि वे इसे अपने साथ ले आते हैं। क्योंकि उस पत्ती में स्पंदन को सोखने की क्षमता सबसे ज्यादा है। ऐसी कई चीजें है जिन्हें पवित्र साधनों की तरह पहचाना गया है, जिनका लोग इस्तेमाल करते हैं। सद्गुरु बताते हैं कि बिल्वपत्र का संबंध देवताओं से नहीं है। बल्कि इसका संबंध मनुष्य से या किसी चीज तक पहुंच बनाने की काबिलियत से है।

शिव श्रद्धा के भगवान

कोई श्रद्धा पूर्वक केवल एक लोटा जल अर्पित कर दे तो भी वे प्रसन्न हो जाते हैं। इसलिए उन्हें भोलेनाथ भी कहा जाता है। सावन के पांचवे सोमवार को बहुत खास माना जा रहा है। इस दिन रवि योग और शूल योग बन रहा है। ऐसे में शिव जी को प्रसन्न करने के लिए कुछ उपाय और आरती जरूर करें।

आरती में कपूर का प्रयोग

भगवान शिव जल्द प्रसन्न होने वाले देवता हैं। ऐसे में सावन के पांचवें सोमवार पर भगवान भोलेनाथ की आरती करें और उसमें कपूर का इस्तेमाल जरूर करें। आरती के दौरान भगवान शिव का ध्यान करते हुए लौ में कपूर के टुकड़े डालते रहें और सुख-समृद्धि की कामना करें।

शीघ्र विवाह के लिए उपाय

सावन के पांचवें सोमवार पर संध्याकाल में शिव जी और मां पार्वती की आरती करें। साथ ही आरती के समय 'ॐ गौरी शंकराय नमः' और 'ॐ पार्वतीपतये नमः' का एक माला जाप करें। इस उपाय को करने से शीघ्र विवाह के बनते हैं।

सफलता के लिए उपाय

यदि कड़ी मेहनत करने के बाद भी करियर में मुताबिक सफलता नहीं मिल पा रही है तो आप सावन के पांचवें सोमवार पर गन्ने के रस से भगवान शिव का अभिषेक करें। इस उपाय को करने से मनोवांछित सफलता मिलती है।

आज सावन के पांचवे सोमवार पर रवि योग

अधिक मास की वजह से इस बार सावन का महीना 59 दिनों का है और इस माह में कुल 8 सोमवार भी पड़ रहे हैं। इस बार सावन के सभी सोमवार बहुत खास माने जा रहे हैं, क्योंकि सावन के सभी सोमवार पर एक से बढ़कर एक खास संयोग बन रहे हैं। पांचवा सोमवार 07 अगस्त को है। सावन के पांचवे सोमवार पर रवि योग बन रहा है, जो सुबह से लेकर रात तक रहेगा। लेकिन इस दिन सुबह से ही भद्रा भी लग रही है, जो शाम तक रहेगी। हालांकि यह स्वर्ग की भद्रा होगी इसलिए इसका दुष्प्रभाव पृथ्वी लोक पर नहीं होगा। ऐसे में चलिए जानते हैं सावन के पांचवें सोमवार पर शुभ मुहूर्त और पूजा विधि के बारे में...

सावन का पांचवा सोमवार

07 अगस्त को सावन का पांचवा सोमवार है। सावन के पांचवें सोमवार पर अधिक मास की सप्तमी तिथि पड़ रही है। वहीं इस दिन अश्विनी नक्षत्र सुबह से लेकर देर रात 01 बजकर 16 मिनट तक है।

सावन के पांचवें सोमवार पर रवि योग और शूल योग बन रहा है। रवि योग में शुभ कार्य, पूजा आदि करने से मान-सम्मान में बढ़ोत्तरी और धन में वृद्धि होती है।

रवि योग - सुबह 05 बजकर 46 मिनट से अगले दिन प्रातः 01 बजकर 16 मिनट तक

शूल योग - 06 को अगस्त 2023, रात 08 बजकर 27 मिनट से 07 अगस्त को शाम 06 बजकर 17 मिनट तक

शिव पूजा के लिए शुभ मुहूर्त

पांचवे सावन सोमवार के दिन शिव पूजा के लिए दिन भर शुभ मुहूर्त है। इस दिन अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12 बजे से दोपहर 12 बजकर 53 मिनट तक है। वहीं ब्रह्म मुहूर्त सुबह 04 बजकर 21 मिनट से सुबह 05 बजकर 03 मिनट तक है।

भद्रा और राहुकाल

सावन के पांचवें सोमवार पर राहु काल सुबह 07 बजकर 26 मिनट से सुबह 09 बजकर 06 मिनट तक है। वहीं भद्रा का समय सुबह 05

आखिर क्यों शिवलिंग की आधी परिक्रमा की जाती है

कुछ नियमों का उल्लेख धर्मशास्त्रों में शिवलिंग की परिक्रमा के लिए किया गया है, मान्यता है कि शिवलिंग की कभी भी पूरी परिक्रमा नहीं करनी चाहिए।

शिवलिंग की पूजा का विशेष महत्त्व है। शिवलिंग पूजा के नियम भी अलग हैं। लोग शिवलिंग पर जल चढ़ाते हैं। बेल पत्र, धतूरा और भांग अर्पित करते हैं। इसके अलावा शिवलिंग पर चंदन का लेप किया जाता है। गौरतलब है किसी भी पूजा का संपूर्ण फल तब मिलता हैए जब परिक्रमा की जाती है। परिक्रमा कुछ नियमों के साथ और मन्त्रों के उच्चारण के साथ की जाती है। परिक्रमा घड़ी के चलने की दिशा में यानी दाएं से बाएं की जाती हैए लेकिन इससे अलग शिवलिंग की परिक्रमा करते समय कुछ विशेष बातों का ध्यान रखना जरूरी होता है।

शिवलिंग की परिक्रमा आधी की जाती है। इसकी जलधरी को लांघना शास्त्रों के खिलाफ बताया गया है। शिवलिंग के जिस स्थान से जल प्रवाहित होता हैए उसे जलधरी कहते हैं। धर्मशास्त्रों के अनुसार शिवलिंग के ऊपरी हिस्से को भगवान शिव और निचले हिस्से को माता पार्वती का प्रतीक माना जाता है।

ऐसे करें शिवलिंग की परिक्रमा

शिवपुराण के अनुसार शिवलिंग की परिक्रमा हमेशा बाईं तरफ से की जाती है। ऐसा करने से शिव पूजन का विशेष फल प्राप्त होता है। बाईं ओर से शुरू कर जलधरी तक जाकर वापस लौट कर दूसरी ओर से परिक्रमा करें। इसके साथ विपरीत दिशा में लौट दूसरे सिरे तक आकर परिक्रमा पूरी करें।

इसे शिवलिंग की आधी परिक्रमा भी कहा जाता है। इस बात का ध्यान रखें कि परिक्रमा दाईं तरफ से कभी भी शुरू नहीं करनी चाहिए। शिवलिंग की आधी परिक्रमा करने के साथ ही दिशा का ध्यान रखें।

जलधरी को भूलकर भी न लांघें

शिवलिंग की जलधरी को भूल कर भी नहीं लांघना चाहिए। शिवलिंग की जलधरी को ऊर्जा और शक्ति का भंडार माना गया है। शिवलिंग की पूर्ण परिक्रमा से शरीर पर पांच तरह के विपरीत प्रभाव पड़ते हैं। इससे देवदत्त और धनंजय वायु के प्रवाह में रुकावट पैदा हो जाती है।

वजह से शारीरिक-मानसिक दोनों तरह के कष्ट हो सकते हैं। शिवलिंग की अर्ध चंद्राकार प्रदक्षिणा करनी चाहिए। शिव की जलधरी में अशोक सुंदरी नर्मदा कुबेर देवता का वास माना जाता है।

शिव का रुद्राक्ष मंगलकारक

अजयदीप बाधवा

रूद्राक्ष अमूल्यवान अमृत तुल्य फल है। यह भगवान शिव की अमूल्य देन है। माना जाता है कि भगवान शिव की उपासना द्वारा नेत्रों से गिरे आंसुओं की बूंदों से उत्पन्न हुआ। रूद्राक्ष सर्व सुखमय मंगलकारियों के लिए अति लाभकारी सिध्द हुआ है। ऐसी मान्यता है कि रूद्राक्ष का धारण करने वाला साक्षात रूद्र (शिव) को धारण करता है।

रूद्राक्ष पर पड़ी धारियों के आधार पर ही इनके मुखों की गणना की जाती है। रूद्राक्ष एकमुखी से लेकर इक्कीस मुखी तक होते हैं, किंतु प्रायः एक मुखी से लेकर चौदह मुखी तक ही प्राप्त होते है। चौदह मुखी तक से अधिक रूद्राक्ष प्रायः दुर्लभ वस्तु है। अतः हम यहां पर एक से लेकर चौदह मुखी तक के रूद्राक्षों का अलग-अलग महत्व व उनकी उपयोगिता का वर्णन कर रहे हैं:-

एकमुखी : साक्षातभगवान शंकर का स्वरूप है जो कि सर्वश्रेष्ठ है। इससे भक्ति व मुक्ति दोनों की प्राप्ति होती है। धारक प्रतिदिन पवित्र व पापों से शुध्द होता है। जिन्होंने इसे पा लिया उसके बड़े भाग्य हैं। जहां यह होगा वहां लौकिक एवं आध्यात्मिक सुखों का वास होगा। इसको धारण करने से समस्त प्रकार के कष्टों व दुःखों का स्वतः ही नाश हो जाता है।

दोमुखी : शिव और शक्ति का स्वरूप है। इसे धारण करने वाले सम्पत्ति, धन-धान्य और सत्संगति से युक्त होकर शांत व पवित्र गृहस्थ जीवन व्यतीत करते हैं। वैवाहिक क्लेश व मनमुटाव आदि के निवारण हेतु धारण किया जाता है।

तीनमुखी : साक्षात अग्नि का विग्रह है। इसे धारण करने से सभी मानसिक रोग ठीक हो जाते हैं। साक्षात्कार में सफलता प्राप्ति में सहायक है।

चारमुखी : ब्रह्मा का स्वरूप है। इसे धारण करने से सभी मानसिक रोग ठीक हो जाते हैं। इसका धारण महान धनाढय, आरोग्यवान व श्रेष्ठ है।

पांचमुखी : पंचब्रह्म स्वरूप है। इसे पास रखने वाले प्राणी को कोई दुःख नहीं सताता व सब प्रकार के पाप मिट जाते हैं। रक्तचाप को नियंत्रित करने में सहायक होता है। प्रायः जपमाला इसी की बनाई जाती है।

छहमुखी : स्कन्द के समान है। विद्या प्राप्ति के लिए श्रेष्ठ है। तीक्ष्ण बुध्दि व स्मरण शक्ति में वृध्दि करता है।

सातमुखी : लक्ष्मी जी का स्वरूप है। धन, सम्पत्ति, कीर्ति प्रदान करने वाला होता है। सात मुखी माला बड़ी मुश्किल से प्राप्त होती है। इसे धारण करने से लक्ष्मी जी प्रसन्न होती हैं।

आठमुखी : गणेश जी का स्वरूप है। विजयश्री प्रदान करने वाला माना गया है। इसे धारण करने से विरोधियों की समाप्ति हो जाती है अर्थात उनका मन बदल जाता है। मुकदमे आदि में सफलता प्रदान करता है। यह आयु बढ़ाने वाला है।

नौमुखी : धर्मराज का स्वरूप है। इसे धारण करने से सहनशीलता, वीरता, साहस, कर्मठता में वृध्दि होती है। संकल्प में दृढ़ता आती है व यमराज का भय नहीं रहता। स्त्री रोग, गर्भपात व संतान प्राप्ति की बाधा दूर करने में सहायक होता है।

दसमुखी : भगवान विष्णु का स्वरूप है। इससे सर्व ग्रह शांत होते हैं। ग्रह बाधा के कारण यदि भाग्य साथ न देता हो तो अवश्य धारण करें। भूत, पिशाच, सर्प आदि का भय नहीं रहता।

ग्यारहमुखी : ग्यारह रूद्रों की प्रतिमा होती है। भाग्यवृध्दि, धनवृध्दि व भगवान शंकर की कृपा पाने के लिए सर्वोत्तम है इसे धारण करने से सदा सुख की सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। पति की दीर्घायु, उनकी सुरक्षा व उन्नति तथा सौभाग्य प्राप्ति में यह रूद्राक्ष बहुत उपयोगी है।

बारहमुखी : आदित्य का स्वरूप माना गया है। इसे धारण करने से गौ हत्या, मनुष्य हत्या व रत्नों की चोरी जैसे पाप दूर होते हैं। इससे व्यक्ति कार्य करने में दक्ष हो जाता है। धारक अपनी भावनाओं तथा अपने कथन को सुन्दर व व्यवस्थित तरीके से व्यक्त करने में समर्थ होते हैं। अतः सामने वाले को चतुर वाणी से अपने पक्ष में कर लेने की क्षमता उत्पन्न होती है।

तेरहमुखी : स्वामी कार्तिकेय के समान है। राज्य में पद प्राप्त व्यक्तियों को सफलता दिलाकर सम्मान में वृध्दि करता है। सम्पूर्ण कामनाओं व सिध्दियों को देने वाला है। हर सांसारिक मनोकामना पूर्ति का एकमात्र साधन है। धन, यश, मान प्रतिष्ठा में वृध्दि करता है।

चौदहमुखी : यह हनुमान जी का स्वरूप है तथा अति दुर्लभ, परम प्रभावशाली व अल्प समय में ही शिवजी का सान्निध्य प्रदान करने वाला है। हानि, दुर्घटना, रोग व चिंता से मुक्त रखकर, साधक की सुरक्षा समृध्दि करना इसका विशेष गुण है। जो रोग ठीक नहीं होते यह उनको भी ठीक कर देता है। एक मुखी रूद्राक्ष के बाद यही रूद्राक्ष सबसे अधिक प्रभावशाली माना गया है। रूद्राक्ष कई रोगों से भी बचाव करता है ऐसा प्रयोग किया गया है।

शिव की कॉवर यात्रा के माध्यम से स्वर्णरेखा नदी का उद्धार

बासुकीनाथ पाण्डेय

स्वर्णरेखा के प्रति लोग जागरूक बनें, इसी उद्देश्य से 13 को कांवर यात्रा

सुबह 7 बजे से शुरू होगी यात्रा, चार जगहों पर विश्रामस्थल.

शिव भी पैदल चलेंगे कांवर यात्रा में

झारखण्ड की लाइफलाइन कही जाने वाली स्वर्णरेखा नदी में बढ़ते प्रदुषण और चुटिया स्थित प्राचीन धरोहर इक्कीसो महादेव को बचने के उद्देश्य से स्वर्णरेखा उत्थान समिति के द्वारा आगामी 13 अगस्त को स्वर्णरेखा के उद्गम स्थल रानी चुआं से लेकर इक्कीसो महादेव तक की 21 किलोमीटर की पैदल कांवर यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। ज्ञात ही कि रांची के नगड़ी से निकलकर सीधे बंगाल की खाड़ी में मिलने वाली 474 किलोमीटर स्वर्णरेखा आज रांची की नालियों और शहरीकरण के कारण सर्वाधिक प्रदूषित है. रांची के चुटिया स्थित हरमू नदी का गन्दा पानी स्वर्णरेखा में मिलने से स्वर्णरेखा भी काली पड़ती जा रही है. स्वर्णरेखा के तटों पर आज कचरों और जल्कुम्भियों की भरमार है। इन्हीं दोनों नदियों के संगम पर स्थित नागवंशी कालीन 21 शिवलिंग (इक्कीसो महादेव) भी आज प्रदुषण के कारण विस्मृत होने की कगार पर है. स्वर्णरेखा उत्थान समिति विगत 7 वर्षों से नदी की सफाई अभियान में जुटी है।

लोग स्वर्णरेखा नदी और अपने विस्मृत होते धरोहर के प्रति संवेदनशील बनें, इन्हीं उद्देश्यों को लेकर इस कांवर यात्रा का आयोजन किया गया है. इस यात्रा में कांवरिये लोगों और सरकार से स्वर्णरेखा और इक्कीसो महादेव को बचाने की अपील करेंगे।

कांवर यात्रा का 4 स्थानों में होगा पड़ाव

21 किलोमीटर की उक्त कांवर यात्रा में चार स्थानों पर विश्रामस्थल बनाये गए है. जिसमें, कांवर रखने का स्टैंड पीने का पानी, शरबत, मेडिकल की व्यवस्था और आराम करने के किये टेंट की व्यवस्था रहेगी।

पहला पड़ाव नगड़ी स्थित स्वर्णरेखा बैंक्वेट हॉल, दूसरा कटहल मोड़ पर, तीसरा अरगोडा चौक स्थित मंडा मंदिर और अंतिम पड़ाव क्लब रोड स्थित



सिटी सेंटर में किया गया है.

यात्रा के साथ बस और एम्बुलेंस भी साथ चलेगी.

इस यात्रा के साथ साथ बस और एम्बुलेंस भी साथ में चलेगी, जिन कांवरिये को पैदल चलने में परेशानी होगी, वो बस का प्रयोग कर सकेंगे. साथ ही पूरी यात्रा में कांवरियों की सहायता के लिए एम्बुलेंस और पारा मेडिकल स्टाफ भी मौजुद रहेंगे.

पुरे यात्रा में जगह जगह पर कांवरियों का स्वागत किया जाएगा, विभिन्न महावीर मंडलों और पूजा समिति के सदस्य यात्रा के दौरान कांवरियों के लिए सेवा शिविर लगाएँगे.

प्रातः 6 बजे बसों के माध्यम से रानी चुआं जाएँगे कांवरिये

कांवर यात्रा में सम्मिलित होने के लिए रांची के चुटिया स्थित महादेव मंडा मंदिर और पिस्का मोड़ से सुबह 6 बजे बस खुलेगी, प्रातः 7 बजे रानीचुआं में कांवरिये चुआं से जल भरकर संकल्प लेकर यात्रा की शुरूआत करेंगे.

अपराहन 3 बजे चुटिया स्थित इक्कीसो महादेव में नागवंशीकालीन शिवलिंगों पर जलाभिषेक और सामूहिक आरती की जाएगी. 4 बजे महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। समिति ने लोगों से आग्रह किया है कि वो अपना कांवर और जलपात्र लेकर आएं. उक्त कांवर यात्रा में एक कांवरिया शिव जी के वेश में कांवरियों के साथ साथ चलेंगे और लोगों से नदी को स्वच्छ रखने और इक्कीसो महादेव के संरक्षण के प्रति जागरूक करेंगे।

सोशल मीडिया को बनाया हथियार, नदी की सफाई के प्रति कर रहे जागरूक

ज्ञात हो कि स्वर्णरेखा उत्थान समिति के बैनर तले स्वर्णरेखा की सफाई का यह अभियान लोगों ने वर्ष 2016 में शुरू किया था, समिति के सदस्यों ने कई महीनों तक श्रमदान कर घाट और नदी की सफाई की. लेकिन सबसे स्वर्णरेखा के प्रदुषण का प्रमुख कारण हरमू नदी के द्वारा हर दिन बहकर कचरा है. हरमू नदी चुटिया के इसी इक्कीसो महादेव में आकर मिलती है. हरमू का काला पानी और प्लास्टिक जैसे कचरे से स्वर्णरेखा भी काली होती जा रही है।

इस अभियान की शुरूआत करने वाले पत्रकार सुधीर शर्मा ने बताया कि जबतक हरमू नदी के गंदे पानी को स्वर्णरेखा में मिलने से नहीं रोका गया तबतक स्वर्णरेखा की सफाई नहीं की जा सकती. हरमू नदी के जीणोर्धार के तहत बनाये गए फिल्टर प्लांट आजतक चालू नहीं किये जा सके, शहर भर की नालियों को नदी से सीधे जोड़ दिया गया, अगर इसे तत्काल नहीं रोका गया तो आने वाले दिनों में स्वर्णरेखा भी हरमू के रूप में नाला बन चुकी होगी. सुधीर लगातार सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को जागरूक कर रहे हैं, वो हर दिन नदी की वर्तमान दशा को अपने विडियो और फोटो के माध्यम से लोगों तक पहुंचाते हैं. उनकी रानी चुआं और इक्कीसो महादेव के विडियो को अबतक 11 लाख से अधिक लोगों ने देखा है.

समिति से जुड़े गौतम देब, मनोज महतो, नंदकिशोर एवं कई सदस्यों ने नदी के किनारे कई फलदार पेड़ लगाये हैं, वो हर दिन पेड़ों को पानी, खाद और सुरक्षा की व्यवस्था करते हैं. गौतम बताते हैं कि एक समय में यहाँ केवल झाड़ियाँ ही थी, आज हमलोगों ने न केवल सैंकड़ो पेड़ लगाये हैं बल्कि इसकी सुरक्षा भी सुनिश्चित की है.

शुक्रवार को समिति के सदस्यों की हुई बैठक में यात्रा को सफल बनाने और यात्रा के बाद इस अभियान को घर घर तक ले जाने पर भी चर्चा हुई. बैठक में विकास जयसवाल, दीपेश पाठक, रवि राय, विष्णु वर्मा, पिया बर्मन, गौतम देब, मनोज महतो, नंदकिशोर, वीणा सिंह, ममता देवी, नीलू सिंह, रंजीता पाण्डेय, रुना देवी, कलावती देवी, मीरा सिंह एवं अन्य सदस्य मौजूद थे.यात्रा में सम्मिलित होने और जानकारी के लिए 7033559577, 9304619908, 9031759056 पर संपर्क किया जा सकता है।

शिवजी आज के सोमवार को इन जातकों का करेंगे उद्धार

आज का राशिफल आपके जीवन की घटनाओं का पूवार्नुमान बता सकता है। ध्यान रहे कि कुंडली में चंद्र की स्थिति पर ही हर जातक की राशि निर्भर करती है और चंद्र के कारक देव भी स्वयं भगवान शिव हैं। ऐसे में यहां ये भी समझ लें कि हर दिन का राशिफल भी सभी 9 ग्रहों के मंत्री चंद्र की गणना पर ही निर्भर करता है। ऐसे में सोमवार का दिन 4 राशि के जातकों के लिए अति विशेष होने का संकेत दे रहा है, इसे आज का राशिफल में पढ़ें।

मेष राशि-

आज के राशिफल के अनुसार सोमवार यानि 07 अगस्त 2023 के दिन मेष राशि के जातकों के समय पर सोचे कार्य होंगे, जिसके चलते इनका मन प्रसन्न रहेगा। वहीं वाक्चातुर्य से अपने सभी काम भी आसानी से करवा लेंने में सक्षम रहेंगे। ऐसे में आज कार्यस्थल पर इनकी एक अलग पहचान स्थापित हो सकती है। लेकिन, प्रेम प्रसंग के चलते मन उदास हो सकता है।

वृषभ राशि -

आज के राशिफल के अनुसार सोमवार यानि 07 अगस्त 2023 के दिन वृषभ राशि के जातकों की कार्यक्षमता में वृद्धि देखने को मिलेगी। साथ ही आज के दिन ये जीवन में आए परिवर्तन से खुश होंगे। इस दिन से आजीविका के नए स्त्रोत्र स्थापित हों सकते हैं। पारिवारिक सौहार्द बने रहने के साथ ही सोमवार को ये किसी मांगलिक समारोह में सक्रिय भूमिका में नजर आएंगे।

मिथुन राशि-

आज के राशिफल के अनुसार सोमवार यानि 07 अगस्त 2023 के दिन मिथुन राशि के जातकों का वे लोग विरोध करते दिख सकते हैं तो कल तक इनके कार्यों की सराहना करते थे। वहीं मिथुन के जातक जिन्दगी को अपने हिसाब से जीना पसंद करेंगे। सोमवार को भवन भूमि के विवादों का अंत होता दिख रहा है। वहीं इस दिन आपकी पिता के व्यवसाय में रूचि कम रहती दिख रही है।

कर्क राशि-

आज के राशिफल के अनुसार सोमवार यानि 07 अगस्त 2023 के दिन कर्क राशि के जातकों के लिए समय रहते अपने कार्य पूर्ण करना ही ठीक रहेगा। वहीं इस दिन परिजनों का सहयोग न मिलने से कार्य प्रभावित होते दिख रहे हैं। पारिवारिक तनाव खत्म करने के लिए घर में वास्तु अनुरूप परिवर्तन करना फायदेमंद रह सकता है। उचित होगा कि फेक्ट्री में प्रवेश द्वार पर पंचमुखी हनुमान की तस्वीर लगाए, चमत्कारिक लाभ संभव।

सिंह राशि-

आज के राशिफल के अनुसार सोमवार यानि 07 अगस्त 2023 के दिन सिंह राशि के जातकों को अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखना चाहिए। इसके साथ ही इस दिन उचित होगा कि जीवन साथी से नम्रता पूर्वक ही बात करें, साथ ही आप दोनों के बीच वातालाप में केवल स्नेह ही झलके ठीक रहेगा कि बनावटी बातों से बचें। वाणी में मधुरता बनाएं रखें, साथ ही आज यात्रा के भी योग हैं।

कन्या राशि-

आज के राशिफल के अनुसार सोमवार यानि 07 अगस्त 2023 के दिन कन्या राशि के जातक अपने अकड़ू व्यवहार के चलते सभी से दुरियां बड़ा लेंगे। उचित रहेगा कि अपने व्यवहार में नम्रता रखें और साथ ही अपना क्रोध भी पर नियंत्रण में रखे। इस दिन पिता से तालमेल न बन पाने के कारण घर का वातावरण गरमा सकता है। इसके साथ ही संपत्ति से सम्बंधित जरुरी अनुबंध भी आज हो सकते हैं।

स्पीड न्यूज

पदयात्रियों का सम्मान समारोह 25 को

घाघरा। भाकपा (माले) रेड स्टार व झारखंड नवनिर्माण दल घाघरा के संयुक्त बैनर तले 25 अगस्त 2023 को हालात बदलो संदेश यात्रा के तहत घाघरा में पदयात्रियों को सम्मानित करने के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस आशय की जानकारी झारखंड नवनिर्माण दल किसान मंच घाघरा के प्रखण्ड प्रभारी शिव प्रसाद साहू ने दी। गुमला को रेल लाइन से जोड़ने, गुमला-लोहरदगा के सीमांत पर एल्युमिनियम कारखाना का निर्माण कराने, जिले में कृषि आधारित रोजगार सृजन के अलावे जिले में विकास के नाम पर मची लूट व भ्रष्टाचार के विरुद्ध 25 अगस्त 2009 को घाघरा से रांची राजभवन तक 100 किलोमीटर पदयात्रा की शुरूआत की गई थी और 28 अगस्त 2009 को उस वक्त के राज्यपाल शंकर नारायणन से मुलाकात कर जनहित की मांगों को रखी गई थी।

झारखंड पार्टी की बैठक 10 को

गुमला। आगामी लोकसभा चुनाव और विधान सभा चुनाव को लेकर झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का के निर्देश पर गुमला जिला समिति का गठन हेतु तैयारी बैठक 10 अगस्त को गुमला शहर मुख्यालय में रखा गया है। जिसमें गुमला नगर कमिटी का गठन किया जाएगा और गुमला नगर कमिटी की अध्यक्षता में होने वाले जिला अधिवेशन की रूप रेखा तैयार की जाएगी। इस बैठक में मुख्य रूप से गुमला जिला के चारो प्रभारी सह केंद्रीय सदस्य लेवनार्ड खलखो , आनंद पॉल तिर्की , गजाधर ओहदार और खुर्शीद आलम रहेंगे। इस कार्यक्रम में झारखंड पार्टी के सभी पुराने पदाधिकारी , कार्यकर्ता और नए जुड़ने वाले सदस्य को आमंत्रित किया गया है। इस की जानकारी गुमला विधान सभा क्षेत्र के झारखंड पार्टी के प्रभारी सह केंद्रीय सदस्य खुर्शीद आलम ने दी है ।

व्यवसायी के निधन पर चैंबर सदस्यों ने किया शोक व्यक्त

गुमला। गुमला के व्यवसायी प्रियेश कार्ड के मालिक संजीव राव के निधन पर गुमला चेम्बर ऑफ कामर्स के सदस्यों ने शोक प्रगट किया। शोक प्रगट करने वालों में चेंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा, कार्यकारी अध्यक्ष सत्यनारायण पटेल, उपाध्यक्ष राजेश सिंह, अभिजीत जायसवाल, सचिव बबलू वर्मा, सह सचिव नीरज गुप्ता, कोषाध्यक्ष मुनिलाल साहू, पी आर ओ प्रणय साहू व आदित्य गुप्ता, मीडिया प्रभारी मो. इम्तेयाज, पूर्व अध्यक्ष अशोक जायसवाल, पवन अग्रवाल, विनोद केसरी, विजय द ग्रेट, दिलीप कुमार मंत्री, ओम प्रकाश साहू, सोहन लाल अग्रवाल, अमित पोद्दार, दीपक कुमार गुप्ता, रमेश कुमार चीनी, शशि प्रिया बंटी, पदम साहू, मोहम्मद शब्बू, अनमोल गुप्ता, अमित महेश्वरी, महेश कुमार लाल, सरजू प्रसाद हिमांशु केसरी व दिनेश कुमार अग्रवाल, राजेश लोहानी, ज्योति कुमारी, अमित मंत्री, राहुल केसरी, गुननु शर्मा, अमित गोलू, रितेश गुप्ता, पंकज खण्डेलवाल, गुरमीत सिंह, विकास सिंह, अजय सिंह आदि शामिल हैं।

सीएम को पत्र प्रेषित कर केओ कॉलेज में इंटर की पढ़ाई चालू करने की मांग की

गुमला। आरटीआई कार्यकर्ता सुनील कुमार दास ने मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन को पत्र प्रेषित कर कार्तिक उरांव महाविद्यालय गुमला में इंटरमीडिएट की पढ़ाई इसी सत्र से पुनः प्रारंभ कराने की मांग की है। श्री दास ने कहा कि कार्तिक उरांव महाविद्यालय गुमला में विगत एक माह से इंटरमीडिएट की पढ़ाई को लेकर गतिरोध चल रहा है। विदित हो कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार रांची द्वारा 28 जून 2023 को आयोजित बैठक में निर्णय पारित किया गया था कि अंगीभूत एवं डिग्री सम्बद्ध महाविद्यालयों में इंटरमीडिएट कक्षा की पढ़ाई जारी रखा जाएगा। उस निर्णय के आने के पश्चात गुमला जिला के सभी छात्र-छात्राएं एवं उनके अभिभावकगण बहुत ही हर्ष का अनुभव किये थे। परंतु विभागीय निर्णय एवं छात्र-छात्राओं के द्वारा किये जा रहे आंदोलन एवं प्रदर्शनों के बावजूद कार्तिक उरांव महाविद्यालय प्रबंधन एवं जिला प्रशासन गुमला के द्वारा इस पर आज तक गंभीरता दिखाते हुए किसी प्रकार का पहल नहीं किया गया।

राम मंदिर शिलान्यास के 3 साल पूरे होने पर दीप सज्जा कार्यक्रम का आयोजन

लोहरदगा। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के द्वारा बरवा टोली चौक हनुमान मंदिर में राम मंदिर शिलान्यास के 3 साल पूरे होने पर दीप सज्जा कार्यक्रम और आरती का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्व हिंदू परिषद के उपाध्यक्ष अशोक कंश्यकार की अध्यक्षता में मंदिर परिसर के दीप सज्जा कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का संचालक बजरंग दल पूर्व संयोजक प्रमोद प्रजापति ने किया।मौके पर विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री ने कहा कि आज श्री राम मंदिर के शिलान्यास के पूरे 3 साल होने पर और जम्मू कश्मीर से 370 हटने के उपलक्ष में बहुत ही गौरव महसूस किया जा रहा है और मैं सभी सनातन से आग्रह करना चाहता हूं की भव्य राम मंदिर का दर्शन के लिए अभी से ही लोग तैयार रहे।मौके पर उपस्थित विश्व हिंदू परिषद के प्रांत परावर्तन प्रमुख अनिल गुप्ता , जिला शाह मंत्री रंजीत साहू ,बजरंग दल जिला संयोजक सचिन कुमार साहू, जिला अखाड़ा प्रमुख चंदन साहू, जिला शाह गोरक्षा प्रमुख चंदन गोप,जिला विद्यार्थी प्रमुख सनी साहू,अमित कुमार, दीपक कुमार,और सैकड़ों राम भक्त शामिल हुए।

रेस लीड्स परियोजना के सहयोग से एलइडी बल्ब यूनिट लगाकर आत्मनिर्भर बन रहे युवा

विशुनपुर के हेलता गांव निवासी सुधन चीक बड़ाईक ने एलइडी बल्ब यूनिट लगाकर दी अपने सपनों को नयी उड़ान, आर्थिक स्थिति हुई मजबूत

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। रेस लीड्स परियोजना के सहयोग से हेलता गांव निवासी सुधन चीक बड़ाइक अपने सपनों को नया पंख प्रदान कर आर्थिक उन्नति की नयी दास्तां लिख रहा है। सुधन की उंची उड़ान ग्रामीण युवकों को प्रेरणा दे रही है। सुधन चीक बड़ाईक के माध्यम से कई युवा स्वयं एलईडी बल्ब बना रहे हैं और उसका उपयोग भी कर रहें हैं और बेच भी रहे हैं। सुधन चीक बड़ाईक ने रेस परियोजना के सहयोग से एलईडी बल्ब निर्माण का यूनिट लगाया है। एलईडी बल्ब बाजार में बेचकर वह अपनी आय का बेहतर स्त्रोत बनाया है और दिनों दिन वह इस क्षेत्र में आगे बढ़ता जा रहा है। रेस परियोजना के डीपीएम योगेश राय ने बताया कि कैसे सुधन के मन में बिजनेस उद्यमी बनने का ख्याल आया। रेस परियोजना के अंतर्गत स्वच्छ ऊर्जा समिति कि बैठक हेलता ग्राम में हुई थी और उसी बैठक में पीला बल्ब के जगह एलईडी बल्ब के उपयोग व खराब हों जाने पर उसे पुनः मरम्मत कर उपयोग के बारे में बताया गया था। तभी वहाँ पर उपस्थित सुधन ने बताया कि एक बार उनके कमरे की एलईडी बल्ब खराब हो गई

एलइडी बल्ब तैयार करते सुधन चीक बड़ाईक।

और दूसरी एलईडी लेने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान उनके गाँव से 15 किलो मीटर जाना पड़ा था। जब रेस परियोजना से इसके बारे में बताया तो वह दृढ़ निश्चय किया कि वह बल्ब बनाने का प्रशिक्षण लेंगे और खुद इस ग्राम में मैन्युफैकचरिंग यूनिट खोलेंगे। तब उसने रेस लिड्स के द्वारा तीन दिन कि आवासीय प्रशिक्षण लिया। सुधन कहता है कि एलईडी बल्ब में ज्यादा कंपोनेंट नहीं थे।

ऐसे में बल्ब को जलाने में उनकी भूमिका को समझना और भी ज्यादा चुनौतीपूर्ण हो गया था। ड्राइवर, कैब, चिप और बॉडी ही इसके प्रमुख तत्व थे और सब की अलग अलग भूमिका थी। किसी भी कंपोनेंट को प्रोसेस की जरूरत ही नहीं थी। लेकिन उनको असेंबल के दौरान काफी सावधानी बरतना जरूरी था।

शुरूआत में तो सुधन के पास सभी संसाधन नहीं थे। स्थानीय स्तर पर उन्हें उपलब्ध कराने रेस ने अहम भूमिका निभाई। फरवरी के अंत तक सुधन के पास लगभग सभी उपकरण आ गए थे और कुछ ही प्रयास के बाद वह एक एलईडी बल्ब बनाने में सफल हो गये और वह तब तक 50 एलईडी बल्ब बनाकर उसे लोकल स्तर पर बेच दिया और पुराने बल्ब का भी मरम्मत करने लगा। धीरे धीरे यह कारवां इतना बढ़ा कि हजारों कि संख्या में उनके पास खराब बल्ब मरम्मत के लिए आने लगे और धीरे उनका मनोबल और बढ़ने लगा।

इसके बाद रेस लिड्स ने सुधन को अपना टेक्निकल मास्टर ट्रेनर बनाकर और भी लोंगो को प्रशिक्षण देकर बिजनेस उद्यमी बनाने में मदद करने लगे। बिशुनपुर प्रखंड में आज आलम यह है कि रेस लिड्स परियोजना के मदद से ग्रामीण स्तर पर खुद का बनाया हुआ एलईडी बल्ब अधिकतर संख्या में लोग प्रयोग कर रहे हैं। रेस परियोजना के तहत बिशुनपुर में अब तक कुल 6 एंटरप्रेन्योशिप को खड़ा किया गया है और आगे के क्रम में भी सहयोग अनवरत है।

भारतीय रेल विश्वस्तरीय तकनीक व जन सुविधाओं से हो रहा लैस : सांसद

अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत डालटनगंज रेलवे स्टेशन के पुनर्निर्माण का प्रधानमंत्री ने ऑनलाइन किया शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 508 रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास के शिलान्यास में डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि आजादी के इस अमृतकाल वर्ष में भारतीय रेल विश्वस्तरीय तकनीक एवं जन सुविधाओं से लैस हो रहा है। नई नई रेल लाइनों का निर्माण एवं इलेक्ट्रिफिकेशन और अग्नि कार्य तो चल ही रहे है अब रेलवे स्टेशनों का भी नए सिरे से कायाकल्प होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पहले फेज में देश के 508 रेलवे स्टेशन के पुनः विकास का शिलान्यास किया जा

रहा है जिसमें पलामू जिले के डालटनगंज, गढ़वा रोड, गढ़वा शहर एवं बंशीधर नगर उंटारी रेलवे स्टेशन का पुनः विकास का कार्य प्रारंभ होने जा रहा है। स्टेशनों पर नागरिकों के सुविधा के लिए एक्सीलेटर सीढ़ी, लिफ्ट, प्रतिक्षालय, शौचालय, लंबी चौड़ी प्लेटफार्म, लाइट एवं अन्य सुविधाएं बढ़ाना है। बीते कुछ वर्षों में इस क्षेत्र में रांची सासाराम, चोपन रांची एवं अन्य ट्रेनों का परिचालन शुरू हुआ है कई ट्रेनों के फेरों में भी बढ़ोतरी की गई है आगे आने वाले दिनों में इस रेलवे मंडल से और कई ट्रेनों का परिचालन इस क्षेत्र से होगा जिससे आवागमन में लोगों को सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने सांसद पलामू के प्रयासों को सराहाते हुए रेलवे क्षेत्र में ऐतिहासिक विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेलवे मंत्री का आभार व्यक्त किया। डॉ मेहता ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास कर रहा है। इस मौके पर पाटन छतरपुर विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि वर्ष 2014 के पूर्व समाज के अंतिम व्यक्ति अपने आप को उपेक्षित महसूस करते थे। मौके पर चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर (गति शक्ति) राम मूरत सिंह, वरीय मंडल संरक्षा अधिकारी मनीष सौरव, सहायक मंडल अभियंता अर्जुन सिंह ने मंचासीन सांसद, विधायक एवं अतिथियों को शॉल एवं बुके देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विधायक पुष्पा देवी, पलामू भाजपा अध्यक्ष विजयानंद पाठक, वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे, विनोद कुमार सिंह, सीटीआई विकास कुमार, वाणिज्य अधीक्षक मनीषा कुमारी, सीआईटी बीएम पांडेय, आईओ अनिल कुमार, डीसीआई विवेक कुमार सहित हजारों की संख्या में लोग शामिल थे।

विश्वस्तरीय सुविधा से युक्त होगा गढ़वा रेलवे स्टेशन

खबर मन्त्र संवाददाता

गढ़वा। जिला मुख्यालय स्थित गढ़वा रेलवे स्टेशन का कायाकल्प होगा। रविवार को अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना के प्रथम फेज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑनलाइन 508 रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास का शिलान्यास किया। इसमें गढ़वा रेलवे स्टेशन भी शामिल है। साढ़े 25 करोड़ रुपये की लागत से गढ़वा रेलवे स्टेशन को विश्व स्तरीय सुविधा प्रदान की जायेगी। आकर्षण इतना होगा कि रेलवे स्टेशन पहुंचते ही लोग विदेश घूमने का अहसास करने लगेंगे। गढ़वा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर एक पर ानबाद रेल मंडल के तत्वाववान में आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम में सांसतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। स्कूली बच्चों के बीच कई प्रतियोगिताएं भी कराई गई। विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

इस मौके पर ानबाद रेल मंडल के प्रतिनिाि ने कहा कि गढ़वा रेलवे स्टेशन का लुक पूरी तरह बदल जायेगा। प्लेटफार्म के ऊपर बने ब्रिज अब छह के बजाय 12 फिट के होंगे। प्लेटफार्म आकर्षक होगा। यात्री शेड की चमक विश्व स्तरीय होगी। प्रतीक्षालय में 5 स्टार होटल की तरह सुवि‍ाा होगी। शयनकक्ष शानदार होगा। लाइटिंग, पार्किंग, हवा, पानी, व्यवसायिक दुकाने, कनेक्टिंग यातायात सड़क की सुवि‍ााएं अत्या‍ुनिक होंगी।

सब्जी मार्केट में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने किया खुलासा, एक अभियुक्त गिरफ्तार

अभियुक्त की निशानदेही पर तीन इलेक्ट्रिक तराजू, 80 बाट बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। बड़ाईक मुहल्ला स्थित टंगरा सब्जी मार्केट में ताला तोड़कर सब्जी सहित बटखारे व इलेक्ट्रीक तराजू के चोरी कांड का गुमला पुलिस ने उदभेदन कर लिया है। चोरी के घटना में शामिल अभियुक्त मुरली बगीचा निवासी 19 वर्षीय कृष्णा कुमार पिता रतन लाल प्रसाद को पुलिस ने गिरफ्तार किया। इस संबंध में रविवार को गुमला थाना परिसर में एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल, थाना

गिरफ्तार अभियुक्त व बरामद सामान के साथ एसडीपीओ व थाना प्रभारी।

प्रभारी मनोज कुमार ने प्रेस कान्फ्रेंस कर बताया कि बीते शुक्रवार की रात टंगरा सब्जी बाजार से कई दुकानों का ताला तोड़कर चोरों के द्वारा 25 किलो टमाटर, दस किलो अदरख, तराजू, बटखारा व खुदरा पैसे की चोरी कर ली थी। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश में एक टीम का गठन करते हुए चोरों के विरूद्ध छापामारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान चोरी के घटना में संलिप्त चोरों को पकड़ा गया। जिनके निशानदेही पर तीन इलेक्ट्रीक तराजू, 80 बाट बरामद किया गया। छापामारी दल में पुअनि विवेक चौधरी, पुअनि दिलीप टुडू, सअनि इमानुएल कोंगाड़ी, आरक्षी सुनील कुमार शामिल थे।

ट्रैक्टर के पलटने से एक मजदूर घायल

चैनपुर। चैनपुर थाना क्षेत्र के कुंदय नदी के समीप ईंट लदे ट्रैक्टर के पलटने से एक मजदूर घायल हो गया। जिसे ग्रामीणों की मदद से चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर लंगड़ा मोड़ की ओर से ईंट लेकर फुलवारटोली की ओर जा रहा था। तभी कुंदय नदी के समीप यात्री बस को साईड देने के क्रम में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें लंगड़ा मोड़ निवासी मजदूर साहिल खान पिता असीम खान गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके कमर सहित अन्य हिस्सों में चोट लगी है।

लातेहार रेलवे स्टेशन का होगा कायाकल्प मॉडल स्टेशन बनेगा : सुनील सिंह

लातेहार। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत देश के 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास (रि-डेवलपमेंट) का रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा आधारशिला रखी गई। लातेहार स्टेशन के पुनर्विकास के लिए 24,152 करोड़ रुपये की राशि आवंटित किया गया है। वहीं झारखण्ड के 20 रेलवे स्टेशन के लिए 886.7 करोड़ रुपए का प्रावधान है। वहीं कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से सांसद चतरा लोकसभा सुनील कुमार सिंह, लातेहार के विधायक बैद्यनाथ राम उपस्थित थे। वहीं सांसद सुनील सिंह ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि लातेहार रेलवे स्टेशन मॉडल रेलवे स्टेशन होगा। अमृत भारत स्टेशन पुनर्विकास योजना के तहत इसका कायाकल्प होगा। यहां लोगों को बेहतर यात्री सुविधायें मिलेगीं। प्रत्येक प्लेटफार्म लिफ्ट एस्लेटर एवं सीढ़ीयों की व्यवस्था, स्टेशनों पर मुफ्त वाईफाई की सुविधा रहेगी। मौके पर लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम समेत रेलवे के कई आला अधिकारी उपिस्थत थे। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के 508 रेलवे स्टेशनों में अमृत भारत स्टेशन के पुर्नविकास की ऑनलाइन आधारशिला रखी। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। सांसद व विधायक ने यहां शिलापट्ट का अनावरण किया। अतिथियों को अंग वस्त्र व बुके भेंट किया गया।

नगर उंटारी रेलवे स्टेशन के सौंदर्यीकरण कार्य का ऑनलाइन शिलान्यास

श्री बंशीधर नगर। अमृत भारत योजना के तहत चयनित नगर उंटारी रेलवे स्टेशन के सौंदर्यीकरण कार्य का ऑनलाईन शिलान्यास रविवार को नगर उंटारी रेलवे स्टेशन प्लेटफर्म पर भारी अव्यवस्था के बीच सम्पन्न हो गया। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली से सौंदर्यीकरण कार्य का ऑनलाईन शिलान्यास कर श्री बंशीधर नगर वासियों को तोहफा दिया। लेकिन व्यवस्था से जुड़े रेल विभाग के अफसरों की लापरवाही के कारण श्री बंशीधर नगर के गणमान्य लोग इस ऐतिहासिक पल के साक्षी नहीं बन पाये। जिससे लोगों में काफी क्षोभ और मायूसी देखी गयी। बताते चलें कि नगर उंटारी रेलवे स्टेशन को अमृत भारत योजना के तहत विकसित करने के लिये चयनित किया गया है। यहां पर विकास कार्य के लिये 26 करोड़ 30 लाख रुपये खर्च किया जाना है। जिससे स्टेशन की खूबसूरती में चार चांद लगने के साथ-साथ श्री बंशीधर नगर की आर्थिक समृद्धि भी होगी। लेकिन रेल विभाग के जिम्मेदार अधिकारी की लापरवाही के कारण भारी अव्यवस्था के बीच कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। शिलान्यास कार्यक्रम में गणमान्य लोगों की बैठने की कोई व्यवस्था नहीं की गई थी। मंच और पूरे कार्यक्रम को कुछ खास लोगों द्वारा हाईजैक कर लिया गया था। जिससे समारोह में आमंत्रित श्री बंशीधर नगर के गणमान्य लोग साक्षी नहीं बन सके। यहां तक की कार्यक्रम का साक्षी बनने गये चैंबर ऑफ कॉमर्स के तमाम पदाधिकारी खड़े-खड़े बैरंग वापस लौट गये। यहां तक की पत्रकारों को भी बैठने की कोई व्यवस्था नहीं की गई थी।

हर घर तिरंगा जागरूकता रैली का हुआ आयोजन

लोहरदगा । मुख्य डाक घर से उप डाक पाल के नेतृत्व मे हर घर तिरंगा जागरूकता रैली निकाला गया। रैली मुख्य डाकघर से निकल कर रेलवे साइडिंग होते हुए बाबा मठ होकर पुनः वापस मुख्य डाकघर पहुँचा। इस अवसर पर उप डाकपाल उपेंद्र प्रसाद साहू ने कहा की अमृत महोत्सव के जैसा इस बार हर घर तिरंगा कार्यक्रम विभागीय निदेर्शानुसार किया जा रहा है, उन्होंने ये भी कहा की भारत 1947 मे आजाद तो हो गया था लेकिन अभी भी मानसिकता गुलामी की है इसलिए हर घर तिरंगा झंडा लहराणा है और देशभक्ति की भावना का संचार करना उद्देश्य है। इस अवसर पर डाक निरीक्षक भूषण कुमार, उप डाकपाल उपेंद्र प्रसाद साहू, रामशरण साहू, डाकघर जिला संघ के अध्यक्ष राधेश्याम प्रजापति, सुरेश साहू, सुधा सिंह, नूतन रेखा राम, एवं अन्य डाक कर्मी शामिल थे। ज्ञाताव्य हो की आम जनता को भारत का राष्ट्रीय झंडा तिरंगा पोस्ट ऑफिस मे बिक्री हेतु रखा जा रहा है ताकि आम जनता तक तिरंगा झंडा प्राप्त हो सके।

जननी सुरक्षा योजना की राशि मिलने से पहले ही हो जाता है बंदरबांट

कुंदा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसूति महिला से नर्स लेती है पंद्रह सौ रुपये

खबर मन्त्र संवाददाता

कुन्दा (चतरा)। जननी सुरक्षा योजना राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत गरीब महिलाओं को सुरक्षित प्रसव को बढ़ावा देने के लिए सरकार के द्वारा प्रसुति माँ को चौदह सौ रुपये दी जाती हैं।लेकिन आप यह जानकर आश्चर्यचकित होंगे की कुन्दा में प्रसव कराने में नर्स द्वारा उल्टे प्रसूति मां से पंद्रह सो रुपए ली जाती हैं। जी हां यह बात आपको सुनने में भले ही अटपटा लग रहा हो,लेकिन ये बात सत्य हैं। यह मामला प्रखंड के कुन्दा प्राथमिक स्वस्थ केंद्र का हैं,जहाँ टिकैतबान्ध गाँव निवासी नागेंद्र गंझू के पत्नी सावित्री देवी ने एक बच्चे को जन्म दी थी, प्रसव के बाद नर्स प्रियंका कुमारी ने प्रसव करने के बदले में पन्द्रह सौ रुपए की मांग की लेकिन सावित्री देवी के पास पैसा ना होने के कारण महिला ने नर्स से बहुत गिड़गिड़ाई तब भी नर्स ने पांच सौ रुपये ले ही लिए। बात यहीं खत्म नहीं होती है नर्स ने प्रसूति महिला पर दबाव बनाते हुए बोली की तीन सौ रुपए बाकी रह रहा है इसे भी दे देना है। आश्चर्य की बात है की सरकार जहाँ प्रसुति महिला व बच्चे को स्वस्थ रहने के लिए योजना के माध्यम से पैसे दे रही है,तो दूसरी तरफ भ्रस्ट नर्स पैसे को मिलने से पहले ही बंदरबाट करने में लगी है और उल्टे प्रसूति मां को कर्ज के बोझ में दबा दे रही है। इसके साथ ही सरकार की महत्वकांक्षी योजना पर भी पानी फेरने का कार्य किया जा रहा हैं।

ग्रामीणों को आज तक नहीं मिला कोयल जलापूर्ति योजना का लाभ

खबर मंत्र संवाददाता

भंडरा । भंडरा प्रखंड के ग्रामीणों को कोयल नदी जलापूर्ति योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। कहने को तो भंडरा प्रखंड में पेयजल आपूर्ति के लिए 11 करोड़ की लागत से कोयल जलापूर्ति योजना संचालित है, परंतु यह योजना सिर्फ कागज पर ही सिमट कर रह गई है। पांच वर्ष पूर्व बनकर तैयार कोयल जलापूर्ति योजना का लाभ भंडरावासियों को आज तक नहीं मिला है। ऐसे में यहां के लोग ठगा महसूस कर रहे हैं। भंडरा में कोयल नदी जलापूर्ति योजना से 1500 कनेक्शन धारी है। जिन्हे आज भी पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है। भंडरा निवासी उत्तम गुप्ता कहते है कि भले ही करोड़ों रुपए की लागत से भंडरा में कोयल जलापूर्ति योजना का शुरूआत किया गया है, परंतु यहां के लोगों को

बेकार पड़ी जलमीनार।

शुद्ध पेयजल अब भी नसीब नहीं हुआ है। पांच साल पहले शुरू हुई योजना में एक माह भी पानी की सप्लाई नहीं हुई है। इतना ही नहीं भंडरा मवि में बने पानी टंकी से भी पानी लीकेज होता है। इसके मरम्मत को लेकर स्थानीय ग्रामीणों द्वारा कई बार इसकी सूचना दी गई थी। स्थानीय मुखिया द्वारा भी पहल की गई इसके बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ है। लोग शुद्ध पेयजल को लेकर भटकने को विवश हैं। करोड़ों की योजना और जलमीनार महज दिखावा बन कर रह गई है।

मामले को लेकर प्रशासनिक और जिले के प्रतिनिधियों की अनदेखी से लोग निराश है। भंडरा निवासी आकाश यादव का कहना है कि कोयल नदी जलापूर्ति योजना के शुरू होने से ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल मिलने का सपना सिर्फ सपना ही बनकर रह गया है। ग्रामीणों को आज भी पेयजल के इधर-उधर भटकना पड़ता है। भंडरा बीडीओ रंजित कुमार सिन्हा ने कहा कि भंडरा में पेयजल संकट की समस्या है। उसे दूर करने को लेकर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से बात कर समस्या को दूर किया जाएगा।

60 किसानों के बीच मत्स्य बीज का वितरण

गुमला। विकास संवाद समिति द्वारा एच.डी.एफ.सी बैंक के सीएसआर परिवर्तन के सहयोग से गुमला जिले के रायडीह और पालकोट प्रखंड के 26 ग्रामों में समग्र कृषि व्यवस्था और आजीविका के लिए पहल परियोजना के अंतर्गत 60 किसानो के बीच 145 किलो मछली बीज का वितरण किया गया। परियोजना समन्वयक अजय लाल ने जानकारी दी कि परियोजना के अंतर्गत इस वित्तीय वर्ष 6 नये तालाब का निर्माण भी कराया गया है। जिसमे मछली बीज डाला गया है। साथ ही तालाब के किनारे लत्तेदार सब्जियों एवं फलदार पौधों का रोपण कर समग्र कृषि पद्धति संचालित करने की योजना को आगे बढाने का प्रयत्न किया जा रहा है।

वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण करने वाले के खिलाफ जल्द होगी कार्रवाई

खबर मन्त्र संवाददाता

बारियातू। वन क्षेत्र के वन भूमि पर अवैध कब्जा करने तथा वन संपदा को क्षति पहुंचाने के आरोप में वन विभाग ने टीम बानालात गाँव पहुँच कर जांच किया। सब बिट ऑफिसर संतोष ने जानकारी देते हुए बताया की डीएफओ लातेहार के निदेर्शानुसार फारेस्टर सहित चार सदस्यीय टीम ने बनालात के सोहरवाटांड मे वन क्षेत्र मे अतिक्रमण कर खेती करने के मामलों को लेकर स्थलीय जांच किया गया। जहाँ कई लोगों द्वारा वन अतिक्रमण कर खेती किया जा रहा है। जाँच मे पहुंचे अधिकारियों ने कहा की वन क्षेत्र को नुकसान पहुँचाने वाले पर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। फारेस्टर ने बताया कि जाँच रिपोर्ट लातेहार डीविजन भेजा जायेगा। उपस्थित लोगों से वन कर्मियों ने अपील करते हुए

कहा की वन क्षेत्र को नहीं उजाड़े, वन प्राकृतिक हमलोगों को सब कुछ बिना मांगे देती है। जंगल पेंड़ पौधा प्राकृतिक को बचाए तभी आने वाला भविष्य बच सकता है अन्यथा मानव जीवन सहित जीव जंतु के लिए घातक साबित होगा। लगातार पेंड़ कटाई के कारण पूर्व के मुताबिक वर्षा नहीं होती है। गर्मी मे असहनीय तापमान दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है यह चिंता का विषय है।

फीफा महिला विश्व कप : स्वीडन ने गत चैंपियन अमेरिका को बाहर किया

चार बार का विजेता शूटआउट में हारकर बाहर, स्वीडन-नीदरलैंड क्वार्टर-फाइनल में

एजेंसी

मेलबर्न। 2003 की उपविजेता स्वीडन ने रविवार को प्री-क्वार्टर फाइनल में बड़ा उलटफेर करते हुए चार बार का विजेता अमेरिका को पेनाल्टी शूटआउट में 5-4 से हराकर महिला फुटबाल विश्वकप से उसे बाहर कर दिया। मौजूदा विजेता अमेरिका लगातार खिताबी हैट्रिक लगाने की कोशिश में था, लेकिन स्वीडन ने उसे ऐसा करने से रोक दिया। दोनों टीमों के बीच निर्धारित और फिर अतिरिक्त समय (30 मिनट) तक मुकाबला गोलरहित (0-0) रहा था जिसके बाद मैच का नतीजा निकालने के लिए पेनाल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया जहां स्वीडन ने बाजी मार ली। स्वीडन क्वार्टर फाइनल में 2011 विश्व कप विजेता जापान से भिड़ेगा।

अमेरिका का सबसे खराब प्रदर्शन

अमेरिका का यह सबसे खराब प्रदर्शन है। टीम पहली बार टूर्नामेंट के प्री-क्वार्टर फाइनल से आगे बढ़ने में नाकाम रही है। इस विश्वकप में यह पहला मुकाबला है जो अतिरिक्त समय तक गया है।

हर्टिंग के गोल से जीता स्वीडन

पेनाल्टी शूटआउट में छह प्रयास के बाद दोनों टीमें 4-4 की बराबरी पर थी। इसके बाद अमेरिका की ओहारा गोल नहीं कर पाईं, जबकि लिना हटिग ने गोल कर स्वीडन को क्वार्टर फाइनल में पहुंचा दिया। अमेरिका की गोलकीपर एलिसा नैहर ने कहा कि उन्होंने हर्टिंग के गोल को बचा लिया था, लेकिन रेफरी ने वार की मदद से इसे गोल पोस्ट में लाइन के अंदर करार दिया जिसके बाद स्वीडन के खिलाड़ी और समर्थक जश्न मनाने लगे।

गोलकीपर मुसोविच का अच्छा प्रदर्शन

मैच के नियमित और अतिरिक्त समय में अमेरिका का दबदबा रहा था, लेकिन स्वीडन की गोलकीपर और रक्षापंक्ति ने उसके प्रयासों को विफल कर दिया। स्वीडन की गोलकीपर जेसीरा मुसोविच ने 11 बार गोल नहीं होने दिए। स्वीडन की खिलाड़ी भी गोल करने के लिए संघर्ष कर रहीं थी, लेकिन 85वें मिनट में स्थानापन्न खिलाड़ी सोफिया ने गेंद पर किक लगाई जो सीधा अमेरिकी गोलकीपर अलीसा के हाथों में चली गई। स्टार खिलाड़ी मेगन रेपिनो अतिरिक्त समय में एलेक्स मोर्गन की जगह मैदान पर उतरीं, लेकिन अमेरिका के लिए गोल नहीं कर पाईं।

नीदरलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को हराया

सिडनी। नीदरलैंड ने रविवार को दक्षिण अफ्रीका को 2-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जहां उसका सामना स्पेन से होगा। जिल रूर्ड (नौवां मिनट) और लिनेथ बीरेनस्टीन (68वां मिनट) ने गोल करके 2019 के उप-विजेता को अंतिम आठ में जगह दिलाई। टूर्नामेंट में उलटफेर भरी जीत दर्ज करके नॉकआउट चरण में पहुंचने वाले दक्षिण अफ्रीका ने नीदरलैंड को आसानी से जीत दर्ज नहीं करने दी। नीदरलैंड की गोलकीपर डाफ्ने वॉन डोमसेलर ने थेंबी कगाटलाना के कई गोल के प्रयासों को नाकाम किया जिससे टीम को जीत दर्ज करने में आसानी हुई।

पूरन का तूफानी अर्धशतक, वेस्टइंडीज ने भारत को दो विकेट से हराया, सीरीज में 2-0 से आगे

एजेंसी

प्रोविडेंस। टीम इंडिया ने विंडीज के खिलाफ 5 मैचों की टी 20 सीरीज के पहले 2 मुकाबले गंवा लिए हैं। गुयाना में रविवार को खेला गया दूसरा मुकाबला टीम इंडिया ने दो विकेट से गंवा दिया। इसके साथ ही विंडीज की लीड 2-0 हो गई है। दोनों मैचों में टीम इंडिया की बल्लेबाजी और गेंदबाजी को लेकर कई लूप होल देखने को मिले जोकि बीसीसीआइ की सिरदर्द बढ़ाने वाले हैं। बहरहाल, टीम इंडिया ने पहले खेलते हुए तिलक वर्मा के 41 गेंदों में 51 रनों की बदौलत 152 रन बनाये थे। जवाब में विंडीज टीम भले ही एक समय 129 रन पर आठ विकेट गंवा चुकी थी लेकिन पुछल्ले बल्लेबाजों अकिल हुसैन और अल्जारी जोसेफ ने बड़े शॉट लगाकर अपनी टीम को जीत दिला दी। इससे पहले टीम इंडिया की शुरूआत एक बार फिर से खराब रही थी। शुभमन गिल 9 गेंदों पर 7 तो सूर्यकुमार यादव 3 गेंदों पर एक रन बनाकर आऊट हो गए। तभी ईशान किशन और तिलक वर्मा ने पार्टनरशिप कर टीम स्कोर 50 से पार लगाया। ईशान 27 रन बनाकर रोमारियो शैफर्ड की गेंद पर बोल्ड हो गए। संजू सैमसन एक बार फिर से फ्लॉप रहे। वह 7 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। तिलक वर्मा ने 41 गेंदों पर 51 रन बनाए और टीम का स्कोर 100 पार लगाया। कप्तान हार्दिक पांड्या ने 18 गेंदों पर दो छक्कों की मदद से जरूरत 24 रन बनाए लेकिन वह अल्जारी जोसेफ की खूबसूरत गेंद पर बोल्ड हो गए। इस दौरान अक्षर पटेल ने बहुमूल्य 14 रन बनाये। अर्शदीप ने 6 तो रवि बिश्नोई ने 8 रन बनाए। पुछल्ले बल्लेबाजी टीम इंडिया को 152 रन तक ले जाने में ही सक्षम हो पाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी विंडीज टीम की शुरूआत खराब रही। हार्दिक पांड्या ने पहले ही ओवर में ब्रैंडन किंग और जॉनसन चार्ल्स को आऊट कर दिया। चौथे ओवर में अर्शदीप ने स्ट्राइक करते हुए काइल मायर्स को पगबाधा आऊट कर दिया। मायर्स ने 7 गेंदों पर 15 रन बनाए। लेकिन एक छोर पर खड़े निकोल्स पूरन ने ताबड़तोड़ रन बरसाए और अपना अर्धशतक पूरा किया। पूरन 40 गेंदों में 67 रन बनाकर आऊट हुए। जबकि कप्तान रोवमैन पॉवेल ने 21 रन बनाए। रोमारियो शैफर्ड बिना रन बनाए रन आऊट हो गए। जेसन होल्डर और शिमरोन हेटमायर को युजी चहल ने एक ही ओवर में पवेलियन की राह दिखाकर भारतीय टीम की राह आसान कर दी। विंडीज को आखिरी 4 ओवरों में 24 रन चाहिए थे जबकि उनके पास सिर्फ दो ही विकेट पड़े थे। क्रीज पर अकिल हुसैन के साथ अल्जारी जोसेफ बने हुए थे। अकिल ने 10 गेंदों पर 16 तो अल्जारी जोसेफ ने 8 गेंद पर 10 रन बनाकर 19वें ओवर में ही अपनी टीम को जीत दिला दी।

सुफयान के दम पर पाकिस्तान ने अर्जित किया पहला अंक

चेन्नई। पाकिस्तान ने मोहम्मद सुफयान खान की मदद से जापान के खिलाफ 3-3 से ड्रॉ खेलकर रविवार को हॉकी एशियाई चैंपियनशिप में अपना पहला अंक अर्जित किया। मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम पर अब्दुल राणा (नौंवा मिनट) ने पाकिस्तान का पहला गोल किया, जबकि सुफयान (25वां, 55वां मिनट) ने दो गोल किये। जापान के गोल सेरेन तनाका (13वां मिनट), रयोसेई काटो (37वां) और मसाकी ओहाशी (45वां मिनट) ने किये।

जसलीन सिंह सैनी डोप टेस्ट में फेल

नयी दिल्ली। एशियाई खेलों के संभावित खिलाड़ियों में शामिल जुडोका जसलीन सिंह सैनी पिछले महीने ताइपे ओपन के दौरान किए गये डोप परीक्षण में प्रतिबंधित दवा के सेवन के दोषी पाये गये। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले महीने के शुरू में ताइपे एशिया ओपन में पुरुषों के 66 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। इस घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले टीम के एक कोच ने कहा, वह ताइपे ओपन के दौरान एक अंतरराष्ट्रीय एजेंसी द्वारा किए गये डोप परीक्षण में विफल रहा है।

मलेशिया पर भारत की 5-0 से धमाकेदार जीत

एजेंसी

चेन्नई। जीत की राह पर वापसी करते हुए भारतीय हॉकी टीम ने मलेशिया को एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के राउंड रॉबिन मैच में रविवार को 5-0 से हरा दिया। भारत के लिए कार्ति सेल्वम (15वां मिनट), हार्दिक सिंह (32वां), कप्तान हरमनप्रीत सिंह (42वां), गुरजंत सिंह (53वां) और जुगराज सिंह (54वां) ने गोल दागे। इस जीत के बाद भारत तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। और सेमीफाइनल का मार्ग भी प्रशस्त कर लिया। पहले क्वार्टर के आखिरी मिनट में हरमनप्रीत सिंह मलेशियाई बॉक्स की तरफ गेंद लेकर दौड़े और सेल्वम को पास दिया जिसने आसान गोल दागा। दूसरे क्वार्टर में भारतीयों ने हमले बोलने जारी रखे और 2 पेनल्टी कॉर्नर भी बनाए लेकिन उन पर गोल नहीं हो सका। तीसरे क्वार्टर के दूसरे ही मिनट में हालांकि हार्दिक ने पेनल्टी कॉर्नर पर रिबाउंड शॉट के जरिए गोल दागा जबकि हरमनप्रीत मूल शॉट में चूक गए थे। मलेशिया को भी इस क्वार्टर में पेनल्टी कॉर्नर मिला और नजमी जजलान ने गोल भी कर दिया था लेकिन भारत ने वीडियो रेफरल लिया। खतरनाक फ्लिक होने के कारण यह गोल रद्द कर दिया गया। भारत को 42वें मिनट में लगातार तीन पेनल्टी कॉर्नर मिले जिनमें से तीसरे पर गोल हुआ। भारत का चौथा गोल गुरजंत ने 53वें मिनट में किया जिसकी नींव हार्दिक और मनदीप सिंह ने रखी। जुगराज ने अगले मिनट एक और गोल करके भारत की बढ़त पांच गोल की कर दी। भारत को अब गत चैंपियन दक्षिण कोरिया से सोमवार को खेलना है जबकि मलेशिया की टक्कर जापान से होगी।

चीन ने कोरिया को ड्रॉ पर रोका

चेन्नई। अपने शुरूआती दो मुकाबलों में 12 गोल खाने वाले चीन ने एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी 2023 में रविवार को सराहनीय अनुशासन दिखाते हुए दक्षिण कोरिया को 1-1 के ड्रॉ पर रोक लिया। कोरिया ने जोंगह्यूंग जांग (18वां मिनट) के गोल से मुकाबले में बढ़त बनायी, लेकिन चीन ने चोंगकोंग चेन (43वां मिनट) के गोल से ड्रॉ खेलकर टूर्नामेंट में पहला अंक अर्जित किया।

ऑस्ट्रेलियन ओपन में प्रणय को मिला रजत

सिडनी। भारत के एचएस प्रणय को रविवार को यहां ऑस्ट्रेलिया ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के फाइनल में चीन के वेंग होंग यांग से तीन गेम तक चले रोमांचक मैच में हार का सामना करना पड़ा। केरल के रहने वाले 31 वर्षीय प्रणय ने पहला गेम गंवाने के बाद अच्छी वापसी की लेकिन निर्णायक गेम में वह पांच अंक की बढ़त का फायदा नहीं उठा पाये और विश्व में 24वें नंबर के खिलाड़ी वेंग से 9-21, 23-21, 20-22 से हार गये। कोरिया ओपन (2022) और चीन ओपन (2019) का खिताब जीतने वाले यांग ने इस जीत के साथ ही मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में इस भारतीय खिलाड़ी के खिलाफ मिली हार का बदला भी चुकता कर लिया। इन दोनों खिलाड़ियों के बीच इससे पहले केवल एक मुकाबला हुआ था। प्रणय ने उस मैच में तीन गेम में जीत दर्ज करके मलेशिया मास्टर्स का खिताब जीता था।

सितसिपास ने 14 महीने बाद जीता एटीपी टूर खिताब

लॉस काबोस। यूनान के शीर्ष वरीयता प्राप्त स्टेफानोस सितसिपास ने ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर को 6-3, 6-4 से हराकर 14 महीने बाद अपना पहला खिताब जीत लिया है। इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन में उपविजेता रहे सितसिपास ने डी मिनौर को हराकर अपने करियर का पहला आउटडोर हार्डकोर्ट खिताब भी जीता। सितसिपास ने अपना आखिरी एटीपी टूर खिताब पिछले साल मलोर्का में जीता था और यह जीत उन्हें पांच फाइनलों में उपविजेता रहने के बाद मिली है। सितसिपास ने नौ ब्रेक प्वाइंट में से चार को भुनाकर डी मिनौर के खिलाफ 86 मिनट की जीत हासिल की। सितसिपास जब दूसरे सेट में 6-3, 3-2, 0/40 से आगे चल रहे थे तब डी मिनौर ने मुकाबले में वापसी करनी चाही। सितसिपास ने हालांकि 5-4 पर महत्वपूर्ण ब्रेक पॉइंट हासिल किया और इस सीजन की 39वीं जीत हासिल कर ली। यह डी मिनौर के विरुद्ध सितसिपास की लगातार 10वीं जीत भी है, जबकि ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी को अपने यूनानी प्रतिद्वंदी के विरुद्ध पहली जीत का इंतजार है। सितसिपास ने जीत के बाद कहा, मुझे लगता है कि हम दोनों आज कोर्ट पर जाकर एक शानदार फाइनल दिखाना चाहते थे।

भूमि विवाद में एक व्यक्ति की पीट- पीट कर हत्या

छपरा। बिहार के जिला मुख्यालय सारण के भगवान बाजार थाना क्षेत्र में भूमि संबंधित विवाद में एक व्यक्ति की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, जिले के अजायबगंज मोहल्ला निवासी बिरजू रायअपने घर में चाहरदिवारी का निर्माण कार्य करवा रहा था। इसी दौरान उसके पट्टीदारों ने उसके उपर लाठी-डंडे से हमला कर दिया। जिसके कारण वह घायल हो गया।

वज्रपात से तीन लोगों की मौत

पटना। बिहार के अरवल में रविवार को वज्रपात से तीन लोगों की मौत पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि आपदा की इस घड़ी में वे प्रभावित परिवारों के साथ हैं। मुख्यमंत्री ने अविलंब मृतक के परिजनों को चार-चार लाख रुपये अनुग्रह अनुदान देने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की है कि सभी लोग खराब मौसम में पूरी सतर्कता बरतें। खराब मौसम होने पर वज्रपात से बचाव के लिए आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किये गये सुझावों का अनुपालन करें।

तस्करी के मवेशी को पुलिस ने पकड़ा

बेतिया। पश्चिम चंपारण जिला के इनरवा थाना क्षेत्र के झझरी गांव के नजदीक से तस्करी के नियत से ले जा रहे मवेशियों को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया गया। हालांकि तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। मामला शनिवार के अर्ध रात्रि का है। पुलिस ने रविवार को इसकी जानकारी देते हुए बताया कि इनरवा पुलिस पेट्रोलिंग पर थी।उसी दौरान झझरी चौक से पश्चिम सरेह के रास्ते कुछ मवेशियों का झुड नेपाल के तरफ जाता दिखाई दिया। पुलिस के ललकारने पर तस्कर मवेशियों का झुंड छोड़कर नेपाल की ओर भागने मे सफल रहे।

बिजली गिरने से युवक की मौत, मचा कोहराम

नवादा। नवादा जिले के नारदीगंज थाना क्षेत्र के कहुआरा गांव में रविवार को आकाशीय बिजली गिरने से एक युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। मृतक कहुआरा निवासी लटन महतो का 29 वर्षीय पुत्र पिंटू कुमार बताया गया है। घटना की सूचना पुलिस को दिया गया है। बताया जाता है कि लटन महतो का पुत्र पिंटू कुमार रविवार को अपने खेत को देखने के लिए बधार में गया था। खेत में धान की रोपनी करना था,उसी खेत में पानी करने के लिए गया था। इसी बीच रिमझिम वर्षा शुरू हो गई।तभी वह वर्षा से बचने के लिए सोंच रहा था कि अचानक आकाशीय बिजली चमककर भूमि पर गिर पड़ी।उसकी चपेट में आने से पिंटू की मौत घटना स्थल पर हो गई।

नीतीश का अब कोई राजनीतिक भविष्य नहीं, वह सिर्फ जनता को भरमाने में लगे हैं : आरसीपी

पटना। भाजपा के नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रामचंद्र प्रसाद (आरसीपी) सिंह ने रविवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए कहा कि अब उनका कोई राजनीतिक भविष्य नहीं है और वह जनता को भ्रमित करने के लिए कभी विपक्षी गठबंधन का संयोजक तो कभी प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाये जाने की चर्चा करवाते रहते हैं। श्री सिंह ने सोशल नेटवर्किंग साइट ट्विटर पर ट्वीट कर कहा कि बिहार की जनता ने इस बार तय कर लिया है कि वे श्री नीतीश कुमार को वोट नहीं करेंगे इसलिए उनकी पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के लोग येन केन प्रकारेण उनके महत्व को बढ़ाना चाहते हैं।

रेलवे स्टेशनों पर सुविधा बढ़ने से व्यापार एवं रोजगार को मिलेगी गति: अश्विनी चौबे

एजेंसी

पटना। केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने कहा कि पूर्व की सरकारों ने छोटे स्टेशनों के विकास पर कभी भी ध्यान नहीं दिया। मोदी सरकार ने ऐसे स्टेशनों की सुध ली और उन्हें विकसित किया जा रहा है। इससे व्यापार और रोजगार को गति मिलेगी। केंद्रीय मंत्री चौबे रविवार को डुमराव रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा एक साथ, देश के 508 स्टेशनों के पुनर्विकास के लिए शिलान्यास समारोह के दौरान उपस्थित रेल यात्रियों एवं जनता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 6 अगस्त का दिन भारतीय रेलवे एवं रेल से यात्रा करने वाले करोड़ों लोगों के लिए हमेशा अविस्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक पल का डुमरांव में साक्षी बना। भारत की प्रगति का आधार देश के रेलवे स्टेशन है। देश की गति भी रेलवे से है। देश की प्रगति में भी रेलवे का बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने छोटे-छोटे स्टेशनों को विकसित करने का संकल्प लिया है। यह एक नेक पहल है। इससे रोजगार के अवसर बढ़ेगा। साथ ही पर्यटन को भी गति मिलेगी। केंद्रीय मंत्री चौबे ने बक्सर वासियों की तरफ से प्रधानमंत्री एवं रेल मंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बक्सर संसदीय क्षेत्र के चार रेलवे स्टेशनों का अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना में शामिल किया गया है। इसमें पहले चरण में डुमराव, रघुनाथपुर, दुर्गावती का पुनर्विकास हो रहा है। दूसरे चरण में चौसा को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि बक्सर रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय बनाया जा रहा है। इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। आने वाले समय में बक्सर रेलवे स्टेशन रोल मॉडल बनेगा। आध्यात्मिक ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक दृष्टिकोण से बक्सर महत्वपूर्ण शहरों में शुमार है। यहां पर रेल सुविधाओं में बढ़ोतरी से रोजगार के नए अवसर भी बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत काल में देश ने अपनी विरासत पर गर्व का भी संकल्प लिया है। ये अमृत रेलवे स्टेशन इसके भी प्रतीक बनेंगे।

धोनी ने फिर जीता क्रिकेट फैंस का दिल, कार रोककर सिक्योरिटी गार्ड के साथ खिंचवाई फोटो

रांची। महेंद्र सिंह धोनी अपने फैंस का दिल जीतने में कभी पीछे नहीं रहते। अब धोनी की एक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है जिसमें एक सिक्योरिटी गार्ड के इशारा करने पर उन्होंने अपनी कार रोकी और उसके साथ फोटो भी करवाई। घटना तब की है जब धोनी स्टेडियम से अपनी कार में वापस अपने रांची स्थित बंगले में जा रहे थे। फोटो में धोनी कैमरे के सामने मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं।

भारत आने के लिए पाकिस्तान को मिली हरी झंडी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान सरकार ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को एकदिवसीय विश्व कप 2023 के लिये टीम को भारत भेजने की मंजूरी दे दी है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने रविवार को एक बयान जारी कर कहा, पाकिस्तान ने हमेशा यह राय रखी है कि खेलों को राजनीति से नहीं मिलाना चाहिये। इसलिये उसने एकदिवसीय विश्व कप 2023 में हिस्सा लेने के लिये अपनी टीम को भारत भेजने का फैसला किया है। बयान में कहा गया, पाकिस्तान का यह फैसला भारत के अड़ियल रवैये के मुकाबले हमारा रचनात्मक और जिम्मेदार दृष्टिकोण दिखाता है, क्योंकि उन्होंने अपनी क्रिकेट टीम को एशिया कप के लिये पाकिस्तान भेजने से मना कर दिया था। इस बीच, मंत्रालय ने अपनी टीम की सुरक्षा को लेकर चिंता भी जाहिर की। मंत्रालय ने कहा कि वह आइसीसी) और भारतीय प्रशासन तक अपनी चिंताएं पहुंचाएगा और उसे अपनी टीम की पूर्ण सुरक्षा की उम्मीद है।

शराब के साथ तीन गिरफ्तार

बेगूसराय। नगर थाना की पुलिस ने शराब तस्करी होने की सूचना पर गाछी टोला में छापेमारी कर शराब लदे कार को जब्त कर चालक एवं तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं, शराब की होम डिलेवरी करने वाले एक युवक को भी शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गाछी टोला में हुई छापेमारी में कार से 79 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ पटना के बुद्धा कालोनी (चीना कोठी) निवासी अभिषेक कुमार एवं गाछी टोला निवासी कमल किशोर पासवान को गिरफ्तार किया गया है। जबकि, मुंगेरीगंज मे होम डिलेवरी करते हुए मुंगेरीगंज निवासी अविनाश कुमार उर्फ राजा को गिरफ्तार किया गया। नगर थानाध्यक्ष रामनिवास ने बताया कि अविनाश कुमार उर्फ राजा की तलाशी के दौरान उसक कमर एवं जेब से शराब का आठ ट्रेटा पैक बरामद किया गया है।

पीएम मोदी ने किशनगंज व ठाकुरगंज में लगभग 70 करोड़ रुपये की योजनाओं का किया शिलान्यास

किशनगंज। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अमृत भारत योजना के तहत किशनगंज जिले के दो स्टेशनों यथा ठाकुरगंज और किशनगंज स्टेशन का चयन किया गया है। जहां आज भव्य शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिलान्यास कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, रेलवे यात्री परामर्श समिति के सदस्य सहित बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस सहित अन्य दलों के नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया जिसमे बच्चो ने अपनी प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। वही तय समय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए ठाकुरगंज में 27 करोड़ आठ लाख एवं किशनगंज स्टेशन पर 42 करोड़ तीन लाख रुपए की राशि के योजनाओं का शिलान्यास किया गया। गौर करे की अब यात्रियों को मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसना नहीं पड़ेगा। इस योजना के तहत स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए आने जाने के लिए अलग-अलग प्रवेश द्वार, आसपास के क्षेत्र में सौंदर्यीकरण, पार्किंग, यात्रियों को उतरने और चढ़ने के लिए पोर्च, प्रवेश कक्ष, महिला पुरुष के लिए अलग-अलग शौचालय एवं प्रतिक्षालय, नए वीआइपी कक्ष, बुकिंग काउंटर, रेलवे स्टेशन के अंदर के भाग का सुंदरीकरण, प्लेटफार्म पर शेल्टर दिव्यांगों के लिए नए शौचालय ब्लॉक, ओवरब्रिज, लिफ्ट सुविधा के विकास कार्य करवाए जाएंगे।

शिक्षकों को बीपीएससी परीक्षा से छूट दे सरकार : सुशील

एजेंसी

पटना। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने रविवार को कहा कि नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा देने का फैसला जल्द किया जाना चाहिए और सरकार को घोषणा करनी चाहिए कि जिन नियोजित शिक्षकों ने बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) परीक्षा के लिए आवेदन किया है, उन्हें परीक्षा में बैठने की जरूरत नहीं है। श्री मोदी ने रविवार को बयान जारी कर कहा कि नियोजित शिक्षकों को बिना किसी जांच परीक्षा के राज्यकर्मी का देने की मांग के लिए भाजपा के कार्यकताओं ने लाठी खायी और बलिदान किया, लेकिन अब तक सरकार ने कुछ नहीं किया।उन्होंने कहा कि नीतीश सरकार एक तरफ सत्तारूढ दलों से विचार-विमर्श का नाटक कर टाइम पास कर रही है, तो दूसरी तरफ 1.70 लाख नियमित शिक्षकों की नियुक्ति बीपीएससी से कराने के लिए परीक्षा कार्यक्रम भी घोषित कर चुकी है। भाजपा सांसद ने कहा कि नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा देने के मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक बुलायी जानी चाहिए और इसमें पात्रता परीक्षा (टीइटी/एसटीइटी) उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को अब और कोई परीक्षा लिए बिना नियुक्ति पत्र देने के मुद्दे पर भी निर्णय लिया जाना चाहिए। श्री मोदी ने कहा कि वेतन मद में केंद्र सरकार सांकेतिक सहायता ही करती है, इसलिए राज्य सरकार को नई शिक्षक नियुक्ति के लिए 11000 करोड़ और नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा देने के लिए 5000 हजार करोड़ रुपये की अतिरिक्त व्यवस्था अपने बूते करनी होगी।

स्पीड न्यूज

बारूद फैक्ट्री निर्माण के खिलाफ बैठक

झरिया। धनबाद निर्माण झरिया शाखा कि आपात बैठक कपड़ा पट्टी में हुई। बैठक का मुख्य विषय बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता द्वारा बस्ता कोला मे ब्लैक डायमंड कम्पनी को बारूद फैक्ट्री लगाने हेतु जमीन देने की बात की गई । गौर तलब हो की बस्ताकोला से समीप आर एस पी कालेज मे भूमिगत आग का खतरा बता कर कालेज का स्थांतरण किया गया है। बैठक में उपेन्द्र गुप्ता, उमाचरण राजवार, श्रीकान्त अम्बष्ट, शिव चरण शर्मा, मनोहर कनोई, प्रदीप तुल्सायान, संजय गुप्ता, गणेश गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, विकास अग्रवाल, सुरेश खेतान, संतोष स्वर्णकार, अजित वर्णवाल, जितेन्द्र केशरी,चेतन ठक्कर, अनुप अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

राजेश तुरी के रूप में हुई अज्ञात शव की पहचान

निचितपुर। ईस्ट बसुरिया व राजगंज थाना क्षेत्र के बीच जंगल मे दो दिन पूर्व मील अज्ञात शव का पहचान कर लिया गया। अज्ञात शव के पॉकेट में मिले आधार कार्ड कर आधार पर पुलिस ने बोकारो किला के बेरमो थाना क्षेत्र के घुटीया टांड़ के राजेश तुरी के रूप में किया गया। पुलिस ने उसके परिजन से संपर्क किया गया। राजेश तुरी की माँ पार्वती देवी ने शव की पहचान अपने पुत्र राजेश तुरी के रूप में की। राजेश तुरी अपने घर से पिछले दस दिनों से लापता था। राजेश तुरी मानसिक रूप से विक्षिप्त था और शराब पीने का आदि था। पुलिस ने यूडी केस दर्ज किया है।

गोमो स्टेशन पर सैकड़ों लोग बने शिलान्यास के गवाह

गोमो। रविवार को गोमो स्टेशन के सौंदर्यीकरन के लिए प्रधानमंत्री ने ऑनलाइन शिलान्यास किया। इस मौक पर गोमो रेलवे स्टेशन में स्वतंत्रता सेनानी स्व बालेश्वर प्रसाद सिंह की धर्म पत्नी रुक्मणि देवी ने भी उक्त योजना का शिलान्यास किया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में उपस्थित गण्यमान्य लोग इस पल का यादगार बने, तथा बड़े बड़े स्क्रीन के जरिए चल रहे प्रधानमंत्री के वक्तव्य को सुना।

बोकारो : सेवानिवृत्त कर्मियों ने प्रबंधन को सौंपा मांग पत्र

बोकारो। सेल रिटायर कर्मी सह आश्रित सेवा संघ के प्रतिनिधिमंडल ने बोकारो स्टील के निदेशक प्रभारी के तकनीकी सहायक को संघ की ओर से पांच सूत्री मांग .पत्र सौंपा। इसमें बोकारो प्रबंधन से लाइसेंस स्कीम के तहत आवंटित आवासों को लीज में बदलने, सी एवं डी प्रकार के आवासों को भी पट्टे पर आवंटित करने आदि मांगें शामिल हैं।

अमित चंद्रवंशी आजसू में शामिल

गिरिडीह। मधुबन में डुमरी विधानसभा की चुनाव को लेकर आजसू प्रखंड सम्मेलन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथ के रूप मे आजसू केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो एवं गोमिया विधायक लम्बोदर महतो सम्लित हुए। पूर्व मे डुमरी प्रखंड से सरे पंचायत के प्रभारी के साथ आगामी चुनाव की जीत की रण नीति पर चर्चा की गयी। इसी बिच अमित कुमार चंद्रवंशी को सुदेश महतो ने अंग वस्त्र पहना कर पार्टी में शामिल किया।

निर्मल महतो की पुण्यतिथि पर कल जनसभा को संबोधित करेंगे सीएम

- डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने जिला प्रशासन की टीम के साथ किया स्थल निरीक्षण
- विधायक सबिता महतो, एसएसपी प्रभात कुमार व अन्य पदाधिकारी रहे मौजूद

खबर मन्त्र ब्यूरो

उलियान में शहीद के समाधि स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे डीसी मंजूनाथ भजंत्री व एसएसपी प्रभात कुमार के साथ विधायक सबिता महतो।

जमशेदपुर। 08 अगस्त 2023 को शहीद निर्मल महतो जी की पुण्यतिथि पर कदमा के उलियान स्थित समाधि स्थल पर सभा आयोजित होनी है। कार्यक्रम में आने वाले शहीद निर्मल महतो जी के समर्थकों की बड़ी संख्या को देखते हुए जिला दण्डाधिकारी-सह- उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा एसएसपी प्रभात कुमार एवं जिला प्रशासन के अन्य पदाधिकारियों के साथ सभा स्थल का निरीक्षण कर विधि व्यवस्था की समीक्षा किया गया। मौके पर माननीय विधायक ईचागढ़ श्रीमती सविता महतो से कार्यक्रम के आयोजन को लेकर जानकारी ली गयी तथा सभा में आने वाले आगन्तुकों के सम्बंध में चर्चा किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त द्वारा सभा स्थल में की जा रही तैयारियों का जायजा लिया गया। मौके पर मौजूद विशेष पदाधिकारी जेएनएसी, भवन निर्माण के अभियंता एवं जुस्को के प्रतिनिधि को सभा मैदान व समाधि स्थल की साफ सफाई, सौंदर्यीकरण, माल्यार्पण स्थल पर स्टेज निर्माण व मुख्य सभा स्थल में मंच निर्माण की जांच को लेकर जरूरी निर्देश दिए। सुरक्षा व्यवस्था व यातायात व्यवस्था के बेहतर संधारण को लेकर भी सभी एहतियातन कदम उठाने का निदेश दिया गया। मैदान में जलजमाव नहीं हो इसे लेकर स्लैग डाला गया है, आगंतुकों के बैठने की व्यवस्था, बैरिकेडिंग आदि की भी समीक्षा की गयी। मौके पर विशेष पदाधिकारी जेएनएसी संजय कुमार, डीसीएलआर विन्द्र गागराई, जिला योजना पदाधिकारी अरूण द्विवेदी, जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार, अभियंता, भवन निर्माण व अन्य मौजूद रहे।

जमशेदपुर एफसी ने वुंगंगयाम मुइरंग को टीम से जोड़ा

जमशेदपुर। जमशेदपुर एफसी ने बेंगलुरु एफसी के वुंगंगयाम मुइरंग के साथ करार किया है, जो हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में सात मैच खेल चुके हैं। 24 वर्षीय खिलाडघि की गेंद पर अच्छी पकड़ है, जो अपने बाएं पैर का ज्यादा इस्तेमाल करते हैं। यह विशेषता आमतौर पर सेंटर-बैक में नहीं देखी जाती है। बेंगलुरु एफसी के साथ मुइरंग ने 2022 में डूरंड कप जीता और 2021 में एएफसी कप टूर्नामेंट में भाग लेने वाली बीएफसी टीम का भी हिस्सा थे। डिफेंडर का जन्म मणिपुर के पहाडघि शहर उखरूल में हुआ था और उन्होंने बहुत कम उम्र से फुटबल खेला। बाद में वह पेशेवर फुटबालर बन गए और एफसी पुणे सिटी रिजर्व्स टीम में शामिल हो गए जहां उन्होंने सेकेंड डिवीजन आई-लीग में खेला। इसके बाद मणिपुरी आई-लीग क्लब गोकुलम केरल चले गए, जहां उन्होंने अपनी बहुमुखी प्रतिभा और आत्मविश्वास से प्रभावित किया।

बीजीएच में प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता

बीजीएच में प्रमाण पत्र हासिल करने वाले लोग।

बोकारो। बीजीएच के डीएमएस सम्मेलन कक्ष में उन उम्मीदवारों को प्रमाण.पत्र सौंपने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गयाए जिन्होंने आईएसओ.9001 2015 गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली पर आंतरिक लेखा परीक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। सीएमओ चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं डॉ बी बी करुणामय ने सफल उम्मीदवारों को प्रमाण पत्र सौंपे। प्रशिक्षण कार्यक्रम ने चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के लिए आंतरिक लेखा परीक्षकों के समूह को मजबूत किया है। अब बीजीएच के आंतरिक लेखा परीक्षकों का कार्य लेखा परीक्षकों के इस नए दल द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम का समन्वय बिजनेस एक्सीलेंस विभाग से जीएम बी बनर्जी एवं पीआर के अबू नसर ने किया। कार्यक्रम में डॉ वर्षा घनेकरए डॉ श्रवण कुमारए डॉ इंद्रनील चौधरीए डॉ तृप्ति चंद्राए अन्य चिकित्सक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

चिन्मय विद्यालय में छात्र परिषद का गठन

बोकारो। चिन्मय विद्यालय में छात्र परिषद के सदस्यों का गठन किया गया। छात्र परिषद के सभी पदों के लिए छात्र कई चयन प्रक्रिया में सफल हुएए जिसमें विद्यार्थियों के नेतृत्व की क्षमताए व्यवहारए कम्युनिकेशन एवं अन्य परीक्षाओं के द्वारा उनका चयन किया गया। छात्र परिषद के सदस्यों में रजत ऋत्विक हेड बॉयए शुभांगी नारायण हेड गर्ल चुने गए। इसके अलावा विभिन्न विभागों का दायित्व अलग.अलग छात्र.छात्राओं को दिया गया। कार्यक्रम का संचालन ग्यारहवीं की लावन्याए अनुश्री एवं तन्मय ने किया। मौके पर आयोजित विशेष प्रार्थना सभा में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिश्वरूप मुखोपाध्यायए अध्यक्ष चिन्मय विद्यालयए प्राचार्य सूरज शर्मा ने सभी छात्रों को बैज एवं सेस पहनाकर सम्मानित किया। अध्यक्ष बिश्वरूप मुखोपाध्याय ने अपने संबोधन में बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यालय में छात्र जीवन से ही बच्चों में नेतृत्व की भावना आनी चाहिए।

अदृश्य सेवा कर प्रवीण सिंह जैसा बना जा सकता है : मूंडा

खबर मन्त्र टीम

आदित्यपुर/जमशेदपुर। प्रवीण सिंह के समिति में आयोजित रक्तदान शिविर में भारत सरकार के केंद्रीय जनजातीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि अदृश्य सेवा कर स्व. प्रवीण सिंह जैसा बना जा सकता है। मौके पर ईचागढ के पूर्व विधायक अरविंद सिंह, खरसावां विधायक दशरथ गागराई समेत अन्य नेता व समाज के लोग बडघी संख्या में मौजूद थे। शिविर में 891 यूनिट रक्त संग्रह किया गया।

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि आज अपने कर्मों से मानवीय पहलुओं को यथार्थ कर सकते हैं. मनुष्य का दायित्व सिर्फ परिवार चलाने के लिए ही नहीं होता है बल्कि अदृश्य तरीके से सेवा करना चाहिए। रक्तदाता को पता नहीं होता है कि उसका रक्त किसके शरीर में जाएगा, लेकिन जिसके शरीर में जाता है उसके परिवार के सदस्यों को इसका आभास जरूर होता है. शरीर पंचतत्वों से बनता है और इस जीवन में ही पंचतत्वों की कमी पूरी करनी होती है।

बीमार व्यक्ति जानता है रक्त का मूल्य : अरविंद सिंह- ईचागढ के पूर्व विधायक अरविंद सिंह उर्फ मलखान सिंह ने आयोजित समारोह में कहा कि जब वे बीमार पड़े थे, तब उन्हें पता चला था कि रक्त का मूल्य क्या होता है। रक्त का कोई मोल नहीं है। मेरे पास सबकुछ था। बावजूद अपने छोटे भाई को खो दिया। अब पता चलता है कि दुनिया में कुछ भी नहीं है।

चांडिल के लिये दी एंबुलेंस की सुविधा : ईचागढ के पूर्व विधायक अरविंद सिंह उर्फ मलखान सिंह ने कहा कि प्रवीण सिंह स्मृति सेवा संस्था की ओर से एक एंबुलेंस की सुविधा चांडिल के लोगों को दी गयी है। संस्था आगे भी इस तरह का कार्य समाजहित में करती रहेगी।

रक्तदान के लिए आगे आएं : दशरथ गागराई – खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने कहा कि रक्तदान के लिए युवाओं को आगे आने की जरूरत है. उन्होंने कहा कि वे भी कोरोनाकाल में एक माह तक अस्पताल में भर्ती थे. 9 बार कोरोना पजिटिव रिपोर्ट आया था, लेकिन 10वीं बार निगेटिव आने के बाद राहत मिली थी।

100 कांवरियों का जत्था 8 सेवादल सहित सिंदरी से बैद्यनाथ धाम रवाना

बाबाधाम रवाना होने से पहले बोल बम का नारा लगाते कांवरिया।

खबर मन्त्र संवाददाता

सिंदरी । सिंदरी काँवरिया संघ के बैनर तले 100 काँवरियों का जत्था सहित 8 सेवादल सिंदरी से बाबा बैद्यनाथ धाम यात्रा के लिए रविवार को वीर कुँवर सिंह चौक से रवाना किया गया। इसे साईं बाबा टूर एंड ट्रैवल्स के सौजन्य से प्रति वर्ष सावन महिने में रवाना किया जाता है। इसकी रवानगी को जोरदार स्वागत के साथ रवाना करते हुए विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल जिला महामंत्री सोनू गिरी ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी काँवरियों का जत्था रवाना किया गया है। यह जत्था पाँच दिनों के कार्यक्रम में बाबा बैद्यनाथ धाम में भोलेबाबा पर जल अर्पण कर बासुकीनाथ धाम का दर्शन कर वापस सिंदरी लौटेगा। इस जत्थे में महिलाएँ भी शामिल हैं। काँवरियों के सेवा के लिए 8 सेवादल भी साथ में रहेंगे। काँवरियों को किसी भी प्रकार का कष्ट होने पर सेवादल उन्हें सहायता प्रदान करेंगे।

इस मौके पर विहिप बजरंग दल जिला महामंत्री सोनू गिरी, भाजपा नेता कामेश्वर सिंह, रंजीत कुमार निषाद, रोहित सिंह, अयान धार, अंकित सिंह, अमित कुमार, विवेक कुमार, गणेश रजक, डब्ल्यू कुमार सहित काँवरिया व सेवादल उपस्थित रहे।

विधायक ने भाषण प्रतियोगिता में प्रथम तीन विजेताओं को किया पुरस्कृत

कोडरमा। रेलवे द्वारा आयोजित भाषण प्रतियोगिता के प्रथम तीन विजेताओं को रविवार को कोडरमा रेलवे स्टेशन पर पूर्व शिक्षा मंत्री सह विधायक डॉ.नीरा यादव ने पुरस्कृत किया। बता दें कि रेलवे द्वारा सेक्रेड हार्ट स्कूल के बच्चों के बीच देश और रेलवे में क्या-क्या अच्छा हो रहा है विषय पर भाषण और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन कराया था। भाषण प्रतियोगिता में वंदना कुमारी को प्रथम, गौरव राज को द्वितीय और मयंक पांडेय को तृतीय स्थान मिला था। वहीं रविवार को कोडरमा रेलवे का जब देशभर के 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव कर रहे थे, उसी कार्यक्रम के दौरान बच्चों को पुरस्कृत किया गया। वहीं डॉ. नीरा यादव ने बच्चों द्वारा बनाए गए पेंटिंग्स को सराहा और कहा कि ये सभी पेंटिंग्स रेल मंत्रालय को भेजा जाएगा। मौके पर रेलवे के कई अधिकारी के अलावा सेक्रेड हार्ट स्कूल के एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद शर्मा, विशाल आनंद और आशुतोष गौतम समेत सेक्रेड हार्ट स्कूल के लगभग 25 बच्चे मौजूद थे।

ट्रेन की चपेट में आने से एक अधेड़ की मौत

देवघर। जिले के हावड़ा दिल्ली रेलवे मेन लाइन के जसीडीह तुलसीटांड़ के बिच पोल संख्या 324/1और 4 के अप और डाउन लाइन के बिच से एक पचास वर्षीय पुरुष ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पुलिस ने बताया कि सुचना मिला कि अप और डाउन लाइन के बिच जसीडीह और तुलसी टांड़ के बिच में एक व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गया है। सुचना मिलते ही सदलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे तो देखा कि सर क्षत विक्षत था, जो कि पहचान नहीं हो पाया।

मोदी सरनेम मामले में सुप्रीम कोर्ट से कांग्रेस नेता राहुल गांधी को राहत मिलने का मामला

महगामा विधायक ने कहा- पार्टी को शुरू से ही न्यायपालिका पर था भरोसा

खबर मन्त्र संवाददाता

दुमका। मोदी सरनेम केस मामले में सुप्रीम कोर्ट से कांग्रेस नेता राहुल गांधी को राहत मिलने पर गोड्डा के महगामा विधायक दीपिका सिंह पांडेय ने कहा कि पार्टी को शुरू से ही न्यायपालिका पर भरोसा था। रविवार को परिसदन भवन में विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने देश एवं राज्य की वर्तमान हालात पर बेबाकी से अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि अब एक बार फिर से राहुल गांधी सदन में आम जनता की समस्याओं को रख सकेंगे। उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और सरकार की तमाम मिशनरी ने लोकतंत्र की हत्या की साजिश रची। अडानी और अम्बानी के सवाल उठाने पर कोर्ट को बरगला कर राहुल गांधी को संसद से बाहर करने का काम किया। अब यह देखना है कि लोकसभा के स्पीकर कितनी जल्द राहुल गांधी को सदन में बुलाते हैं। साथ ही एक ऐसे व्यक्ति को जिसके परिवार ने देश के लिए शहादत दी, उन्हें बेघर किया गया। अब कितनी जल्द सम्मानपूर्वक उन्हें घर में

वापस पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि हालात यह है कि अडानी और अंबानी के खिलाफ अगर कोई भी आज आवाज उठाएगा तो उसकी आवाज को दबाने के लिए भाजपा सरकार द्वारा षडयंत्र रचा जाएगा। विधानसभा के मानसून सत्र को लेकर विधायक ने कहा कि तमाम विधायकों को सत्र का इंतजार रहता है, ताकि सदन के अंदर अपने क्षेत्र की समस्याओं को रख सकें और उसका समाधान हो सके। लेकिन भाजपा के लोग जानबूझकर सदन चलने नहीं देते। इनके षड्यंत्र में राजभवन पर भी सम्मिलित होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि तीन महत्वपूर्ण विधेयक जो राजभवन को विधानसभा को वापस करनी चाहिए उसे सरकार को वापस किया गया। यह समय बर्बाद करने का प्रयास है। भाजपा के लोग षड्यंत्र के तहत विधानसभा को चलने देना नहीं चाहते। लेकिन उनकी तमाम कोशिश नाकाम होगी। झारखंड प्रतियोगी परीक्षा विधेयक को लेकर विधायक ने कहा कि यह छात्रहित में लाया गया है। छात्रों को इससे कोई परेशानी नहीं है। कौन नहीं चाहता कि फ्री एंड फेयर एग्जाम हो, गलत करने वाले दंडित हों। भाजपा शासित से कई राज्यों में भी इस तरह के कानून बने हैं, वहां तो विरोध नहीं होता। फिर भाजपाइयों को यहां पर पेट में दर्द क्यों हो रहा है।

एक नजर में

डीपीएस चास में मैत्री बंधन कार्यक्रम

बोकारो/चास। दिल्ली पब्लिक स्कूल में मैत्री बंधन कार्यक्रम के तहत शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने पेड़ .पौधों को फ्रेंडशिप बैंड बांधकर उनकी रक्षा का संकल्प लिया। विद्यालय की चीफ मेंटर डॉण हेमलता एस मोहन ने कहा कि माता .पिता और परिवार के साथ बच्चों का रिश्ता जन्म से जुड़ जाता है। लेकिन दोस्ती ही एक ऐसा रिश्ता होता है जो लोगए पहली बार खुद से बनाते हैं। पेड़ हमारे सच्चे मित्र हैं। बरगदए तुलसीए नीमए पीपल जैसे पेड़ों में देवों का वास माना गया है। मौके पर विद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या दीपाली भुस्कुटे ने कहा कि ये पेड़ .पौधे हमें प्रदूषण से बचा रहे हैंए पेड़ों से हमें तरह तरह के फल मिलते हैं। फल खाने से शरीर स्वस्थ रहता है। पेड़ों की लकड़ी से छतए दरवाजेए खिड़कियांए कुर्सीए मेज आदि चीजें बनती हैं। कई पेड़ों की जड़ए छाल और पत्तियों से दवाइयां बनती हैं।

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश बोकारो पहुंचे

बोकारो। न्यायिक अकादमी झारखंड के सहयोग से बोकारो जजशिप एवं जिला प्रशासन बोकारो द्वारा आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया अहसानुद्दीन अमानुल्लाह सम्मानित अतिथि मुख्य न्यायाधीश झारखंड उच्च न्यायालय .सह. संरक्षक .प्रमुख न्यायिक अकादमी झारखंड संजय कुमार मिश्रा न्यायाधीश झारखंड उच्च न्यायालय एवं कार्यकारी अध्यक्ष झालसा एस चन्द्रशेखर न्यायाधीश झारखंड उच्च न्यायालय एवं प्रभारी न्यायाधीश न्यायिक अकादमी झारखंड सुजीत नारायण प्रसाद समेत झारखंड उच्च न्यायालय के अन्य न्यायाधीश आदि फॉरेस्ट गेस्ट हाउस पेटरवार सेक्टर पांच स्थित बोकारो निवास पहुंचे। सभी ने परिसर में पौधरोपण किया। मौके पर न्यायिक पदाधिकारी जिला अनुमंडल व प्रशासनिक पदाधिकारी मौजूद थे।

अग्रवाल महासभा ने सीएम को सौंपा ज्ञापन

बोकारो। अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के अध्यक्ष सह झामुमो नेता अनिल अग्रवाल ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर उन्हें अग्रवाल समाज के लोगों को जाति प्रमाण पत्र बनाने में आ रही दिक्कतों से अवगत कराते हुए एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि अग्रहरि वैश्य समाजए जो खतियानी रैयत 1932 के पहले से हैंए प्रक्रिया त्रुटि होने के कारण पिछले कुछ वर्षों से अग्रवाल समाज का जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा हैए जिससे समाज के लोगों को काफी परेशानी हो रही है। झारखंड में लगभग नौ लाख से अधिक संख्या में अग्रवाल समाज के लोग झारखंड निवास करते आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि अग्रवाल श्री श्री अग्रसेन जी महाराज के वंशज हैं। इसमें कुल 18 गोत्र हैं। जाति प्रमाण पत्र नहीं बनने से समाज के लोगों को शिक्षाए नौकरी एवं छात्रवृत्ति से भी वंचित होना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री ने इस संबंध में त्वरित कार्यवाही का भरोसा दिया।

कसमार में खरीफ फसल पर कार्यशाला

बोकारो/कसमार। कसमार प्रखंड मुख्यालय के सभागार में आयोजित एक दिवसीय खरीफ फसल कार्यशाला का जिप उपाध्यक्ष बबीता कुमारीए प्रखंड प्रमुख नियोति कुमारीए जिप सदस्य अमरदीप महाराजए प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष दिलीप हेम्ब्रमए बीडीओ विजय कुमार ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। जिप उपाध्यक्ष बबीता ने कृषि संबंधी सभी सरकारी योजनाओं एवं वैज्ञानिक तरीकों को किसानों को बताने का निर्देश दिया।

पेज एक का शेष

विपक्ष कर रहा...

कुछ राजनीतिक दल चुनाव के समय तो सरदार साहब को याद कर लेते हैं, लेकिन आज तक इनके एक भी बड़े नेता ने स्टैच्यू ऑफ यूनिटी में जाकर न सरदार साहब के दर्शन किए न उन्हें नमन किया।

कहां के कितने स्टेशन : इन 508 स्टेशन देश में यूपी-राजस्तन के 55, बिहार के 49, महाराष्ट्र के 44, पश्चिम बंगाल के 37, मध्य प्रदेश के 34, असम के 32, ओडिशा के 25, पंजाब के 22, गुजरात के 21, तेलंगाना के 21, झारखंड के 20, आंध्र प्रदेश के 18, तमिलनाडु के 18, हरियाणा के 15, कर्नाटक के 13 स्टेशन शामिल हैं।

अधीक्षण अभियंता पर...

यह है मामला : 22 नवंबर, 2022 को ली आयकर विभाग को तलाशी के दौरान अनिल कुमार के यहां से कुल 406.28 लाख रुपये की चल-अचल संपत्ति मिली थी। इसमें 17.13 लाख रुपये नकद, 170.15 लाख रुपये का गहना एवं बहुमूल्य धातु, 64 लाख रुपये बैंक खातों में जमा राशि और 155 लाख रुपये परिवार के नाम पर अचल संपत्ति के रूप में मिले थे। आय कर विभाग ने इसे जब्त कर लिया था। इस सिलसिले में प्रधान आयकर निदेशक (अन्वेषण) कार्यालय, पटना ने तलाशी और जब्ती से संबंधित प्रारंभिक जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया था।

परिवारवाद को हराना ...

मोदी ने रखी श्रेष्ठ भारत की नीव : अपने संबोधन में बाबूलाल ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में श्रेष्ठ भारत की नीव रखी गयी है। तीसरी बार मोदी सरकार बनाकर हमें आत्मनिर्भर भारत निर्माण के संकल्प को पूरा करना है। उन्होंने झारखंड के सभी 14 लोकसभा सीट पर पार्टी की जीत सुनिश्चित कराने का आह्वान किया। श्री मरांडी ने कहा कि आगामी लड़ाई परिवारवाद और राष्ट्रवाद के बीच है। मायावी शक्तियां भेष बदलकर भ्रष्टाचार पर पर्दा डालना चाहती है। इस मंसूबे को नाकाम करते हुए उन्हें कठोर सजा दिलानी है। उन्होंने ग्रामीण विकास और अंत्योदय योजनाओं पर कहा कि अटल जी के नेतृत्व में यह कार्य प्रारंभ किया, जिसे पिछले 9वर्षों में मोदी सरकार ने मजबूती से आगे बढ़ाया है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, आवास योजना, शौचालय योजना, गरीब कल्याण अन्न योजना, किसान समृद्धि योजना, आयुष्मान भारत योजना जैसी योजनाओं ने गांव-गरीब, किसान को आर्थिक सामाजिक रूप से मजबूती प्रदान की है। उन्होंने कहा कि आज गरीबी घटी है। साथ ही, गांव और शहर की दूरी समाप्त हुई है।

इस अवसर पर क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने भाजपा के पंच निष्ठा विषय पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कांग्रेस की राष्ट्र विरोधी नीतियों और राष्ट्र के प्रति उनकी अवधारणा के खिलाफ जनमत खड़ा कर एक मजबूत गठबंधन खड़ा किया। संघर्ष के बल पर और जनता के सहयोग से पार्टी पूर्ण बहुमत से केंद्र सरकार चला रही है। हम सबका साथ सबका विकास के संकल्प और अंत्योदय के कार्यक्रम को तेजी से धरातल पर उतार रहे हैं। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने प्रशिक्षणार्थियों को कहा कि भाजपा में प्रशिक्षण कार्यकर्ता निर्माण की पद्धति है। कार्यकर्ता ही पार्टी की पूंजी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अभयकांत प्रसाद, डॉ रविंद्र राय, बालमुकुंद सहाय और महादेव दुबे ने किया। प्रशिक्षण शिविर को सफल बनाने में सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, मनोज सिंह, शशि भूषण भगत, अमित सिंह,अनिल महतो टाइगर, बबलू भगत, निर्भय शाहबादी, दिनेश यादव, सुरेश साव, संदीप, सुभाष सिन्हा, कामेश्वर पासवान, श्याम प्रसाद, सिकंदर हेंब्रम,यदुनंदन पाठक , अशोक उपाध्याय, विनय सिंह, संजीत सिंह,अमित तिवारी,सुरेंद्र लाल,संगीता सेठ, संजू देवी, अरविंद राय आदि की भूमिका सराहनीय रही।

स्पीड न्यूज

चीन में भारी बारिश से छह लोगों की मौत

बीजिंग। चीन में जिलिन प्रांत के शुलान शहर में भारी बारिश के बाद छह लोगों की मौत हो गई और चार लापता हैं। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार दोपहर तक शहर में बाढ़ सीमा से अधिक नौ जलाशयों ने उचित निर्वहन बनाए रखा था। बारिश अब समाप्त हो चुकी है। कुल 18,916 लोगों को निकाला गया है, 21 अस्थायी पुनर्वास सुविधाएं स्थापित की गई हैं। बचाव बलों ने 85 बिजली और 26 दूरसंचार सुविधाओं की कार्यक्षमता बहाल कर दी है।

बांग्लादेश में नौका पलटी, आठ की मौत

ढाका। बांग्लादेश में पद्मा नदी की एक शाखा में एक नौका रेत लदे जहाज से टकारा जाने के बाद डूब गयी, जिससे इस घटना में तीन बच्चों समेत आठ लोगों की मौत हो गयी। हादसे के समय नौका पर 46 लोग सवार थे। लोउहाजंग दमकल केंद्र के अधिकारी कैस अहमद ने बताया कि यह हादसा अनुसार, यह हादसा शनिवार रात करीब साढ़े आठ बजे मुंशीगंज जिले में हुआ।

चीन के शानदोंग में भूकंप से 21 घायल

बीजिंग। पूर्वी चीन के कुछ हिस्सों में शनिवार देर रात 5.5 तीव्रता का भूकंप आया, जिससे कम से कम 21 लोग घायल हो गए और 100 से अधिक इमारतें ढह गईं। शनदोंग प्रांत की पिंगयुआन काउंटी में रात दो बजकर 33 मिनट पर आए भूकंप के झटके बीजिंग, तियानजिन, हेनान और हेबेई प्रांत सहित उत्तरी चीन के कई हिस्सों में भी महसूस किए गए।

कुपवाड़ा में एक घुसपैठिया ढेर

कुपवाड़ा। कुपवाड़ा जिले के तंगधार सेक्टर में रविवार को सुरक्षाबलों ने एक घुसपैठिए को मार गिराया है। उसके शव के पास से गोला-बारूद भी बरामद हुआ है। तंगधार सेक्टर के अमरोही इलाके में नियंत्रण रेखा के पास सुरक्षाबलो ने एक संदिग्ध हरकत देखी। इसी बीच सुरक्षाबलों ने देखा कि एक घुसपैठिया सीमा पार करने की कोशिश कर रहा है। सुरक्षाबलों ने उसे वापस लौटने को कहा, लेकिन वह नहीं माना। इसके बाद सुरक्षाबलों ने गोलीबारी कर उसे मार गिराया।

राहुल गांधी से डरी हुई है सरकार : राउत

मुंबई। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता संजय राउत ने रविवार को दावा किया कि केंद्र सरकार राहुल गांधी से डरी हुई है और इसी वजह से उच्चतम न्यायालय के आदेश के बावजूद कांग्रेस नेता की लोकसभा की सदस्यता अभी तक बहाल नहीं की गयी है। उच्चतम न्यायालय ने मोदी उपनाम को लेकर की गई कथित विवादित टिप्पणी के संबंध में 2019 में दायर आपराधिक मानहानि मामले में राहुल की दोषसिद्धि पर रोक लगाते हुए शुक्रवार को उनकी संसद की सदस्यता बहाल करने का रास्ता साफ कर दिया।

मशहूर लोक गायक गद्दार का निधन

हैदराबाद। तेलंगाना के मशहूर लोक गायक गद्दार का रविवार को 77 वर्ष की आयु में खराब स्वास्थ्य के कारण यहां निधन हो गया। गद्दार का असली नाम गुम्मडी विट्ठल राव था।लोक गायक का निधन बढ़ती उम्र के साथ साथ फेफड़ों एवं मूत्र संबंधी समस्या के चलते हुयी है ।

मणिपुर में पांच पुलिसकर्मी निलंबित

इंफाल। मणिपुर पुलिस ने उस क्षेत्र के थाना प्रभारी समेत पांच पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है, जहां चार मई को कुछ लोगों द्वारा दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने की बर्बर घटना हुई थी। 19 जुलाई को घटना का वीडियो सामने आने के तुरंत बाद, मणिपुर पुलिस ने थौबल जिले के नोंगपोक सेकमाई पुलिस थाने के प्रभारी और चार पुलिसकर्मियों को निलंबित करने का फैसला किया।.

पर्वतों की निगरानी करेगा स्वाति माउंटेन

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय सेना ने उच्च ऊंचाई वाले इलाकों पर नजर रखने के लिए स्वाति माउंटेन राडार को अपने पर्वतीय निगरानी बेड़े में शामिल किया है। उप सेना प्रमुख (सीडी एंड एस) लेफ्टिनेंट जनरल जेबी चौधरी ने राडार प्रणाली को हरी झंडी दिखाई, जो सेना की युद्धक्षेत्र निगरानी क्षमताओं को मजबूत करेगी। यह राडार पर्यावरणीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए युद्ध के मैदान में छोटे प्रोजेक्टाइल का पता लगाने और ट्रैक करने में सक्षम है।

देश की युद्धक्षेत्र निगरानी और टोही क्षमताओं को मजबूत करने के लिए भारतीय सेना ने स्वदेशी रूप से विकसित हथियार लोकेटिंग राडार (डब्ल्यूएलआर-एम) के हल्के और अधिक कॉम्पैक्ट संस्करण को शामिल किया है, जिसे स्वाति माउंटेन कहा जाता है। उत्तर प्रदेश के आगरा में हुए एक समारोह में सेना स्टाफ (डीसीओएएस) के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल जेबी चौधरी ने राडार प्रणाली को हरी झंडी दिखाई। इसे बेंगलुरु में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) ने विकसित किया है। आधुनिक सेनाओं के लिए विकसित वेपन लोकेटिंग राडार (डब्ल्यूएलआर) दुश्मनों के तोपखाने, मोर्टार और रॉकेट लॉन्चरों का स्वायत्त रूप से पता लगाने और ट्रैक करने के लिए उन्नत सिग्नल प्रोसेसिंग तकनीकों का उपयोग करता है। यह राडार पर्यावरणीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए युद्ध के मैदान में छोटे प्रोजेक्टाइल का पता लगाने और ट्रैक करने में सक्षम है। डब्लूएलआर को दुश्मन की हथियार प्रणालियों के बारे में जानकारी लेने के साथ ही

लेफ्टिनेंट जनरल जेबी चौधरी ने राडार को दिखायी हरी झंडी

युद्ध में छोटे प्रोजेक्टाइल का पता लगाने और ट्रैक करने में सक्षम है स्वाति माउंटेन रडार

इलेक्ट्रॉनिक युद्ध उपायों के प्रतिरोध को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है।

स्वाति राडार के दो संस्करण स्वाति मैदान (डब्ल्यूएलआर) और स्वाति पर्वत (डब्ल्यूएलआर-एम) हैं। मैदानी संस्करण को मुख्य रूप से शत्रु बंदूकों, मोर्टारों और रॉकेटों का पता लगाने के लिए डिजाइन किया गया है। यह मैदानी इलाकों पर सुधारात्मक उपायों के लिए मित्रवत हथियारों से शॉट के गिरने को भी ट्रैक कर सकता है। दूसरी ओर सेना में शामिल किये गए स्वाति माउंटेन राडार अधिक कॉम्पैक्ट और मोबाइल संस्करण है, जिसे विशेष रूप से पहाड़ी और उच्च ऊंचाई वाले इलाकों में संचालन के लिए डिजाइन किया गया है।

रक्षा मंत्रालय ने 30 मार्च 2023 को भारतीय सेना के लिए उन्नत आकाश हथियार प्रणाली और 12 स्वाति माउंटेन राडार की खरीद के लिए 9,100 करोड़ रुपये से अधिक के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे।

पिछले साल भारतीय सेना ने छह अतिरिक्त स्वाति डब्ल्यूएलआर-एम का ऑर्डर दिया था। स्वाति प्लेन्स राडार के लिए हाल ही में दिए गए ऑर्डर को शामिल करने के साथ भारतीय सेना जल्द ही कुल 48 ऐसी प्रणालियों का संचालन करेगी।

डीए में तीन प्रतिशत की हो सकती है वृद्धि

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार अपने एक करोड़ से अधिक कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ता (डीए) सहमत फामूर्ले के तहत तीन प्रतिशत बढ़ाकर 45 प्रतिशत कर सकती है। इस समय डीए 42 प्रतिशत है। कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ता हर महीने श्रम ब्यूरो द्वारा जारी किए जाने वाले औद्योगिक श्रमिकों के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर तय किया जाता है। श्रम ब्यूरो, श्रम मंत्रालय की एक शाखा है। ऑल इंडिया रेलवेमेन फेडरेशन के महासचिव शिव गोपाल मिश्रा ने कहा कि जून 2023 के लिए सीपीआई-आईडब्ल्यू 31 जुलाई, 2023 को जारी किया गया था। हम महंगाई भत्ते में चार प्रतिशत बढ़ोतरी की मांग कर रहे हैं। लेकिन सरकार महंगाई भत्ते में तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी कर सकती है।उन्होंने बताया कि वित्त मंत्रालय डीए में बढ़ोतरी का प्रस्ताव तैयार करेगा और प्रस्ताव को मंजूरी के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल के समक्ष रखेगा।

अर्थव्यवस्था व समाज में बड़ा योगदान दे सकती हैं शिक्षित महिलाएं : राष्ट्रपति

एजेंसी

मद्रास विवि के 165वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं राष्ट्रपति

छह पूर्व राष्ट्रपति इस विवि के रहे हैं विद्यार्थी

राष्ट्रपति ने कहा कि यह गर्व की बात है कि छह पूर्व राष्ट्रपति इस विश्वविद्यालय के विद्यार्थी रहे हैं जिनमें एस राधाकृष्णन, वीवी गिरि, नीलम संजीव रेड्डी, आर वेंकटरमन, केआर नारायाणन और एपीजे अब्दुल कलाम शामिल हैं।

चेन्नई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को कहा कि शिक्षित महिलाएं ना केवल अर्थव्यवस्था में बड़ा योगदान दे सकती हैं, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व प्रदान कर सकती हैं और समाज पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकती हैं। मुर्मू ने यहां मद्रास विश्वविद्यालय के 165वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए इस तथ्य पर प्रसन्नता जताई कि इस समय लगभग 1.85 लाख विद्यार्थी विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध महाविद्यालयों में पढ़ रहे हैं और उनमें से 50 प्रतिशत से अधिक लड़कियां हैं। उन्होंने कहा कि मुझे यह जानकर खुशी हो रही है कि आज स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले 105 विद्यार्थियों में से 70 प्रतिशत लड़कियां हैं। उन्होंने कहा कि मद्रास विश्वविद्यालय लैंगिक समानता का एक ज्वलंत उदाहरण है। राष्ट्रपति ने कहा कि हम लड़कियों की शिक्षा में निवेश करके अपने देश की प्रगति में निवेश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षित महिलाएं अर्थव्यवस्था में अधिक योगदान दे सकती हैं, विभिन्न क्षेत्रों का नेतृत्व कर सकती हैं और समाज पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकती हैं। मुर्मू ने स्नातक की डिग्री प्राप्त करने वाले छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह क्षेत्र सभ्यता और संस्कृति का उद्गम स्थल रहा है। राष्ट्रपति ने कहा कि 1857 में स्थापित यह विश्वविद्यालय देश के सर्वाधिक पुराने विवि में से एक है।

देश के प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी और देश के पहले भारतीय गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राजगोपालाचारी, स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ीं प्रतिष्ठित महिलाएं सरोजिनी नायडू और दुगार्बाई देशमुख, नोबेल पुरस्कार विजेता सर सी वी रमन और एस चंद्रशेखर,पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एम पतंजलि शास्त्री और न्यायमूर्ति के सुब्बाराव भी कभी मद्रास विवि के छात्र थे। उन्होंने कहा कि तिरुक्कुरूल सदियों से हम सभी का मार्गदर्शन कर रहा है। उन्होंने कहा कि भक्ति काव्य की महान परंपरा तमिलनाडु से शुरू हुई और भ्रमण करने वाले संत इसे देश के उत्तरी हिस्से में लेकर गए। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के मंदिरों की वास्तुकला और उनकी मूर्तियां मानवीय उत्कृष्टता को दर्शाती हैं।

नूंह में पथराव के लिए इस्तेमाल हुए कई अवैध घर ध्वस्त

गुरुग्राम। हरियाणा के अधिकारियों ने हिंसा प्रभावित नूंह जिले में एक होटल-एवं-रेस्तरां सहित उन कई अवैध ढांचों को रविवार को ढहा दिया, जहां से पिछले सप्ताह की शुरूआत में झड़पों के दौरान एक धार्मिक यात्रा पर कथित तौर पर पथराव किया गया था।हिंसा के पिछले सप्ताह चरम पर होने के दौरान गुरुग्राम के सेक्टर-57 में एक मस्जिद को जलाने और उसके नायब इमाम की हत्या के मामले में चार युवकों की गिरफ्तारी के विरोध में तिगरा गांव में हिंदू समुदाय की एक महापंचायत भी हुई। महापंचायत में शामिल होने वाले लोगों का दावा है कि गिरफ्तार किए गए लोगों का इस मामले से कोई लेना-देना नहीं है।

रविवार को नूंह में ध्वस्तीकरण अभियान का चौथा दिन रहा। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि अवैध रूप से निर्मित 162 स्थायी और 591 अस्थायी ढांचे को ढहा दिया गया तथा 37 स्थलों पर 57.5 एकड़ भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

मणिपुर में फिर भड़की हिंसा, 15 मकान जलाये

आक्रोशित भीड़ को हटाने के लिए पुलिस ने दागे आंसू गैस के गोले

एजेंसी

इंफाल। मणिपुर के इंफाल वेस्ट जिले में शनिवार शाम को फिर से हिंसा भड़क उठी और इस दौरान 15 मकान जला दिए गए। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लांगोल गेम्स गांव में आक्रोशित भीड़ सड़कों पर उतर आई। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए सुरक्षा बलों ने आंसू गैस के गोले दागे और स्थिति को काबू में किया। अधिकारियों के मुताबिक, हिंसा के दौरान 45 वर्षीय एक व्यक्ति को गोली मारी गई, जो उसके पैर में लगी। उसे रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (आरआईएमएस) में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। अधिकारियों के अनुसार, रविवार को क्षेत्र में हालात में सुधार आए हैं, लेकिन सुबह के वक्त की पाबंदियां जारी हैं। उन्होंने बताया कि इंफाल ईस्ट जिले के चेकॉन इलाके में भी हिंसा की सूचना मिली है, जहां शनिवार को एक बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठान को आग के हवाले कर दिया गया। अधिकारियों के मुताबिक, प्रतिष्ठान के पास के तीन मकानों में भी आग लगा दी गई। दलकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। हिंसा की ये घटनाएं 27 विधानसभा क्षेत्रों की समन्वय समिति की ओर से आहूत 24 घंटे की आम हड़ताल के बीच सामने आई हैं।

केपीए ने बिरेन सरकार से समर्थन लिया वापस

इंफाल। राजग के सहयोगी दल कुकी पीपुल्स अलायंस (केपीए) ने मणिपुर में एन बिरेन सिंह सरकार से समर्थन वापस लेने की रविवार को घोषणा की। राज्यपाल अनुसुइया उइके को लिखे एक पत्र में केपीए प्रमुख तोंगमांग हाओकिप ने मणिपुर में भाजपा नीत सरकार से संबंध तोड़ने के पार्टी (केपीए के) फैसले की सूचना दी है।

पुस्तकालय के बारे में जागरूकता फैलायें : मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यहां आयोजित किए जा रहे पुस्तकालय महोत्सव की रविवार को सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के प्रयासों से लोगों में, खास तौर से युवाओं के बीच पढ़ने के महत्व के बारे में जागरूकता फैलेगी। प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा पुस्तकालय महोत्सव के उद्घाटन पर राजा राममोहन रॉय लाइब्रेरी फाउंडेशन के एक ट्वीट के जवाब में आई। मोदी ने कहा कि इस तरह के प्रयासों से युवाओं के बीच पढ़ने के महत्व के बारे में जागरूकता फैलेगी। उन्होंने कहा कि हमारे पुस्तकालयों के बुनियादी ढांचे में रचनात्मक लेखन को बढ़ावा देने के प्रयासों को महत्व दिए जाते देखकर अच्छा लगा।

कारोबारी के घर फर्जी रेड में हेड कांस्टेबल, आयकर के कर्मचारी सहित पांच गिरफ्तार

नयी दिल्ली। पश्चिमी दिल्ली के जनकपुरी इलाके में एक कारोबारी के घर पर फर्जी छापा मारने के आरोप में दिल्ली पुलिस के एक हेड कांस्टेबल और आयकर विभाग के एक कर्मचारी सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा इकाई में तैनात हेड कांस्टेबल कुलदीप सिंह, सतर्कता आयकर विभाग के पीएस के रूप में तैनात दीपक कश्यप के साथ हिमांशु, रविंदर और शंभू शर्मा को गिरफ्तार किया है। आयकर के कर्मचारी को सूचना मिली कि जनकपुरी में एक कारोबारी के घर में करीब 400 से 500 करोड़ रुपये हैं। आरोपियों का इरादा था कि वे घर में तब घुसेंगे जब परिवार का मुखिया अंदर होगा। वे दिखावा करेंगे कि छापा असली है और मामले को निपटाने के लिए वे उनसे लगभग 10 से 15 करोड़ रुपये मांगेंगे।

सात कंपनियों का मार्केट कैप एक लाख करोड़ घटा

एजेंसी

एसबीआइ को सबसे ज्यादा नुकसान

नयी दिल्ली। बाजार पूंजीकरण के लिहाज से शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में सात का संयुक्त बाजार मूल्यांकन पिछले सप्ताह 1,09,947.86 करोड़ रुपये घट गया। इस दौरान भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को सबसे अधिक नुकसान हुआ।

पिछले हफ्ते बीएसई सेंसेक्स में 438.95 अंक या 0.66 फीसदी की गिरावट हुई। शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, एसबीआई, भारती एयरटेल और बजाज फाइनेंस नुकसान में रहे, जबकि टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक और इंफोसिस के बाजार मूल्यांकन में वृद्धि हुई। एसबीआई का मूल्यांकन 38,197.34 करोड़ रुपये घटकर 5,11,603.38 करोड़ रुपये रह गया। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 17,201.84 करोड़ रुपये घटकर 6,79,293.90 करोड़ रुपये हो गया।

आईटीसी का मूल्यांकन 16,846.18 करोड़ रुपये घटकर 5,66,886.01 करोड़ रुपये और बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 14,366.34 करोड़ रुपये घटकर 4,32,932.18 करोड़ रुपये रह गया। सप्ताह के अंत में रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 11,806 करोड़ रुपये कम होकर 16,98,270.74 करोड़ रुपये और हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 9,069.42 करोड़ रुपये घटकर 5,98,299.92 करोड़ रुपये था। इस सप्ताह टीसीएस का मूल्यांकन 31,815.45 करोड़ रुपये बढ़कर 12,59,555.25 करोड़ रुपये हो गया।

इसके अलावा इंफोसिस और एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन भी बढ़ा। रिलायंस इंडस्ट्रीज देश की सबसे मूल्यवान कंपनी बनी हुई है। इसके बाद टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इंफोसिस, आईटीसी, एसबीआई और भारती एयरटेल का स्थान रहा।

वैश्विक रुख से तय होगी बाजार की चाल

मुंबई। अमेरिका की साख रेटिंग घटने से वैश्विक बाजार के नकारात्मक रुझान के दबाव में स्थानीय स्तर पर हुई बिकवाली से बीते सप्ताह आधे प्रतिशत से अधिक की गिरावट में रहे घरेलू शेयर बाजार की चाल अगले सप्ताह वैश्विक रुख और कंपनियों के तिमाही नतीजे से तय होगी। बीते सप्ताह बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 438.95 अंक अर्थात 0.67 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताहांत पर 65721.25 अंक और निफ़्टी 119.2 अंक गिरावट लेकर 19517 अंक पर आ गया। वहीं, समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत छोटी कंपनियों में लिवाली हुई वहीं मझौली कंपनियों के शेयरों के भाव सपाट रहे।

मां बनीं इलियाना डिक्रूज, शेयर की बेटे की तस्वीर

मुंबई। बॉलीवुड की पॉपुलर एक्ट्रेस इलियाना डिक्रूज मां बन गई हैं। इलियाना ने हाल ही में एक प्यारे से बेटे को जन्म दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर अपने फैंस के साथ खुशखबरी शेयर की है। उन्होंने बच्चे की झलक भी दिखाई है। उन्होंने उसके नाम का भी खुलासा किया है। इलियाना ने शनिवार रात 5 अगस्त को इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया। इसमें उन्होंने बच्चे की फोटो शेयर की और उसकी झलक फैंस को दिखाई। शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता कि हम अपने प्यारे बेटे का इस दुनिया में स्वागत करते हुए कितने खुश हैं। उन्होंने इस फोटो को कैप्शन दिया कि मेरा दिल खुशी से भर गया है। इलियाना ने अपने बच्चे का नाम 'कोआ फीनिक्स डोलन रखा है। उन्होंने 01 अगस्त को एक बच्चे को जन्म दिया।

गांव में अपना क्वॉलिटी टाइम बिता रहे हैं धर्मेंद्र

मुंबई। बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता धर्मेन्द्र इन दिनों गांव में अपना क्वॉलिटी टाइम बिता रहे हैं। एक वीडियो उन्होंने ट्विटर पर शेयर किया है।इस वीडियो में खाट पर बैठे धर्मेंद्र एकदम सिंपल लुक में नजर आ रहे हैं, वहीं उनके हाथ में एक कस्तूरी मेथी रखी हुई थाली दिख रही है। वीडियो शेयर करते हुए धर्मेंद्र ने लिखा, दोस्तों, आनंद लेने का सबसे अच्छा तरीका ए पूरी स्कून लाइफ। धर्मेन्द्र वीडियो में कहते हैं, हैलो दोस्तों... आप सोच रहे होंगे कि हमारा धर्मेंद्र कर क्या रहा है...यह सब क्या है... ये मेथी है दोस्तों तोड़कर सुखाया है इसको ,अब इसको परांठे में डालकर पराठा बनेंगे, सब्जी बनेगी और मक्खन के साथ खाएंगे। गांव वालों की जिंदगी बसर कर रहा हूं। ये है मेरी चारपाई। अच्छा लग रहा है। जानें क्यों आपसे शेयर करने को दिल करता है ये सब चीजें..।

केबीसी- 15 में स्टाइलिस्ट लुक में दिखेंगे बिग बी

रांची। 14 अगस्त से शुरू हो रहे कौन बनेगा करोड़पति- सीजन 15 के लिए देश के युवाओ में क्रेज है। कई युवाओं ने इस सीजन के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है। इस ज्ञान-आधारित रियलिटी शो में गेमप्ले में नए एलिमेंट्स को जोड़ने के साथ कुछ बदलाव देखने को मिलेंगे, वहीं प्रिया भी उभरते फैशन ट्रेंड के साथ बिग बी को स्टाइल करेंगी, जिसे यह मेगास्टार बड़े उत्साह के साथ पेश करते हैं।

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

VERMA PRESS

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

Class - X		Class - IX	
• Hindi	₹ 140	• Hindi	₹ 140
• English	₹ 140	• English	₹ 140
• Mathematics	₹ 140	• Mathematics	₹ 140
• Science	₹ 140	• Science	₹ 140
• Social Science	₹ 140	• Social Science	₹ 140
• Sanskrit	₹ 120	• Sanskrit	₹ 120
• Hindi – B	₹ 140	• Hindi – B	₹ 80
• Hindi Vyakaran– II	₹ 120	• Hindi Vyakaran– II	₹ 120
• English Grammar– II	₹ 120	• English Grammar– II	₹ 120
• Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100	• Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100
• Hindi Practical	₹ 55	• Hindi Practical	₹ 55
• English Practical	₹ 55	• English Practical	₹ 55
• Maths. Practical	₹ 65	• Maths. Practical	₹ 55
• Science Practical	₹ 65	• Science Practical	₹ 70
• S. Science Practical	₹ 65	• S. Science Practical	₹ 65
• Sanskrit Practical	₹ 55	• Sanskrit Practical	₹ 55
• Maths. Practical (Combined)	₹ 90	• Maths. Practical (Combined)	₹ 75
• Science Practical (Combined)	₹ 90	• Science Practical (Combined)	₹ 75
English Medium		English Medium	
• Mathematics	₹ 200	• Mathematics	₹ 130
• Science	₹ 200	• Science	₹ 200
• Social Science	₹ 200	• Social Science	₹ 130
• Maths. Practical	₹ 80	• Maths. Practical	₹ 80
• Science Practical	₹ 80	• Science Practical	₹ 80
• S. Science Practical	₹ 80	• S. Science Practical	₹ 80

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !